आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 326 | उज्जैन, मंगलवार 09 दिसम्बर, 2025 | पौष कृष्ण 3 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

### मांगों को लेकर एमपीआरडीसी कार्यालय के बाहर की नारेबाजी, एक बुजुर्ग किसान ने प्रबंधक के पांव पकड़े

# उज्जैन-जावरा एक्सिस कंट्रोल रोड का विरोध करने पहुंचे किसान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

करीब 2500 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले उज्जैन-जावरा एक्सिस कंट्रोल रोड के विरोध में किसानों ने सोमवार को एमपीआरडीसी कार्यालय का घेराव कर दिया। किसानों ने प्रदर्शन करते हुए अपनी मांग रखी और नारेबाजी की। इस दौरान एक बुजुर्ग किसान अपनी मांग को लेकर एमपीआरडीसी के अधिकारी के पांव पकड़ लिए। किसानों की मांग है की उन्हें उचित मुआवजा देकर सड़क की ऊंचाई कम की जाए।

मांगरोल से जावरा तक बनने वाले फोरलेन को लेकर किसान लगातार विरोध कर रहे हैं। सोमवार को करीब 50 से अधिक किसान शहर के फ्रीगंज स्थित एमपीआरडीसी के कार्यालय पहुंचे। यहां किसानों ने नारेबाजी करते हुए बाजार रेट से मुआवजा देने और सड़क की ऊंचाई कम करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। किसानों ने बताया कि 10 बीघा जमीन रोड में जा रही है। रोड की वजह से खेत भी दो भागों में बंट रहा है। मोहनपुरा के किसानों ने बताया कि एक बीघा जमीन का मुआवजा करीब 16 लाख रुपए मिल रहा है जबकि बाजार भाव करीब एक करोड़ से अधिक है। प्रदर्शन के दौरान एक बुजुर्ग किसान अपनी मांगों को लेकर एमपीआरडीसी के अधिकारी के पैर में गिरकर गिड़गिड़ाने लगा।



### ऐसा बनेगा रोड

जावरा उज्जैन ग्रीन एक्सिस रोड करीब 2500 करोड़ रुपए से बनाया जा रहा है। जिसमें करीब 62 गांवों किसानों की 4 हजार बीघा जमीन अधिग्रहण की जा रही है। जल्द ही रोड काम शुरू हो जाएगा। रूस की कंपनी को टेंडर दिया गया है। कंपनी दो साल में रोड बनाकर सरकार को सौंपेगी। एमपीआरडीसी के संभागीय प्रबंधक विजय सिंह ने बताया- किसानों की मांग को लेकर अधिकारियों से बात की उसका समाधान वहीं से होगा।

- **7 इंटरचेंज, 5 फ्लाईओवर और 2 रेलवे ओवरब्रिज बनेंगे-** इस हाईवे पर 7 बड़े पुल, 26 छोटे पुल, 270 पुलिया, 5 फ्लाईओवर और 2 रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण होगा। उज्जैन की महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। उज्जैन और जावरा के बीच 7 जगह इंटरचेंज बनाए जाएंगे। इससे हाईवे पर ट्रैफिक बाधित नहीं होगा और आसपास के इलाकों को वैकल्पिक मार्ग (अंडरपास) से जोड़ा जाएगा।
- **दिल्ली-मुंबई 8-लेन एक्सप्रेसवे से मिलेगी कनेक्टिविटी-** दिल्ली-मुंबई 8-लेन एक्सप्रेसवे का 245 किमी हिस्सा मध्यप्रदेश के मंदसौर, रतलाम और झाबुआ जिलों से गुजरेगा। इन जिलों को एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 7 जगह इंटरचेंज दिए जाएंगे। मंदसौर के गरोठ और रतलाम के जावरा में लॉजिस्टिक्स हब बनेगा, जिससे औद्योगिक और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## देश विदेश

### गोवा क्लब अग्निकांड-अब तक पांच लोग गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा के नाइट क्लब में रविवार रात आग लगने से हुई 25 लोगों की मौत के बाद पुलिस ने क्लब चेन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गोवा पुलिस ने क्लब के मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। आरोप है कि बिना जरूरी दस्तावेजों और लाइसेंस के क्लब चलाया जा रहा था। इधर, सोमवार को मामले में पांचवी गिरफ्तारी की गई। दिल्ली से क्लब के ऑपरेशन मैनेजर भरत सिंह को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले पुलिस ने क्लब के चीफ जनरल मैनेजर राजीव मोडक, जनरल मैनेजर विवेक सिंह, बार मैनेजर राजीव सिंघानिया और गेट मैनेजर रियांशु ठाकुर को गिरफ्तार किया था। वहीं, इंस्टाग्राम पर चेन के मालिक सौरभ लूथरा ने हादसे पर दुःख जताया और कहा कि पीड़ितों की हर मदद के लिए तैयार हैं।

### कफ सिरप मामले में योगी सरकार ने एसआईटी बनाई

**जौनपुर।** कफ सिरप मामले में प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, एफएसडीए सचिव रोशन जैकब और डीजीपी राजीव कृष्ण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। रोशन जैकब ने कहा- कोडीन कफ सिरप मामले में सरकार ने एसआईटी का गठन किया है। अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा- कोडीन कफ सिरप का इस्तेमाल बीमारी के लिए नहीं, बल्कि नशे के लिए कराया जा रहा है। वहीं जौनपुर में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि कफ सिरप मामले में जो दोषी होगा सब नपेंगे, चाहे नेता हो या कोई भी। रोशन जैकब ने कहा- सोशल मीडिया पर तथ्यहीन बातें चल रही हैं। जिला पुलिस ने भी एक्शन लिया। 20 दिन पहले सोनभद्र में एक ट्रक कफ सिरप पकड़ा गया था। इसी एविडेंस के साथ रांची में एक ट्रक कफ सिरप की रिकवरी हुई।

### बिग बॉस 19 के विनर बने गौरव खन्ना



**मिला 50 लाख रुपए का कैश प्राइज, फिनाले में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान**

**मुंबई।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 के ग्रैंड फिनाले को जीतकर इस सीजन के विजेता गौरव खन्ना बने हैं, जबकि फरहाना भट्ट रनर-अप रहीं। वहीं, अमाल मलिक पांचवें, तान्या मित्तल चौथे और प्रणीत मोरे तीसरे स्थान पर रहे। ग्रैंड फिनाले रविवार को मुंबई में हुआ। विनर गौरव खन्ना की बात करें तो वे एक फेमस टीवी एक्टर हैं, जो सीआईडी और अनुपमा जैसे टीवी शो में नजर आ चुके हैं। शो जीतने पर गौरव को बिग बॉस की ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपए का कैश प्राइज मिला है। फिनाले की बात करें तो इसमें कार्तिक आर्यन, अनन्या पांडे, अरमान मलिक और करण कुंद्रा जैसे कई सितारे पहुंचे। भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह भी फिनाले में शामिल हुए। शो में उन्हें लॉरेंस गैंग की ओर से शामिल न होने की धमकी आई थी, इसके बावजूद वे शो में पहुंचे। वहीं, शो के दौरान सलमान धर्मेंद्र को याद करते हुए भावुक हो गए। बिग बॉस का यह सीजन 24 अगस्त से शुरू हुआ था। इस सीजन में कुल 18 कंटेस्टेंट आए थे। बिग बॉस 19 के फिनाले के दौरान सलमान धर्मेंद्र को याद करते हुए भावुक हो गए। शो में धर्मेंद्र के पुराने वीडियो दिखाए गए, जिन्हें देखकर उनकी आंखों से आंसू निकल आए। सलमान ने बताया कि धर्मेंद्र का निधन उनके पिता सलीम खान के जन्मदिन पर हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि 8 दिसंबर, जो धर्मेंद्र का जन्मदिन होता है, उसी दिन उनकी मां सलमा का भी जन्मदिन होता है। भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह धमकी के बावजूद बिग बॉस 19 के ग्रैंड फिनाले में शामिल हुए। फिनाले से पहले पवन सिंह को लॉरेंस गैंग की ओर से धमकी भरा कॉल आया था। कॉल करने वाले शख्स ने उन्हें चेतावनी दी थी कि अगर वे सलमान के साथ बिग बॉस के मंच पर नजर आए, तो उन्हें इंडस्ट्री में काम नहीं करने दिया जाएगा।

### दिल्ली आ रहे सिंगापुर एयरलाइन के जहाज में आई बड़ी खराबी

**नई दिल्ली।** सिंगापुर से दिल्ली आने वाली फ्लाईट में एसक्यू 402 में सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट पर अचानक बड़ी खराबी आ गई। विमान में 300 से ज्यादा यात्रा सवार थे और सभी ने दिल्ली पहुंचना था। फ्लाईट रात 2.20 मिनट पर टेकऑफ होनी थी और सभी यात्री बैठ भी गए थे। रनवे पर विमान दौड़ने लगा और तभी उसमें कोई बड़ी खराबी आ गई, जिसके चलते यात्रियों को विमान से उतारकर वापस एयरपोर्ट पर छोड़ दिया गया। उसके तीन घंटे बाद नया विमान आया, जिसमें सवार होकर सभी यात्री दिल्ली पहुंचे। ये विमान भारतीय समय के अनुसार सोमवार सुबह 8.30 बजे पहुंचा। हालांकि पहली फ्लाईट में खराबी क्या आई, इस बारे में अभी जानकारी नहीं दी गई है।

### बांग्लादेश में हिंदू पति-पत्नी की हत्या, गला रेता

**ढाका।** बांग्लादेश के रंगपुर जिले में 1971 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 75 वर्षीय योगेश चंद्र राय और उनकी पत्नी सुवर्णा राय की घर में गले रेतकर हत्या कर दी गई। दोनों के शव रविवार सुबह उनके घर से बरामद हुए। अभी तक न कोई एफआईआर दर्ज हुई है और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है। रविवार सुबह करीब 7.30 बजे पड़ोसियों और घरेलू सहायिका ने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वे सीढ़ी लगाकर घर के अंदर पहुंचे। अंदर सुवर्णा राय का शव रसोई में और योगेश राय का शव डाइनिंग रूम में पड़ा मिला। दोनों के गले कटे हुए थे। पुलिस का कहना है कि हमला देर रात करीब 1 बजे हुआ। दंपती गांव के घर में अकेले रहते थे। उनके दो बेटे शोवेन चंद्र राय और राजेश खन्ना चंद्र राय बांग्लादेश पुलिस में नौकरी करते हैं।

### दिल्ली, श्रीनगर, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद एयरपोर्ट से

# 500 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल

## राज्यसभा में सिविल एविएशन मंत्री बोले- सख्त एक्शन लेंगे, इंडिगो का 100 प्रतिशत नेटवर्क रीस्टोर का दावा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एक दिन पहले भी एयरलाइन ने 650 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी थीं। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा- हालात रोज बेहतर हो रहे हैं। 10 दिसंबर तक ऑपरेशन नॉर्मल होने की उम्मीद है। वहीं इंडिगो ने दावा किया कि उसने पूरा नेटवर्क रीस्टोर कर लिया है।

वहीं, राज्यसभा में सिविल एविएशन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो संकट उसके क्रू रोस्टरिंग और इंटरनल प्लानिंग सिस्टम में समस्याओं के कारण हुआ। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतें हुईं। हम इसे हल्के में नहीं लेंगे, जांच जारी है। हम ऐसा एक्शन लेंगे जो दूसरों के लिए मिसाल बने। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें इंडिगो की फ्लाइट के अंदर कबूतर उड़ता दिखाई दे रहा है। ये फ्लाइट बेंगलुरु से वडोदरा जा रही थी।



- **सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से इन्कार किया-** सुप्रीम कोर्ट ने इंडिगो के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत सरकार पहले ही इस मुद्दे पर एक्शन ले चुकी है। मामले की सुनवाई 10 दिसंबर को होगी।
- **डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ को 24 घंटे और दिए-** डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ और अकाउंटेबल मैनेजर को कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए 24 घंटे और दे दिए। दोनों सोमवार शाम 6 बजे तक जवाब दे सकेंगे। कंपनी प्रबंधन ने समय बढ़ाने का आग्रह किया था। इसके अलावा इंडिगो ने हालिया उड़ान संकट के दौरान अब तक 827 करोड़ के रिफंड प्रोसेस किए हैं। इसके साथ ही 4500 यात्रियों का बैगेज वापस पहुंचा दिया है।


### कंपनी का दावा- पायलट पर्याप्त बफर कम

इंडिगो ने कहा- मौजूदा संकट की वजह जानने के लिए रूट कॉज एनालिसिस होगा। एक अधिकारी ने बताया, नई एफडीटीएल व्यवस्था लागू होने के चलते क्रू प्लानिंग में बफर की कमी संकट का प्रमुख कारण रही। हमारे पास पायलटों की कमी नहीं। बस दूसरी एयरलाइन जितना बफर स्टाफ नहीं था। संसद की परिवहन, पर्यटन और संस्कृति मामलों की समिति भी इंडिगो और डीजीसीए के अधिकारियों को तलब कर सकती है। एयरलाइन ने एक बयान जारी कर ये भी बताया कि कंपनी ने 4 दिसंबर को ही क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप बनाया था जो रोज समस्या को हल करने के लिए मीटिंग्स कर रहा है।

### ब्राह्मण बेटियों वाले विवाद में कूदी सांसद की एक्स गर्लफ्रेंड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर की डॉ. रोहिणी घावरी ने एक बार फिर अपने पूर्व प्रेमी और यूपी से सांसद चंद्रशेखर आजाद पर हमला बोला है। डॉ. रोहिणी ने आरोप लगाया कि चंद्रशेखर दलित और ब्राह्मण बेटियों के सम्मान पर भड़काऊ बातें कर समाज को गुमराह कर रहे हैं।



रोहिणी ने कहा कि मेरे साथ सार्वजनिक अपमान हुआ और अब भी सांसद जिम्मेदारी से बच रहे हैं। यह प्रतिक्रिया दतिया में 5 दिसंबर को सांसद द्वारा दिए गए बयान के बाद सामने आई है। डॉ. रोहिणी ने अपनी पोस्ट में लिखा- मैं वाल्मीकियों की बेटी हूं। मेरे सम्मान के साथ खेलकर छोड़ने वाला जाटवों का नेता है। जब तुम दलित बेटियों का सम्मान नहीं कर सकते, तो ब्राह्मणों की बेटियों से शादी करके उनका क्या सम्मान करोगे।

# कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े किए : पीएम मोदी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर चर्चा की शुरूआत की। उन्होंने एक घंटे की स्पीच में कहा 'वंदे मातरम् अंग्रेजों को करारा जवाब था, ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा। आजादी के समय महात्मा गांधी को भी यह पसंद था। उन्हें यह गीत नेशनल एंथम के रूप में दिखता था।

पीएम ने कहा, उनके लिए इस गीत की ताकत बड़ी थी। फिर पिछले दशकों में इसके साथ इतना अन्याय क्यों हुआ। वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात क्यों हुआ। वो कौन सी ताकत थी, जिसकी इच्छा पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ी। पीएम मोदी ने एक घंटे की स्पीच में वंदे मातरम् 121 बार, देश 50, भारत 35, अंग्रेज 34, बंगाल 17, कांग्रेस का 13 बार जिक्र किया। उन्होंने वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी का नाम 10 बार, नेहरू 7 बार, महात्मा गांधी 6 बार, मुस्लिम लीग 5 बार, जिन्ना 3 बार,संविधान 3 बार, मुसलमान 2 बार, तुष्टिकरण 3 बार कहा।

### प्रियंका का सवाल- वंदे मातरम् पर आज बहस क्यों



जारी चर्चा में प्रियंका गांधी ने सवाल पूछा कि ये गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा है। 75 सालों से लोगों के दिल में बसा है। फिर आज इस पर बहस क्यों हो रही है? मैं बताती हूं- क्योंकि बंगाल का चुनाव आ रहा। मोदी जी उसमें अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। मैं कहूं- मोदी जी अब वह पीएम नहीं रहे जो पहले थे। जहां तक नेहरू जी की बात है। जितने साल मोदी पीएम रहे, उतने साल नेहरू जेल में रहे थे। इससे पहले चर्चा की शुरूआत में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े किए। जवाहरलाल नेहरू जिन्ना के सामने झुके थे। वंदे मातरम् आजादी के समय से प्रेरणा का स्त्रोत था तो फिर उसके साथ पिछले दशक में अन्याय क्यों हुआ।

### प्रदेश के मिशनरी स्कूलों में इस बार लंबी छुट्टी नहीं मिलेगी

# क्रिसमस पर दो दिन का अवकाश रहेगा

## 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश मिलेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल




मध्य प्रदेश के मिशनरी स्कूलों में बच्चों को क्रिसमस पर इस बार लंबी छुट्टी नहीं मिलेगी। क्रिसमस पर केवल दो दिन का अवकाश रहेगा। इसके बाद 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश मिलेगा। शेड्यूल कई स्कूलों ने जारी कर दिया है। गौरतलब है राजधानी में 150 सीबीएसई स्कूल है। इनमें मिशनरी की संख्या ज्यादा है।

बीते साल तक सीबीएसई स्कूल क्रिसमस से ही शीतकालीन अवकाश शुरू कर देते थे। जो 23 दिसंबर से होकर 1 या 2 जनवरी तक चलता था। इस बार अवकाश के नियमों में सख्ती हुई है। वहीं राज्य के नियमों का सीबीएसई को पालन करने के लिए कहा गया है। इसका असर छुट्टियों पर हुआ है। सरकारी स्कूलों में स्कूल शिक्षा विभाग के शेड्यूल के मुताबिक एक दिन का क्रिसमस अवकाश है। 25 दिसंबर को छुट्टी होगी। इसके बाद कक्षाएं लगेंगी। बाद में 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक छुट्टी होगी। स्कूल पांच जनवरी को खुलेंगे।

# भाजयुमो नगर अध्यक्ष की बारात में हर्ष फायरिंग

## इंदौर में मेयर समेत कई बड़े नेता थे मौजूद पुलिस ने कहा- जांच के बाद कार्रवाई करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष की बारात में हर्ष फायर किए गए। इसका वीडियो सामने आया है। हालांकि, बारात में शामिल बीजेपी पदाधिकारियों ने घटना की जानकारी न होने की बात कही है। वहीं, पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

भाजयुमो के नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा की बारात 5 दिसंबर को तेजाजी नगर इलाके से गोल्डन ब्लॉसम रिसॉर्ट तक गई थी। इसमें कई पार्टी नेता शामिल हुए थे। बारात में शराब माफिया, महू के एक गैंगस्टर के बेटे सहित कई स्थानीय लोग भी मौजूद थे।



बारात के दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। इसी दौरान शराब माफिया और बीजेपी से जुड़े एक नेता ने बंदूक और पिस्तौल से हर्ष फायर किए।

बारात में इंदौर के मेयर पुष्यमित्र भार्गव, राऊ विधायक के प्रतिनिधि, स्थानीय पार्षद भी शामिल हुए थे। मेयर का नाचते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। मामले पर क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने कहा- वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। जो भी वैधानिक कार्रवाई होगी, वह की जाएगी।

### सुबह स्कूल के लिए निकली तीनों सहेलियों स्कूल नहीं पहुंची

# दमोह से लापता तीन छात्राएं सागर में मिली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ दमोह

मध्यप्रदेश के दमोह में गायब तीन छात्राओं को पुलिस ने आखिरकार खोज निकाला, स्कूली छात्राएं तीनों आपस में सहेलियां हैं। इनके गायब होने की सूचना मिलते ही पुलिस मुस्तैद हो गई और इन्हें तलाशने में जुट गई। ये तीनों लड़कियां सागर में मिली हैं।

दरअसल शनिवार को स्कूल गई तीन छात्राओं के लापता होने पर पुलिस ने उन्हें 24 घंटे के भीतर ढूंढ निकाला और इस खबर ने सबको राहत दी है। दरअसल शनिवार को शहर के सरदार पटेल स्कूल में पढ़ने वाली तीन नाबालिग छात्राएं लापता हो गई थी, सुबह स्कूल के लिए निकली तीनों सहेलियों स्कूल नहीं पहुंची तो इनमें से एक के घर स्कूल टीचर ने खबर की थी और पता चला था कि एक नहीं बल्कि तीन बच्चियां गायब हैं, परिजन तलाशते रहे और शाम को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।




दमोह पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और पूरी रात सर्च आपरेशन चलाया और रविवार को दिन भर अलग-अलग टीम इन लड़कियों की तलाश में जुटी थी रविवार की देर शाम तीनों को सागर के मकरोनिया इलाके से बरामद किया गया है।

### क्लास से बंक करने के बाद डर गई थी तीनों

एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने बताया कि तीनों एक ही क्लास में पढ़ने वाली स्टूडेंट्स है और आपस में दोस्त हैं। शनिवार को तीनों ने स्कूल बंक किया था, तीनों दिन भर शहर में घूमती रही और फिर डर गई कि यदि घर जायेगी तो परिवार के लोग नाराज होंगे। जिसके बाद तीनों लड़कियां सागर चली गई और पूरी रात और आज दिन भर वहीं घूमती रहीं। इस बीच दमोह पुलिस को सीसीटीवी कैमरों से कुछ इनपुट मिला जिसके बाद पुलिस ने उस इनपुट पर काम किया और सागर के मकरोनिया इलाके से तीनों को बरामद किया गया है।

# बाबरी जैसी मस्जिद के लिए 11 पेटी चंदा मिला, नोट गिनने की मशीन मंगाई

## 93 लाख ऑनलाइन मिले, बंगाल के मुर्शिदाबाद में रखी थी नींव

एजेंसी ▸▸ मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने 6 दिसंबर को बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखी। बाबरी विध्वंस की 33वीं बरसी पर इस मस्जिद की आधारशिला रखी गई। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की।

अब इस मस्जिद के लिए जुटाए चंदे का एक वीडियो सामने आया है। हुमायूं कबीर ने फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कुछ लोग नोट गिनते नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि शिलान्यास समारोह में 11 पेटी चंदा इकट्ठा हुआ, जिसे गिनने के लिए 30 लोग और नोट गिनने की मशीन लगानी पड़ी। बंगाल में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने रविवार को घोषणा की कि वह फरवरी में 1 लाख लोगों से कुरान का पाठ करवाएंगे। इसके बाद ही बाबरी मस्जिद का निर्माण शुरू होगा। हुमायूं ने कहा कि वे जल्द ही एक नई पार्टी बनाएंगे जो मुसलमानों के लिए काम करेगी। वे 135 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा वे ओवैसी की पार्टी के संपर्क में हैं और उनसे अलायंस कर सकते हैं।



## सोमवार का महाकाल श्रृंगार



### हादसों का कारण सफेद लाईट भी

सडक दुर्घटनाओं को लेकर बराबर ब्लेक पाइंट एवं ब्लेक स्पाट पर सुधार के काम बराबर हो रहे हैं। इससे कई सारे स्थानों पर हालात बदले हैं। सडकों पर ब्लेक पाइंट ही हादसों का कारण नहीं हैं अन्य भी कई कारण हैं जिनमें से रात्रि के समय सफेद लाईट भी खतरनाक कारणों में से एक हैं। कारों की सफेद LED लाइट से आंखें जवाब देने लगी है। दुधिया चकाचौंध वाली इस रौशनी को लेकर




चिकित्सक भी इससे बचने की सलाह देते हैं। निरंतर रूप से इन लाईटों को देखने से भी आंखों पर प्रभाव पडने की बात चिकित्सक कहते हैं। वाहनों में लगाई जा रही सफेद और ब्लू टोन की हाई-इंटेंसिटी छएऊइंजीनियरिंग के हिसाब से ये लाइटें सड़क को बेहतर रोशन तो करती है लेकिन सामने से आने वाले वाहन चालक के लिए यह गंभीर खतरा पैदा कर रही। चिकित्सकों के अनुसार ये रोशनी कुछ सेकेंड्स के लिए विजिबिलिटी खत्म कर देती है जिससे हादसों की आशंका बढ रही है। यही नहीं एक्सप्रेस वे जैसे मार्गों पर दो पहिया वाहन चालक भी वाहन चलाते देखे जा सकते हैं ऐसे में एक्सप्रेस वे प्रबंधन को इसके लिए सख्त कदम उठाने चाहिए। खुसूर झफुसूर है कि पूर्व में वाहनों की हेड लाईट परिवहन नियमों के अनुसार आधी पूति हुई रहती थी । काले कलर से हेड लाईट को पोत देने से रोशनी सीधे सामने वाले वाहन चालक के मुंह एवं आंखों को प्रभावित नहीं करती थी। हाईवे पर इससे बहुत लाभ होता था। इस नियम का पालन अब बंद हो गया है। वाहनों में हेड लाईट अपर में ही जलाई जाती है डीपर का उपयोग शहर में भी नहीं किया जाता है। मार्गों के अच्छे हो जाने के बाद दुर्घटनाओं के बढने के कारणों में से एक दुधिया रोशनी भी है।

### लोगों को आस अब निपटेंगे तेजी से काज

# एसआईआर निपटा, अब सिस्टम के ट्रेक पर आने की तैयारी..!

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पिछले एक माह से जिले के विभागों में कहीं न कहीं आम आदमी के काम अटक रहे थे। विभागों के कर्मचारी जिले में चल रहे एसआईआर सर्वे में लगे थे और सरकारी तंत्र की रफ्तार धीमी हो गई थी। जिले में एसआईआर का काम बेहतर रूप से निपटा है । अब सिस्टम के ट्रेक पर आने की तैयारी हो गई है। एक बार फिर से लोगों को आस है कि अब उनके काज तेजी से निपटेंगे।

एसआईआर को लेकर जिले में कई अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक सर्वे में जुटे रहे हैं। 4 दिसंबर तक चलने वाले सर्वे को अंतिम दौर में 7 दिनों के लिए बढा दिया गया। पिछले एक माह में कई दफ्तर में लिपिक की सीट खाली ही मिली है। इस दौरान बीएलओ दिन में मतदाताओं से फार्म इकट्ठा करने के लिए करने घर-घर दस्तक दे रहे हैं। रात में फार्म एप में अपलोड करने में जुटे रहे। उन्हें 11 दिसंबर तक हर हाल में काम पूरा करना है। विभागीय प्रमुख को मानिटरिंग की जिम्मेदारी मिली रही। इस दौरान जिले में कई महत्वपूर्ण आयोजनों में भी कर्मचारियों ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया है।



### रात में फार्म अपलोड की कार्रवाई

भारत निर्वाचन आयोग के एसआईआर के गंभीर काम को जिले में पूरी गंभीरता से अंजाम दिया गया है। तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर हर दो से तीन घंटे में अपडेट ले रहे हैं। बीएलओ और इतने ही सहायक के अलावा सुपरवाइजर व मॉनिटरिंग अधिकारी एसआईआर में जुटे रहे। लापरवाही बरतने वाले बीएलओ पर कार्रवाई हो चुकी है। अधिकारियों को नोटिस जारी हो चुके हैं। बीएलओ को कार्रवाई का भय बना बना हुआ है। इसी वजह से दिन में मतदाताओं के घरों से फॉर्म भरकर वापस ले रहे हैं। रात में एप में जानकारी अपलोड कर रहे हैं।

### आमजन सामान्य काम के चक्कर लगा रहे

नगर निगम के करीब पचास प्रतिशत कर्मचारियों की ड्यूटी एसआईआर में लगी है। इसके कारण खाद्यान पर्ची, मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। नगर निगम की मूलभूत सुविधाओं के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहता है।निगम के करों की वसूली भी प्रभावित हो रही है। इसी तरह अन्य कार्य भी प्रभावित रहे हैं। इसी तरह शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के काम भी प्रभावित हो रहे हैं।

### बीएलओ की समस्या कायम, फॉर्म वापस नहीं

बीएलओ की अपनी परेशानियां सामने आ रही हैं। शहर और गांवों में सर्वे कर रहे बीएलओ को कई परिवार फॉर्म लेने के बाद वापस जमा नहीं कर रहे। परिवार की बहुओं की जानकारी जुटाने में दिक्कत है। उनके पिता का ईपीक नंबर ढुंढना टेढी खीर है। तलाकशुदा दंपतियों की जानकारी अपडेट करना भी चुनौती है। कई लोग बीएलओ को जानकारी ही नहीं दे रहे। लोग अधूरी जानकारी दे रहे हैं। फॉर्म भी वापस नहीं दे रहे हैं। अंतिम दौर में दो-दो, तीन-तीन चक्कर काटने पर भी बीएलओ को जानकारी एवं फार्म मिलना दुश्कर हो गया है।

### सरकार एवं संगठन के 2 माह के गहन मंथन से निकला सार

# एल्डरमैन, जनभागीदारी समितियों में नियुक्तियां शीघ्र

### क्षेत्रीय स्तर पर नेताओं और संगठन में समन्वय बैठाया जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/ भोपाल

मप्र के स्थानीय निकायों और शिक्षण संस्थानों में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने वाली है। सरकार और संगठन के बीच दो माह के गहन मंथन के बाद इसको लेकर स्थिति तय हुई है। अब नियुक्तियों की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। क्षेत्रीय स्तर पर नेताओं और संगठन में समन्वय बैठाया जाएगा। इसके बाद एल्डरमेन,जनभागीदारी समितियों में नियुक्तियां शीघ्र ही की जाना है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक जनभागीदारी समितियों और एल्डरमैन की नियुक्ति विधायकों की पसंद को ध्यान रखकर की जानी है। इसके चलते विधायकों से नाम भी मांगे जा रहे हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछले दिनों हुई विधायक दल की बैठक में जनभागीदारी, रोगी कल्याण और एल्डरमेन की नियुक्तियां जल्द किए जाने की बात कही थी। संगठन और जिलों के वरिष्ठ नेताओं से समन्वय के बाद ये राजनीतिक नियुक्तियां की जाएंगी।

### पार्टी का लक्ष्य 2027

पार्टी वर्ष 2027 में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव और उसके बाद एक साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी कार्यकताओं को नई जिम्मेदारी दे रही है, जिससे कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ काम करें।

### जनभागीदारी समितियों का कार्यकाल पूरा

प्रदेश के 500 से अधिक सरकारी कॉलेजों में वर्ष



2022 में जनभागीदारी समितियों में नियुक्तियां की गई थीं। इनका कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। गत 3 नवंबर को 300 से अधिक जनभागीदारी समितियों का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। अन्य कॉलेजों की जनभागीदारी समितियों का कार्यकाल भी जल्द पूरा हो जाएगा। इसके चलते सरकार ने नई नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### अंत में निगम, मंडल, प्राधिकरण

इसके साथ ही नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में नवंबर में अधिकतर नियुक्तियां पूरी करने की प्रक्रिया भी तय हो चुकी है। इस प्रकार प्रदेशभर में सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं और संगठन से जुड़े सक्रिय नेताओं को स्थानीय शासन में भागीदारी का अवसर मिलेगा। इन नियुक्तियों के बाद निगम, मंडल और प्राधिकरणों में खाली पड़े पदों पर नियुक्तियों शुरू हो जाएंगी।

# लाखों रूपए खर्च करने के बावजूद सड़कों पर मवेशियों का विचरण

### सडकों पर घूम रहे निराश्रित पशु जी का जंजाल बन गए हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की सड़कों पर निराश्रित मवेशियों को हटाने के लिए भले ही शासन प्रशासन ने अभी तक लाखों रूपए खर्च कर दिए हो लेकिन बावजूद इसके सड़कों पर मवेशियों का विचरण देखा जा सकता है। बता दें कि जो स्थिति है ऐसे में निराश्रित पशुओं की समस्या एक बड़ी चुनौती है।

सरकार का फोकस गौ संवर्धन और संरक्षण पर है। इसके साथ ही सरकार मप्र निराश्रित पशुओं के लिए योजनाएं चला रही है। ताकि सड़कों से पशुओं को हटाया जा सके। इसके लिए सरकार ने करीब आधा दर्जन योजनाएं संचालित कर रखी है। इन योजनाओं पर अरबों रूपए खर्च किए गए हैं। लेकिन विडंबना यह है कि उसके बाद भी सड़कों पर लाखों पशु अभी भी देखे जा सकते हैं। निराश्रित पशुओं के कानों के ऊपर टैग लगाने को लेकर एक अभियान पशुपालन विभाग ने चलाया था, लेकिन इसका ग्रामीणों और पशु मालिकों ने विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद इसे रोकना पड़ा। क्योंकि, इसमें मालिक का पता चलते ही उसके खिलाफ कार्रवाई करने का प्रावधान था।

निराश्रित पशुओं की समस्या एक बड़ी चुनौती है, जिससे निपटने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जैसे स्वावलंबी गौशाला स्थापना नीति-2025 लाना और गौशालाओं को आर्थिक सहायता देना, साथ ही गो-अभयारण्य बनाने और सड़कों से पशुओं को हटाने के लिए अभियान चलाना भी शामिल है, हालांकि जमीनी स्तर पर ये योजनाएं अभी भी पूरी तरह सफल नहीं हो पाई हैं और सड़क दुर्घटनाएं व फसल नुकसान जारी हैं। पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन



जिले में भी सड़कों पर घूम रहे निराश्रित पशु जी का जंजाल बन गए हैं। नेशनल हाईवे और अन्य सड़कों से पशुओं को हटाने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें पशुपालन विभाग, नगर निगम और ग्राम पंचायतें शामिल हैं। सडकों पर बड़ी संख्या में निराश्रित पशु घूम रहे हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं और फसल भी खराब हो रही हैं।

गौरतलब है कि सड़कों पर होने वाले हादसों को रोकने के लिए राज्य सरकार ने निराश्रित पशुओं के लिए करीब आधा दर्जन योजनाएं शुरू करने का प्लान बनाया, लेकिन जमीनी स्तर पर एक भी योजना नहीं पहुंची। हाल यह है कि उज्जैन सहित प्रदेश में 2937 गोशालाएं संचालित हो रही हैं और इन्हें दस महीने में करीब 270 करोड़ रुपए दिए भी गए, लेकिन निराश्रित पशुओं की संख्या कम नहीं हुई। इन गौशालाओं में अभी करीब 4.22 लाख गोवंश रह रहा है। विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार अभी इतनी ही संख्या में यहां पशु रह सकते हैं, लेकिन सड़कों पर मौजूद पशुओं की संख्या कम नहीं हो रही है।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर अधिकारियों को बेज लगाए



**उज्जैन।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप केप्टन श्री विष्णु दत्त शर्मा ने जानकारी दी कि प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को सेना के शौर्य, वीरता एवं सम्मान में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भी जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में इसका आयोजन किया गया।

इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा संभागायुक्त श्री आशीष सिंह, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा और सहायक जनसंपर्क अधिकारी श्री कपिल मिश्रा को झण्डा दिवस के बैज लगाए गए। ज्ञात हो कि सशस्त्र सेना झण्डा निधि का उपयोग भूतपूर्व सैनिकों, वीरनारियों एवं उनके परिवारों के लिये चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं में किया जाता है ।

# हनुमान अष्टमी 12 दिसम्बर को

### शहर में चल रही विशेष तैयारियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी जिसे धार्मिक नगरी के नाम से जाना जाता है. यहा कई ऐसे रहस्य छुपे हुए है जो समय-समय पर लोगों के बीच पहुंचते है. 12 दिसम्बर को ऐसा ही पर्व आ रहा है. जो कि हनुमान अष्टमी के नाम से जाना जाएगा. इसके लिए महाकाल की नगरी उज्जैन में हनुमान मंदिर मे कई विशेष तैयारी चल रही है.

पंडित आनंद भारद्वाज के अनुसार पौष मास में कृष्ण पक्ष की अष्टमी को हनुमान अष्टमी के रूप में मनाया जाता है. महाकाल की नगरी में रूद्र स्वरूप में हनुमानजी विराजमान हैं. खरमास के साथ यह महीना धनु संक्रांति का भी है. साथ ही सूर्य की साधना भी इस महीने में करने का महत्व है. इसी महीने में संयोग से हनुमान अष्टमी भी आती है. यहां पर 108 हनुमान यात्रा का विधान है, जो शक्ति का अंश मानकर की जाती है. इससे मानसिक, शारीरिक कष्ट दूर होते हैं. इस माह में ऋतु परिवर्तन का विधान बताया जाता है. इसमें सूर्य और हनुमानजी की आराधना करने से लाभ मिलता है. अवंतिका में हनुमानजी की चैतन्य मूर्तियों के अनेक स्थान हैं

### महाकाल की नगरी में ही क्यों मनाया जाता है यह पर्व

पौराणिक मान्यता है कि त्रेतायुग में लंका युद्ध के बाद अहिरावण का वध कर हनुमान जी ने भगवान राम और लक्ष्मण को मुक्त कराया था. इसके बाद, भगवान राम के राज्याभिषेक के लिए सभी तीर्थों से पवित्र जल लाने के दौरान हनुमान जी उज्जैन भी आए थे. कोटि तीर्थ के जल से भरा हुआ उनका घड़ा उठाने में जब उन्हें कठिनाई हुई, तो उन्होंने अपने साथ लाए सभी तीर्थों का जल वहां समर्पित कर दिया, जिससे यह कुंड कोटि तीर्थ कुंड कहलाया. इस घटना की स्मृति में, उज्जैन में हनुमान अष्टमी का विशेष पर्व मनाया जाता है.

# छात्रावास में कुछ लडकियां प्रभावित कुछ नहीं, रहस्य बना घटनाक्रम

### महिदपुर कन्या छात्रावास की 5 छात्राओं को किया उज्जैन रैफर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रविवार रात को अचानक से आंखो में जलन,सांस लेने में तकलीफ,उल्टी के उबके आने जैसी शिकायत होने पर कस्तूरबा कन्या छात्रावास की 15 छात्राओं को महिदपुर अस्पताल में भर्तीकिया गया था। सोमवार पूर्वान्ह में इनमें से 5 छात्राओं को उज्जैन रैफर किया गया है। एसडीएम अजय हिंगे के अनुसार छात्राओं को ऐसा क्यों हुआ इसके कारण अभी सामने नहीं आया है। प्रारंभिक रूप से छात्राओं को उपचार दिलाना प्राथमिकता थी,अब इसके कारणों की जांच की जा रही है।

उज्जैन जिले के महिदपुर अनुभाग मुख्यालय के दशहरा मैदान क्षेत्र में स्थित कस्तूरबा गांधी छात्रावास की 15 छात्राओं को रविवार रात को आंखों में जलन, गले में जलन,सांस लेने में दिक्कत एवं उल्टी के उबके आने की शिकायत सामने आने के बाद छात्रावास स्टाफ ने महिदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया था। छात्राएं खाना खाने के बाद छात्रावास के प्रथम तल पर अपने कमरों में थी उसी दौरान ऐसा होना सामने आया था। ये सभी छात्राएं कक्षा 9 वीं से 12 वीं की हैं। रात को छात्राओं ने छात्रावास में बना भोजन किया था। इसके बाद सभी अपने-अपने कक्ष में चली गई थी। रात 9 बजे के दरमियान छात्रावास के प्रथम तल पर रहने वाली छात्राओं ने आंखों ,गले में जलन,सांस लेने में दिक्कत एवं उल्टी के उबके आने की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसकी सूचना मिलने पर एसडीएम श्री हिंगे छात्रावास पहुंचे थे। शिकायत करने वाली सभी छात्राओं को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया था। इस दौरान अनुभाग प्रशासन ने इनके इलाज के लिए वरिष्ठ चिकित्सकों को भी बुला लिया था। अस्पताल में जिन छात्राओं को सांस लेने में ज्यादा परेशानी हो रही थी उन्हें आक्सीजन भी दिया गया था। अस्पताल में डॉ. दिनेश सक्सेना, डॉ. महेश सिंघल और डॉ. मैत्री मिश्रा की टीम ने इन्हें उपचार दिया था । एसडीएम अजय हिंगे, एसडीओपी जेंडेन लिंगजरपा ने छात्रावास का निरीक्षण भी किया। विधायक दिनेश जैन बोस ने अस्पताल में पहुंचकर छात्राओं के उपचार की व्यवस्था को जाना था। सोमवार सुबह तक सभी छात्राओं की स्थिति सामान्य हो गई थी लेकिन पूर्वान्ह में एक बार फिर से 5 छात्राओं ने सांस लेने में समस्या बताई थी जिस पर उन्हें महिदपुर अस्पताल से उज्जैन रैफर कर दिया गया। उज्जैन जिला अस्पताल में 5 छात्राओं को गहन चिकित्सा ईकाई में उपचार दिया जा रहा है। एसडीएम अजय हिंगे के अनुसार छात्राओं की हालत स्थिर थी लेकिन चिकित्सकों के परामर्श अनुसार उन्हें उज्जैन रैफर किया गया। छात्रावास में कुल 107 छात्राएं हैं और छात्रावास भूतल एवं प्रथम तल का है। समस्याग्रस्त सभी छात्राएं प्रथम तल पर अपने कमरों में थी उसी दौरान उन्हें यह परेशानी हुई। खास पहलु यह है कि एक कमरे में रहने वाली 4-5 छात्राओं में से2-3 को ही इस तरह की परेशानी हुई है। छात्रावास एवं आसपास के भवनों के सीसी टीवी कैमरा खंगाले जा रहे हैं। छात्राओं को यह परेशानी क्यों हुई इसे लेकर जांच की जा रही है।

### 4 से 7 दिसम्बर तक अखिल भारतीय ह्रदय रोग समेलन नई दिल्ली मैं सम्पन्न हुआ, सम्मेलन में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विजय गर्ग ने सम्मेलन के वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षता की

# बीमारी के लक्षण दिखने पर हो जाएं सावधान, देश में बीपी के मरीज 20 वर्षों में हो गए दुगने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

4 से 7 दिसम्बर तक अखिल भारतीय हृदय रोग सम्मेलन नई दिल्ली मैं सम्पन्न। सम्मेलन में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विजय गर्ग ने समेलन के वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा की भारत वर्ष मे पिछले 20 वर्षों मे ब्लड प्रेशर वाले मरीजो का अनुपात दुगना हो गया है और जवानों मैं भी इसकी बढ़ोतरी तेजी से हुई है। जिनको लंबे समय से ब्लड प्रेशर है एवं दवा लेते है एवं डायबिटीज है या दिमाग की बीमारिया है उन्हें अपना ब्लड प्रेशर लेट कर एवं खड़े होके भी नपवाना होगा। 2025 की कार्डिएक सोसाइटी की गाइड लाइन के अनुसार हम अपना ब्लड प्रेशर 120/80 रखे तो श्रेष्ठ है। आज कल वाल्व की बीमारिया बिना सर्जरी के भी बदली जा रही है या रिपेयर हो रही है।

### सम्मेलन के निष्कर्ष

1 वायु प्रदूषण आजकल दिल की बीमारियों के लिए मुख्य खतरा बना हुआ है। वर्तमान मैं एक रिसर्च के अनुसार 20-25 % दिल की बीमारिया ब्लड प्रेशर ,सांस की तकलीफ, डायबिटीज , प्रदुषण के कारण हो रही है , उसका एक ही निदान है स्कूलों की पड़ाई मैं वायु प्रदूषण का पाठ, शहरों मैं निर्माण कार्य रात मे, वहनो को सही मिश्रण के तेल के साथ चलना एवम इलेक्ट्रिक वाहनो के उपयोग को बढ़ावा देना जरूरी है। सिगरेट एवम अन्य ज्वलनशील पदार्थों का विसर्जन सही तरीके से करना जरूरी है। गाँव मे चूल्हा एवम भट्टी का उपयोग कम से कम करना, उद्योग शहर से दूर स्थापित करना, खेतों की पार्ली को नहीं जलाना, मुख्य तरीके है जिससे प्रदूषण कम किया जा सकता है।



उपरोक्त कथन अपने उद्बोधन मैं स्विट्जरलैंड के वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ जगत नरूला ने - नोट स्पीच मैं व्यक्त किए ।

2 डॉ एरिक टोपल अमेरिका ने अपने अतिथि उद्बोधन मैं बताया की आजकल रक्त मैं कोलेस्ट्रॉल की जाँच करना जरूरी हो गया है। 70% लोगो को दिल की बीमारियों का एक मुख्य कारण है। इसके लिए हमे रक्त मैं एलडीएल, नॉन एचडीएल, एलपीए, ट्राइग्लिसराइड की जाँच करके नियंत्रण मैं करना होगा। उसके निदान के लिए हमारे पास स्टेटिन एवम एजिटमाइड और इंजेक्शन पीसीएस के 9 आ गए है जो की हर 6 माह मैं लगाये जाते है। बीमारी होने के पहेले जिनको ज्यादा खतरा है व बाद मैं लंबे समय तक इन दवाइयों को लेना होगा।

3 डॉ गुदो क्रेसी, इटली ने बताया की जवानों मैं ज्यादा दिल की बीमारी एवं अकस्मात मृत्यु, ज्यादा सिगरेट का चलन, तनाव, आपस मैं प्रति स्पर्धा, मोटापा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर कम उम्र मैं ज्यादा होना, कसरत का अभाव, अपर्याप्त नींद, जन्मजात हृदय की बिमारिया, बंद खाद्य पदार्थ का उपयोग, परिवार मैं दिल की बीमारी होना मुख्य कारण है।

4 डॉ तकाशी आकाशक, जापान ने बताया कि आजकल एआई से दिल की बीमारियों को जानने समझने और इलाज मैं नयी क्रांति आयी है परंतु इसको अपनाने के पहेले हमे मरीजो को देखना व उसकी कहानी को जानना होगा।

5 डॉ. वय स चंद्रशेखर, अमेरिका ने बताया की आजकल दिल की बीमारियों को जानने मै कोरोनरी कैल्शियम, सीटी एंजियो, कार्डियक एमआरआई, कार्डियक सीटी का प्रचलन बेड गया है और वो ज्यादा उपयोगी हो गए है।सम्मेलन मैं 60 विदेशी जाने माने हृदय रोग विशेषज्ञ एवं देश के 300 हृदय रोग विशेषज्ञ ने अपने विचार रखे। देश के 3700 हृदय रोग चिकित्सकों ने भाग लिया। उज्जैन से डॉ अजय निगम, डॉ सुरेश बेंडवाल, डॉ कविता बेंडवाल अवाम डॉ रजनेश जैन भी सम्मेलन मैं आए ।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका



# दिसंबर के पहले रविवार को ही महाकाल मंदिर में एक लाख से ज्यादा भक्तों ने किए दर्शन

## नए साल की शुरूआत तक और उमड़ेगी भीड़

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में दिसंबर के पहले रविवार को एक लाख से अधिक भक्तों ने भगवान महाकाल को शीश नवाया। दर्शनार्थियों की मौजूदगी से मंदिर परिक्षेत्र में रौनक छाई रही। भारी भीड़ के कारण दर्शनार्थियों को आवागमन में मुश्किलों का समाना करना पड़ा। होटल व्यवसायियों के अनुसार वर्षांत के लिए श्रद्धालुओं का उज्जैन पहुंचना शुरू हो गया है। आने वाले दिनों में भक्तों की संख्या और बढ़ेगी। उज्जैन धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन गया है।



महाकाल की नगरी उज्जैन धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन गई है

आने वाले समय में दर्शनार्थियों की संख्या लगातार बढ़ेगी

श्रद्धालु कालभैरव व मंगलनाथ मंदिर में भी दर्शन करने पहुंचे

साल भर देशभर से लाखों श्रद्धालु यहां महाकाल, कालभैरव सहित शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों में दर्शन करने आते हैं। अवकाश के दिनों तथा वर्षांत में दर्शनार्थियों की संख्या आम दिनों से दो गुना हो जाती है। रविवार को महाकाल दर्शन करने पहुंचे भक्तों ने इस बात को प्रमाणित कर दिया है। मंदिर व्यवस्था से जुड़े लोगों का कहना था कि रविवार को देशभर से बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे। अभी दिसंबर माह का पहला सप्ताह बीत है, आने वाले समय में दर्शनार्थियों की संख्या लगातार बढ़ेगी। 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक दस लाख से अधिक भक्त उज्जैन आएंगे।



### कालभैरव व मंगलनाथ में भी जनदबाव

महाकाल दर्शन करने आए श्रद्धालु कालभैरव व मंगलनाथ मंदिर में भी दर्शन करने पहुंचे। दोनों ही मंदिरों में दिनभर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। कालभैरव मंदिर में दर्शनार्थियों को भगवान कालभैरव के दर्शन करने में करीब एक घंटे का समय लगा। भक्त घंटों लंबी कतार में खड़े रहे। मंदिर प्रशासन वर्षांत में दर्शनार्थियों की संभावित भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम करने में जुटा है।

## न्यूज ब्रीफ

### भूखी माता रोड पर बनेगा जैन जहाज मंदिर, भूमिपूजन किया

**उज्जैन।** जैनाचार्य सागरचंद्र सागर सूरी की निश्रा में भूखी माता मंदिर रोड पर गुरुद्वारे के पास भव्य जैन जहाज मंदिर निर्माण के संकल्प के साथ भूमिपूजन किया गया। ट्रस्ट के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी और प्रदीप दख ने बताया गुरुदेव अशोक सागर सूरीश्वर के आशीर्वाद से श्री शक्रस्तव पद्मावती शक्ति पीठ के तत्वावधान में रविवार सुबह 7 बजे नवग्रह पूजन, क्षेत्रपाल पूजन आदि विधि-विधान पूर्वक शुभ मुहूर्त में जैन मंदिर का खाद मुहूर्त हुआ। इस आयोजन में शहर के अनेक संघों सहित श्री माणिभद्र तीर्थधाम भैरवगढ़ का सहयोग किया गया।

### वर्तमान में उज्जैन जिले में उर्वरक की स्थिति

**उज्जैन।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी दी कि उज्जैन जिले में विगत 01 अक्टूबर से आज दिनांक तक 1,02,731 मै.टन खाद का वितरण हो चुका है। इसमें यूरिया 52,871 मै.टन, डीएपी 12,729 मै.टन और एनपीके 18,111 मैं.टन है वर्तमान में जिले में यूरिया की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 2,747 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 836 मै.टन है। इसी प्रकार डीएपी की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 1,130 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 334 मै.टन है। एनपीके की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 2,341 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 2,139 मै.टन है। एसएसपी की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 4,830 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 7,331 मै.टन है।

### बजरंग दल ने मनाया शौर्य दिवस चकोर पार्क से शौर्य यात्रा निकाली

**उज्जैन।** बजरंग दल माधव प्रखंड उज्जैन महानगर ने शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार दोपहर 12 बजे शौर्य यात्रा निकाली। यात्रा चकोर पार्क से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई टावर चौक पर समाप्त हुई। बजरंग दल जिला सह संयोजक लवेश सोनी ने बताया 6 दिसंबर 1992 का दिन केवल शौर्यगाथा नहीं असत्य पर सत्य की जीत का भी प्रतीक है। इसे बजरंग दल शौर्य दिवस के रूप में मनाता है। यात्रा में यात्रा के बाद डॉ. बीआर आंबेडकर की पुण्यतिथि पर टावर चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पण कर उनकी देशसेवा को याद किया गया।

### कलेक्टर रौशन सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा की। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, सभी विभागों के जिलाधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा ब्लॉक वार और समिति वार की।बैठक में खाचरौद में उर्वरक की उपलब्धता होने पर भी पीओएस मशीन में खराबी आने पर तत्काल पीओएस मशीन बदलने के निर्देश दिए। किसानों को हुई असुविधा के लिए कलेक्टर श्री सिंह ने अपर कलेक्टर अत्येंद्र सिंह गुर्जर को जांच करने के निर्देश देकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में भावांतर योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा कर जानकारी प्राप्त की और योजना अंतर्गत किसानों के खातों में प्रदाय की जा रही राशि के ट्रांजैक्शन असफल ना हो इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में कुल 1,13,050 किसानों ने भावांतर योजना अंतर्गत पंजीयन किया है। आज दिनांक तक 69,031 पंजीकृत कृषकों द्वारा 12,57,216 क्विंटल सोयाबीन जिले की मंडियों में बेचा गया है। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की विभागवार और अनुविभागवार समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने नगरीय निकायों को आगामी 3 कार्य दिवस में शत प्रतिशत सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को आगामी सप्ताह तक सभी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## लापरवाही के लगाये आरोप, पुलिस ने शांत किया मामला

# सांस लेने में थी दिक्कत, मौत के बाद चरक में हंगामा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद मामला शांत किया गया



चरक भवन में सोमवार सुबह हंगामा हो गया, वृद्ध की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर और स्टाफ पर लापरवाही के आरोप लगाये। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस पहुंची और हंगामा शांत कराया। परिजन बिना पोस्टमार्टम के शव लेकर रवाना हो गये।

राजीव रत्न कॉलोनी नीलगंगा क्षेत्र से अनिल पिता लक्ष्मण कछावा 55 साल को परिजन साथ लेने में हो रही दिक्कत के चलते चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद ऑब्जरवेशन वार्ड में भर्ती कर ऑक्सीजन सपोर्ट दिया। कुछ देर बाद हालात और बिगड़ने लगी जिसके चलते डॉक्टर ने आईसीयू में भर्ती करने की बात कही। वृद्ध को लिफ्ट के माध्यम से आईसीयू में शिफ्ट किया जाता उससे पहले ही वृद्ध अनिल की मौत हो गई। परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। चरक अस्पताल में भर्ती मरीज और उपचार के लिए आने वाले मरीज हंगामा देख हैरत में पड़ गए। डॉक्टर और स्टाफ ने परिजनों को समझने का प्रयास किया लेकिन स्थिति बिगड़ने लगी। मामले की खबर मिलते ही कोतवाली थाना सीएसपी राहुल देशमुख, उपनिरीक्षक गोपाल राठौर और पुलिस बल चरक अस्पताल पहुंच गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद मामला शांत किया गया। सीएसपी ने परिजनों को कहा कि अगर डॉक्टर और स्टाफ की गलती है तो पोस्टमार्टम कर लिया जाए, लेकिन परिजन तैयार नहीं हुए और शव अंतिम संस्कार के लिए घर लेकर रवाना हो गए।

### पुत्र बोला क्यों हटाया ऑक्सीजन

अनिल कछावा की मौत के बाद हंगामा कर रहे परिजनों में शामिल पुत्र चंदन का कहना था कि पिता को सर्दी जुकाम के बाद सांस लेने में दिक्कत हुई थी जिसके चलते अस्पताल लेकर आए थे। डॉक्टर ने ऑक्सीजन लगा दिया था, हालत बिगड़ने पर आईसीयू में शिफ्ट करने की बात कही और ऑक्सीजन सपोर्ट हटा दिया, ऊपरीप मंजिल पर आईसीयू में ले जाने के दौरान लिफ्ट भी काफी देर से आई, जिसके चलते पिता की मौत हुई है। स्टाफ और डॉक्टरों की लापरवाही थी। जिसके चलते पिता अब नहीं रहे।

## सिंहस्थ 2028 के लिए मजबूत होगा 'सुरक्षा चक्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 में उज्जैन में करोड़ों यात्रियों के आने की संभावना हैं। इसको लेकर आरपीएफ ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। सिंहस्थ में उज्जैन सहित आसपास के स्टेशनों पर साढ़े चार हजार जवान तैनात रहेंगे। खास बात यह है कि इन जवानों को अपने हाथों में डंडा भी रखने की अनुमति नहीं होगी। इन्हें विनम्रता से यात्रियों के साथ पेश आना होगा। इसके अलावा आरपीएफ की सबसे ट्रैंड कोरस कमांडों की बटालियन की तैनाती के साथ ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जाएगी। सिंहस्थ 2028 को लेकर आरपीएफ ने अपनी तैयारियां शुरू की है। उज्जैन स्टेशन के अलावा चिंतामन, फतेहाबाद, मोहनपुरा, नईखेड़ी, पंवासा, पिंग्लेश्वर, विक्रम नगर स्टेशनों पर फोकस किया जा रहा है। इसमें खासतौर पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए 4500 से अधिक जवानों को तैनात किया जाना है। इस संबंध में मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। जहां से अनुमति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

आरपीएफ टीआइ नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सिंहस्थ 2028 में तैनात होने वाले आरपीएफ जवानों को विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। जवानों को यात्रियों से विनम्रता से व्यवहार करने को कहा जाएगा। खासतौर पर इन जवानों को अपने हाथों में डंडा भी रखने की अनुमति नहीं होगी। भीड़ अधिक होने पर किसी प्रकार की कोई विवाद की स्थिति होने पर बल का प्रयोग नहीं किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा।

## शिव उत्सव का आयोजन, शैव परम्परा का निर्वाह

# 2100 साल पहले सम्राट विक्रमादित्य भी किया करते थे



**महाकाल मंदिर में 10 से 14 जनवरी तक आयोजित होगा शैव परंपरा पर उत्सव, प्रथम शताब्दी ईसा पूर्व में टेराकोटा से निर्मित सील के रूप में प्राप्त होते हैं प्रमाण**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार 10 से 14 जनवरी तक शिव परंपरा पर आधारित महाकाल महोत्सव का आयोजन होगा, मंदिर समिति उत्सव को लेकर तैयारी में जुटी है। महाकाल के आंगन में शैव परंपरा पर होने जा रहे आयोजन को लेकर धर्मशास्त्र, ज्योतिष, खगोल व पुरातत्व के विद्वान बेहद खुश हैं, उनका कहना है कि धर्मधानी में शिव उत्सव की परंपरा 2100 साल पुरानी है।

उज्जयिनी के सम्राट विक्रमादित्य भी शिव उत्सव का आयोजन किया करते थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उसी पुरातन शैव और शाक्त परंपरा को पुनर्जीवित करने जा रहे हैं। विक्रम विश्व विद्यालय के पुराविद डॉ. रमण सोलंकी ने नईदुनिया से चर्चा में बताया कि महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग आदि और अनंत है युगयुगांतर से इनकी महिमा का गुणगान होता आया है। समय-समय पर महाकाल के आंगन में राजा, महाराजा शिव उत्सव का आयोजन करते आए हैं।

### ब्राह्मी लिपि में लिखा है 'विक्रम रूद्रस महव'

पुराविद् डॉ.सोलंकी ने बताया मुद्राशास्त्री डॉ.आरसी ठाकुर के महिदपुर स्थित अश्विन शोध संस्थान में प्रथम शताब्दी ईसा पूर्व में टेराकोटा से निर्मित सील संग्रहित है। इस पर ब्राह्मी लिपि में लिखा संस्कृत भाषा का लेख 'विक्रम रूद्रस महव' अंकित है। इसका अर्थ है राजा विक्रम शिव उत्सव आयोजित कर रहे हैं। सील पर मध्य में दाहिने मुंह किए शिव गण नंदी की आकृति अंकित है। यह सील इस बात का प्रमाण है कि सम्राट विक्रमादित्य द्वारा अपने राज्य में शिव उत्सव का भव्य आयोजन करते रहे हैं।

## रोलर स्केटिंग स्पर्धा में जीते पदक



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इंदौर के वैष्णव कॉलेज में आयोजित चौथी सब जूनियर, जूनियर व सीनियर रोलर स्केटिंग स्पर्धा में उज्जैन के खिलाड़ियों ने पदक जीते। स्पर्धा में पावी अग्रवाल, आराध्या आठनकर ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। कनुप्रिया, आदित्य ठोमरे, धानिश बांठिया, पार्श्व जैन, निसर्ग भोपाळे, तन्मय पटेल, फैजान कुरैशी ने रजत पदक जीते। स्पर्श श्रीवास्तव ने कांस्य पदक प्राप्त किया। देवेश खत्री व चारू चौथे पायदान पर रहे। कोच आदर्शप्रतापसिंह जादोन हैं।

## भावांतर योजना का कमाल... मंडी में सोयाबीन की रिकॉर्ड आवक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इस साल सोयाबीन के भावांतर ने किसानों को तो राहत दी ही है, कृषि उपज मंडी समिति को भी मालामाल कर दिया। गत वर्ष से डेढ़ गुना आवक में वृद्धि रही। राजस्व का आंकड़ा दोगुना करीब पहुंच गया। अब तक करीब 18 हजार किसानों ने भावांतर योजना के तहत करीब चार लाख क्विंटल सोयाबीन मंडी नीलामी में बेच दिया है। बीते दो माह में करीब छह लाख क्विंटल की आवक रही। कृषि उपज मंडी में पीला सोना खूब बरस रहा है।

भावांतर योजना के चलते गत वर्ष की अपेक्षा इस बार बंपर आवक हो रही है। दो माह में छह लाख क्विंटल सोयाबीन मंडी नीलामी में बिक गया। कारोबार करीब 260 करोड़ का हुआ। मंडी समिति को शुल्क के रूप में राजस्व 26 करोड़ से भी अधिक मिला। गत वर्ष इन्हीं दो माह में मात्र 13.56 करोड़ का राजस्व मिला था। सोयाबीन की आवक भी चार लाख क्विंटल के करीब थी।



### जिले में पांच लाख बोरी का स्टॉक

इस वर्ष भावांतर योजना के चलते मंडी में सोयाबीन की आवक काफी हो रही है। किसानों को वर्षों बाद भाव अच्छे मिल रहे हैं। क्वालिटी वाला सोयाबीन मंडी में 4000 से 4500 रुपये क्विंटल बिक रहा है। किसानों को शेष क्षतिपूर्ति भावांतर योजना कर रही है। ऐसे में किसान सोयाबीन को अपने घर में नहीं रखना चाहते हैं, लेकिन व्यापारिक क्षेत्र में 4000 से 4200 रुपये क्विंटल की सोयाबीन का स्टॉक जारी है।

# शहर की भीड़ भरी सड़कों पर बज रहे डीजे से आमजन परेशान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर पर बढ़ता शोर अब सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बनता जा रहा है। विवाह-सीजन, धार्मिक शोभायात्राओं और जुलूसों में हाई-वाल्यूम डीजे के उपयोग ने कई इलाकों में ध्वनि प्रदूषण को खतरनाक स्तर तक पहुँचा दिया है। शोर नियंत्रण के नियम साफ तौर पर कहते हैं कि रात 10 बजे के बाद किसी भी तरह का तेज संगीत नहीं बज सकता। सामान्य क्षेत्रों में आवाज 55 डेसिबल से ऊपर नहीं होनी चाहिए। डीजे पर प्रतिबंध की जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट तस्वीर पेश करती है। शहर में अधिकांश इलाकों के रहवासी रात को ढंग से सो नहीं पा रहे हैं। इन इलाकों में देर रात 90 से 110 डेसिबल अधिक का शोर होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक यह स्थिति ह्रस्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारकइ श्रेणी में आती है। शादी-ब्याह में लगे 12-14 स्पीकर्स और सबवूफर का संयोजन एक मिनी-स्टेडियम जैसे शोर पैदा कर रहा है।

## शादियों के बानों ने यातायात की समस्या और बढ़ाई



खासकर मोबाइल डीजे यूनिट ट्राले पर लगाए तीन से पांच हजार वाट के सिस्टम से सबसे ज्यादा शोर पैदा हो रहा है। इनकी क्षमता नियमों की सीमा से कई गुना अधिक है। जिले में छोटे-बड़े मिलाकर 500 से 700 डीजे हैं, जिन्हें संचालकों ने लोडिंग वाहनों पर बनवाए हैं। इनमें अत्याधिक तीव्र ध्वनि वाले बाक्स, लाइटिंग आदि लगाए गए हैं, जिनके सामने कमजोर हृदय वाले लोग खड़े नहीं हो पाते हैं।

### डीजे साउंड की तेज आवाज का यह होता है असर

सामान्य मानक के अनुसार 85 डेसिबल से ऊपर का शोर अगर लगातार एक घंटे तक सुना जाए तो सुनने की क्षमता को नुकसान पहुँचाने की शुरूआत हो सकती है। डीजे सिस्टम में शोर अक्सर 100 से 110 डेसिबल तक जाता है। इससे कान में घंटी बजने जैसी आवाज, सुनाई देने में कमी, चक्कर, सिरदर्द जैसी समस्याएं तुरंत महसूस हो सकती हैं। 110 डेसिबल से ऊपर का शोर सिर्फ 10-15 मिनट में स्थायी हानि की शुरूआत कर सकता है। इस शोर के कारण शरीर का स्ट्रेस हार्मोन बढ़ने लगता है। इससे दिल की धड़कन तेज होती है, ब्लड प्रेशर बढ़ता है, सांस फूलने जैसी स्थिति बनती है।

### अनियंत्रित आवाज में देर तक यह डीजे बजाया जा रहा

विवाह-बरात का दौर शुरू हुआ है तब से यह डीजे सारे नियमों का उल्लंघन कर बजाए जा रहे हैं। सबसे खराब स्थिति सड़क से गुजर रही बरातों और शोभायात्राओं के दौरान झेलना पड़ रहा है। मोडीफाइ कराए ट्रकों पर 20 फीट तक ऊंचे साउंड सिस्टम बांधकर अनियंत्रित आवाज में देर तक यह डीजे बजाया जा रहा है। उस समय उनकी आवाज से घर की दीवारें हिलने लगती हैं। बच्चों-बुजुर्गों की दिल की धड़कन बढ़ जाती है। कोई बीमार हो तो उसको कितनी तकलीफ होती होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। एक साल पहले सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद कलेक्टर ने एक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया था। इसके मुताबिक अत्यधिक शोर वाले डीजे पर प्रतिबंध था। वहीं रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक किसी भी ध्वनि विस्तारक यंत्र पर संगीत बजाए जाने को प्रतिबंधित किया था।

## आपकी खबरें...

### आज संपूर्ण शहर में जल प्रदान नहीं होगा

**उज्जैन।** फ्रीगंज ओवर ब्रिज निर्माण में आ रही पाइप लाइन एवं चामुंडा माता मंदिर के सामने पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य एवं अम्बोदिया प्लांट पर आवश्यक संधारण कार्य किए जाने से गंभीर प्लांट एवं गऊघाट प्लांट बंद रहेगा जिसके कारण मंगलवार 9/12/2025 को सम्पूर्ण शहर में होने वाला जलप्रदाय नही होगा।

### निगम ने गंदगी करते पाए जाने पर 20 हजार से का जुमार्ना वसूला

**उज्जैन।** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा शहर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है जिसके क्रम में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार समस्त जोन अंतर्गत कार्यवाही करते हुए 20 हजार से अधिक का जुमार्ना वसूला जिसमें गंदगी करते पाए जाने पर 07 हजार, खुले में भट्टी जलाने पर 1000, प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने पर 11,000 का जुमार्ना, डस्टबिन नहीं रखने पर 1000 एवं मिक्स कचरा देने पर 1000 का जुमार्ना वसूला गया उक्त कार्रवाई संबंधित जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा की उपस्थिति में की गई।

# कारों में झांक रहे तो कहीं बाइक रोककर भीख मांग रहे भिखारी

## चौराहे पर वाहन रोकना भी मुश्किल हुआ, उज्जैन को भिखारी मुक्त करने के लिए कोई कार्ययोजना तैयार नहीं की जा रही

**शहर में भिखारियों की संख्या बढ़ी, बच्चे, बड़े, बूढ़े भिखारी नानाखेड़ा चौराहा, महाकाल मंदिर के बाहर, हरि फाटक पुल,रामघाट, हरसिद्धि,इंदौर गेट, चामुंडा चौराहा, रेलवे स्टेशन पर सक्रिय**



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में भिखारियों की ये स्थिति हो गई है कि सिग्नल व चौराहे पर वाहन चालक के सामने हाथ फैला कर खड़े हो जाते हैं।खुलेआम कार में झांक-झांक कर भीख मांग रहे हैं, लोगों को मजबूरी में कुछ रुपए देकर इनसे पीछा छुड़ाना पड़ता है। चौराहे पर बाइक या कार रुकी तो उस पर ऐसे टूटेंगे ओर जब तक इन्हें पैसे नहीं मिलते तब तक यह वाहन चालक का पीछा नहीं छोड़ते।

शहर मे भिखारियों की संख्या बढ़ गई है, नानाखेड़ा चौराहा, महाकाल मंदिर क्षेत्र में, फ्रीगंज क्षेत्र में होटल व रेस्टोरेंट के बाहर, रामघाट, देवास गेट चामुंडा माता चौराहा, इंदौर गेट, हरसिद्धि चौराहा, चारधाम पर ये भिखारी सुबह से लेकर शाम तक देखे जा सकते हैं। भिखारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उज्जैन को भी भिखारी मुक्त करने के लिए कोई कार्ययोजना तैयार नहीं की जा रही है।

नानाखेड़ा चौराहा के सिग्नल पर दोपहर बारह बजे एक कार रुकी, तो एक महिला पहुंची और भीख मांगने लगी जब कार वाले ने मना किया तो महिला ने कांच पर हाथ रख लिया। कार वाले को रुपए देकर ही उससे पीछा छुड़ाना पड़ा।

फ्रीगंज शिव मंदिर के समीप कैफै के पास एक बुजुर्ग महिला ने बाइक रुकते ही उस पर बैठे युवक के पास महिला पहुंची और हाथ फैलाकर उससे पैसे मांगने लगी लेकिन जब बाइक सवार ने बाइक आगे बढ़ाई तो बुजुर्ग ने बाइक का हेंडल पकड़ लिया। चालक को रुपए देकर ही पीछा छुड़ाना पड़ा।

### महाकाल लोक बनने के बाद भिखारियों की संख्या भी बढ़ी

महाकाल लोक बनने के बाद बड़ी तादाद में बाहर से श्रद्धालु उज्जैन दर्शन के लिए पहुंच रहे है। श्रद्धालु देव दर्शन के साथ दान पुण्य भी करते हैं। इस वजह से महाकाल क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में भिखारियों की संख्या भी बढ़ गई है। भिखारी बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को रोक लेते हैं और जब तक इन्हें भीख नहीं दी जाती तब तक ये श्रद्धालुओं का पीछा नहीं छोड़ते हैं। यह आलम सुबह से लेकर शाम तक महाकाल क्षेत्र में बना रहता है।

इसके अलावा हरिफाटक पुल पर भी पिछले कई समय से यही स्थिति देखने को मिल रही है। कुछ भिखारी पुल पर खड़े होकर यहां से आने जाने वाले लोगों के सामने हाथ फैला कर खड़े हो जाते हैं और जब तक इन्हें भीख नहीं दी जाती तब तक यह लोगों का पीछा नहीं छोड़ते हैं।

## महाकालेश्वर मंदिर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर युवक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



### उपकेश्वर महादेव मंदिर से महाकाल मंदिर तक निकाला पैदल मार्च

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर में चल रही अव्यवस्थाओं को लेकर युवक कांग्रेस ने प्रदर्शन किया और निराकरण हेतु मंदिर प्रशासन के नाम ज्ञापन सोपा।

ज्ञापन में उल्लेखित प्रमुख रूप से उज्जैन के नागरिकों के लिए भस्म आरती दर्शन हेतु प्रथक से व्यवस्था की जावे, सप्ताह में तीन दिन सामान्य दर्शन दर्शनार्थियों को पृथक से दर्शन हेतु प्रवेश दिया जाए, भगवान महाकालेश्वर मंदिर में चढ़ने वाली दान राशि का प्रकाशन हो, भस्म आरती के नाम पर आम दशार्नार्थियों से लूटपाट बंद हो, भस्म आरती प्रोटोकॉल का मीडिया में प्रकाशन किया जावे, मंदिर में सालों से जमे हुए कर्मचारियों को रोट्रेट किया जावे, श्रद्धालुओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार पर रोक लगाई जावे, मंदिर की सुरक्षा में लगे हुए सुरक्षाकर्मी व स्टाफ को इस संबंध में ट्रेनिंग दी जावे, वीआईपी कल्चर शीघ्र बंद हो, सुरक्षा कर्मियों को बीमा व्यवस्था उपलब्ध कराई जावे और मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों के साथ होने वाली अनहोनी घटना पर उनकी मदद हेतु उन्हें मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जावे, मंदिर में दी जाने वाली दान सामग्री को भी सार्वजनिक किया जावे। इन सब मांगो को लेकर युवक कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में उपकेश्वर महादेव मंदिर पर सैकड़ों युवाओं ने एकत्रित होकर महाकाल मंदिर तक पैदल मार्च करते हुए प्रदर्शन किया और मंदिर प्रांगण में मंदिर प्रशासक को ज्ञापन सौंपा। जिस पर अव्यवस्थाओं के निराकरण हेतु मंदिर प्रशासन ने आश्वस्त किया कि आपकी मांगों का निराकरण शीघ्र किया जाएगा। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवव्रत यादव, चंदू यादव, चंद्रभान सिंह चंदेल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया ठाकुर, पार्षद छोटेलाल मंडलोई, लालचंद भारती, वरुण शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक लाला, सतीश मरमट, रहीम लाला, कांग्रेस दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष यशराज चढ़ा, यश जैन नागदा, विधानसभा अध्यक्ष वीरल गुर्जर, कृष्णा यादव, ऋतुराज चौहान, पूर्व पार्षद अर्जुन यादव, मनोज ठाकुर, बाबू यादव, नकुल यादव, योगेश दायमा, सौरभ यादव, तनिष्क, सावन तिलकर, संजू वर्मा, विकास मालवी, गोपाल आंजना, अमनदीप सिंह, शारिक मस्ताना, अर्जुन सोलंकी, देवेंद्र पाटनी, नीलम विश्वास, रश्मि त्रिवेदी आदि सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

### श्री महाकाल महोत्सव आयोजन को लेकर संभागायुक्त की अध्यक्षता में आज होगी बैठक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संभागायुक्त आशीष सिंह की अध्यक्षता में श्री महाकाल महोत्सव आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक मंगलवार 09 दिसंबर को दोपहर 12 बजे सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

बैठक में श्री महाकाल महोत्सव 2026 समिति के सदस्य कुलगुरू सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय, कुलगुरू महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विवि, पुलिस अधीक्षक, आयुक्त नगर पालिक निगम, सीईओ, उज्जैन स्मार्ट सिटी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, प्रशासक, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, कुलगुरू, अवंतिका विश्वविद्यालय, निदेशक महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, सचिव राष्ट्रीय सांदीपनि वेद विद्या प्रतिष्ठान, डॉ. रमण सोलंकी, वरिष्ठ पुराविद्, सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय, प्रशांत पौराणिक, प्राध्यापक इतिहास, विक्रम विश्वविद्यालय, डॉ. शैलेन्द्र शर्मा, कुलानुशासक, विक्रम विश्वविद्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उज्जैन शहर/ कोठी महल/ सहायक संचालक जनसंपर्क ,जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/प/वि/यां) , अधीक्षण यंत्री, मप्रविविकंलि, महंत रामेश्वर दास महाराज ,महंत विनीत गुरू महाराज,नरेश शर्मा, निदेशक, अपना चैनल, राजेश सिंह कुशवाह, वरिष्ठ कार्य परिषद सदस्य, विवि, रवि सोलंकी, वरिष्ठ समाजसेवी, संजय अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी, आदि उपस्थित होंगे।

### नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु आज वाहन रैली का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

13 दिसंबर को नगर निगम के समस्त जोन कार्यालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम द्वारा किया जाएगा, लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु आज मंगलवार दिनांक 09.12.2025 को कोठी रोड स्थित जिला न्यायालय परिसर से प्रातः 10:30 बजे वाहन रैली निकाली जाएगी जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए नेशनल लोक अदालत का प्रचार प्रसार करेंगे।

## निगम आयुक्त ने अमृत 2.0 के अन्तर्गत सीवरेज कार्यों का स्थल निरीक्षण किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सोमवार को निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा अमृत 2.0 के अन्तर्गत त्रिवेणी विहार एंव क्षिप्रा विहार क्षेत्र में सीवरेज कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत त्रिवेणी विहार एव क्षिप्रा विहार में निर्देशित किया गया कि सीवर लाइन डालने हेतु एलाईमेंट रेसीडेंन्ट इंजीनियर पीडीएमसी शाह टेक्निकल कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड, कार्यपालन यंत्री उज्जैन विकास प्राधिकरण एवं कार्यपालन यंत्री अमृत द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर फाइनल किया जाए ओर यह भी निर्देश दिए कि पाइप लाइन डालने का कार्य नियमानुसार गुणवत्ता एंव समय सीमा में वर्कप्लान अनुसार किया जाए अन्यथा की स्थिति में जुमार्ने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, सीईओ प्राधिकरण संदीप सोनी, अधीक्षण यंत्री संतोष कुमार गुप्ता, नीरज पांडे अधीक्षण यंत्री उज्जैन विकास प्राधिकरण, कुलदीप रघुवंशी कार्यपालन यंत्री उज्जैन विकास प्राधिकरण, कार्यपालन यंत्री शिवम दुबे, आशीष जैन रेसीडेन्ट इंजीनियर उपस्थित रहे।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मुझ जाहिर सूचनाकर्ता की पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र क्रं. B-2023:23-90193-004300 में पुत्री का घर का नाम त्रुटिवश क्रिशा जादोन पिता देवराज सिंह जादोन KRISHA JADON D/o DEVRAJ SINGH JADON दर्ज हो गया है जो कि गलत नाम है। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम जयक्रीर्ति जादोन पिता देवराज सिंह जादोन JAIKIRTI JADON D/o DEVRAJ SINGH JADON है। राजपत्र में प्रकाशन के पश्चात अब भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम जयक्रीर्ति जादोन पिता देवराज सिंह जादोन JAIKIRTI JADON D/o DEVRAJ SINGH JADON निवासी-52, सुभाष नगर सेंकड बैंक, उज्जैन म.प्र. के नाम से जाना व पहचाना जावे।

इति दिनांक : 08/12/2025

**दीपिका झाला पति देवराज सिंह जादोन निवासी- 52, सुभाष नगर सेंकड बैंक, उज्जैन म.प्र. मोबा-9202155788**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मुझ जाहिर सूचनाकर्ता के पुत्र के आधार नं. 9900 5942 1210 में मेरे पुत्र का घर का नाम सीताराम प्रजापत पिता दिनेश SEETARAM PRAJAPAT S/O DINESH दर्ज है तथा पुत्र के समस्त दस्तावेजों एवं शैक्षणिक अंकसूचियों में भी पुत्र का नाम सीताराम प्रजापत दर्ज है। अब मैं अपने पुत्र का नाम परिवर्तित कर नवीन नाम सागर प्रजापत पिता दिनेश दर्ज करवाना चाहता हूं। राजपत्र के प्रकाशन के पश्चात अब भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम सागर प्रजापत पिता दिनेश प्रजापत SAGAR PRAJAPAT S/o DINESH PRAJAPAT निवासी ग्राम जमालपुरा पोस्ट करोहन तहसील व जिला म.प्र. के नाम से जाना व पहचाना जावे।

इति दिनांक : 08/12/2025

**दिनेश प्रजापत पिता भेरूलाल, निवासी-ग्राम जमालपुरा पोस्ट करोहन तहसील व जिला म.प्र. मोबा-9981169617**

### जाहिर सूचना का खण्डन

यह कि, मेरे पक्षकार ने बन्टी अण्डेरिया पिता श्री बाबूलाल अण्डेरिया, निवासी-ग्राम छोटी दाउदखेडी तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 517/4/1 (S) रकबा 0.4000 हेक्टेयर भूमि ग्राम असलाना तहसील व जिला उज्जैन पर स्थित है जिसके पूर्व में- भूमि सर्वे क्रमांक 518, पश्चिम में- भूमि सर्वे क्रमांक 517/3, उत्तर में-भूमि सर्वे क्रमांक 417/4/2, दक्षिण में भूमि सर्वे क्रमांक 520/2/2 मिला हैं का सौदा कर दिनांक 16.10.2025 को सौदे के सम्बंध में दैनिक समाचार पत्र दैनिक अवंतिका में जाहिर सुचना का प्रकाशन करवाया गया था। उक्त सम्पत्ति का सौदा दोनो पक्षो ने मेरे पक्षकार व विक्रेता ने आपस में समव्यवहार राशि का समव्यवहार कर सौदा निरस्त कर दिया हैं तथा उक्त वर्णित सम्पत्ति स्वामी द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य कि सम्पत्ति को कही पर भी रहन, वय, दान एवं आंतरित करे तो उसपर मेरे पक्षकार कि कोई आपत्ति नही रहेगी क्योकि मेरे पक्षकार ने सम्पत्ति स्वामी से सौदे की अदा की गई समव्यवहार राशि वापस प्राप्त कर आपसी सहमति से सौदा निरस्त कर दिया हैं अब सम्पत्ति स्वामी की उक्त सम्पत्ति में मेरे पक्षकार का किसी भी प्रकार का कोई हक, हित, हिस्सा एवं अधिकार निहीत नहीं हैं तथा सम्पत्ति स्वामी अपने स्वामित्व कि उक्त वर्णित सम्पत्ति को किसी भी प्रकार से कहि पर भी रहन, बय, दान एवं आंतरित करने के सम्बंध में पूर्ण रूप से सम्पत्ति स्वामी स्वतंत्र हैं। सूचित हो।

इति दिनांक 08.12.2025

**योगेश शर्मा, एडवोकेट कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड, उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने 1. अनिरुद्ध जोशी पिता अशोक कुमार जोशी 2. मुकेश यादव पिता करण सिंह यादव निवासीगण उज्जैन के क्रयानुबंधित कृषि भूमि सर्वे नंबर 230 रकबा 0.53 हैक्टर में से रकबा 0.40 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम चकजयरामपुर तहसील व जिला उज्जैन में है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा लिखित अनुबंध पत्र का संपादन कर बयाना राशि अदा कर दी है। उक्त भूमि को 1. अनिरुद्ध जोशी पिता अशोक कुमार जोशी 2. मुकेश यादव पिता करण सिंह यादव ने मुलस्वामि बालाराम पिता नारायण निवासी ग्राम हरसोदन, जिला उज्जैन से लिखित अनुबंध पत्र के माध्यम से क्रय की गई है।

अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का विधिवत विक्रय अनुबंध पत्र तथा विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी।

सूचित हो।

इति दिनांक-08-12-2025

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट. आफिस नंबर- सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मोबाईल नंबर- 99264 66157**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड/भवन क्रमांक 79 स्थित कस्तूरी बाग कानीपुरा रोड/पंचकोषी रोड उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर है। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में - भूखण्ड क्रमांक 23, पष्चिम में - रोड कॉलोनी, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 78, दक्षिण में - भूखण्ड क्रमांक 80 स्थित है। उक्त संपत्ति सचिन शास्त्री पिता भूपेन्द्र शास्त्री के स्वामित्व एवं आधिपत्य की है जिसे अनुबंधकर्ता की माता श्रीमती रत्नमाला शास्त्री पति भूपेन्द्र कुमार शास्त्री ने बजर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022016A1501411 दिनांक 27/08/2016 के माध्यम से विधिवत रूप से क्रय किया था तथा श्रीमती रत्नमाला का स्वर्गवास दिनांक 06/04/2024 को हो चुका है एवं अनुबंधकर्ता के भाई पंकज शास्त्री का अविवाहित स्वर्गवास भी दिनांक 13/07/2025 को चुका है तथा अनुबंधकर्ता ही श्रीमती रत्नमाला शास्त्री के एकमेव उत्तराधिकारी होने के नाते उक्त संपत्ति पर कार्यालय नगर पालिक निगम उज्जैन में दिनांक 03/12/2025 को नामांतरण के लिये आवेदन किया है। तथा वर्तमान स्वामी सचिन शास्त्री पिता भूपेन्द्र शास्त्री से उक्त संपत्ति को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है तथा बयाना राषि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा निकट भविष्य में शेष राषि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या वैधानिकता के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाषन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवम रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 08/12/2025

**तेजपाल परिहार एडवोकेट, ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मोबाइल न. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी शुमलाभ डेव्लपर्स द्वारा पार्टनरकर्ता -01-श्री अश्विन जैन पिता श्री चन्द्रप्रकाश जैन, निवासी-123 प्रगति नगर टैगौर पार्क के सामने प्रतापगढ़ (राजस्थान), 02-श्री पारस मिंडा पिता श्री राजकुमार मिंडा, निवासी शॉप नं.-3. पंडित दीन दयाल उपाध्याय मार्केट, हाईस्कूल रोड, प्रतापगढ (राजस्थान) एवं 03-श्रीमती मुमताज बी पति हाजी मुश्ताक, 04-अशरफ पिता हाजी मुश्ताक, दोनो निवासी महिदपुर जिला उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व, स्वत्त्व एवं आधिपत्य में कृषि भूमि सर्वे नंबर-121/3 रकबा 0.3500 हेक्टर, 180 रकबा 4.1440 हेक्टर, 181/1/1 रकबा 1.9550 हेक्टर, 181/1/2/1 रकबा 2.5070 हेक्टर, 181/1/2/2 रकबा 2.5070 हेक्टर, 181/1/3/1 रकबा 7.6650 हेक्टर, 181/1/3/2 रकबा 1.2500 हेक्टर, 181/4 रकबा 1.7500 हेक्टर, 182/1 रकबा 1.6180 हेक्टर, 182/3 रकबा 0.2430 हेक्टर, 183/1 रकबा 1.4870 हेक्टर, 184 रकबा 0.5100 हेक्टर एवं 181/5 रकबा 1.5000 हेक्टर कुल किता 13 कुल रकबा 27.4860 हेक्टर ग्राम बारापत्थर प. ह. नं.-00127 तहसील महिदपुर जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत श्री संदीप चोपडा पिता श्री सरदारमलजी चोपडा, निवासी राजेन्द्र मार्ग, महिदपुर जिला उज्जैन (म. प्र.) से कर आंशिक राशि अदा कर दी है. शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उपरोक्त भूमि पर क्रय अनुबंधीत श्री संदीप चोपडा के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, सस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-08.12.2025

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट, कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.) मो. नं.-94259-46659**

### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने गोकुलसिंह पिता प्रहलादसिंहजी निवासी ग्राम रांचीखेडी तह. माकडोन जिला उज्जैन के भूमि स्वामी स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं. 104 रकबा 2.1100 हैक्टर मेंकी रकबा 1.0000 हैक्टर स्थित ग्राम रांचीखेडी तह० माकडोन जिला उज्जैन में है जिसके पूर्व में जीवनसिंह मनोहरसिंह की भूमि, पश्चिम में रणछोडलालजी की भूमि, उत्तर में-जगदीश पण्डया की भूमि, दक्षिण में सरकारी रास्ता है, उपरोक्त भूमि को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर अनुबंध व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है।

यदि उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार हो या उपरोक्त भूमि कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या उक्त भूमि किसी सोसायटी आदि में बंधक की हो या भूमि किसी अन्य के हित में अनुबंधित हो या उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या उक्त विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र बाद विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 8-12-2025 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा) एडवोकेट एवं नोटरी 51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन फोन-2561124 मोबा. नं. 94250-91124**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार अरशद पिता रफीक खां, जाति मुसलमान निवासी भोज पथ, बडनगर जिला उज्जैन द्वारा भूमि स्वामी आयुष यादव पिता महेश यादव जाति अहिर निवासी 57, भांग्या, तहसील मल्हारगंज जिला इन्दौर म.प्र. कृषक ग्राम बंग्रेड तहसील बडनगर जिला उज्जैन के मालिकी एवं आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नम्बर 120/2/1 रकबा 1.6000 हे. एवं भूमि सर्वे नम्बर 120/1/1 रकबा 0.21 हे. कुल किता 2 कुल रकबा 1.8100 हे. भुमि स्थित ग्राम बंग्रेड तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर एक सौदा चिट्ठी दिनांक 02-12-2025 को सौदा तय कर लिया है तथा विक्रय मुल्य की आंशिक राशि का भुगतान कर दिया गया है, तथा अनुंबधीत भूमि का मेरे पक्षकार के पक्ष मे विक्रय पत्र सम्पादित होना है यदि उक्त संबंध में किसी भी संस्था बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष मे रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भुमि से संबंधित मुख्त्यारनामा या मुख्त्यारनामाखास हो अथवा इस सम्पत्ति मे उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का हित स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई सम्पत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भितर मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधीत भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा। सूचित हो।

इति दिनांक 08-12-2025

**राकेश जादव, एड्वोकेट, कोर्ट परिसर, बडनगर जिला उज्जैन मो०नं० 8251823925, 8770835347**

## खास न्यूज

## रेलवे स्टेशन पर फ्लैग मार्च के साथ चैकिंग अभियान



**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन पर सोमवार को जीआरपी, बीडीएस टीम और देवासगेट थाना पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च करते हुए चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई और यात्रियों का सामान चैक किया। जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिये चैकिंग अभियान चलाया गया है। प्लेटफार्म पर जीआरपी-आरपीएफ लगातार सर्चिंग करती रही है। समय-समय पर संयुक्त टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया जाता है, ताकि देशभर से आने वाली ट्रेनों और यात्रियों की सुरक्षा को मजबूत किया जा सके।

## रिमांड खत्म होने पर कियोस्क संचालक को भेजा जेल

**उज्जैन।** शगुन एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर संचालित करने वाले आनंद बागडिया की सोमवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर जीवाजीगंज थाना पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। एसआई डीएल रावत ने बताया कि आरोपी द्वारा 62 लोगों के जनधन खातों से 34 लाख 41 हजार 670 रूपयों की अमानत में खयानत कर अपने परिचितों के खाते में ट्रांसफर की थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर उसे गिफ्तार किया गया था। इस दौरान सामने आया कि उस पर कर्ज हो गया था और क्रिप्टों करंसी के जाल में फंस गया था। जिसके चलते उसने खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी की। ट्रांसफर किये गये रूपयों में से 17 लाख क्रिप्टो में गंवाये थे, वहीं 25 लाख कर्जदारों को दिये है। एसआई रावत के अनुसार रिमांड अवधि में उससे ढाई लाख रूपये नगद बरामद किये गये है। मामले की जांच जारी है, 62 खाताधारको की जानकारी बैंकों से मांगी गई है। जिसके सामने आने पर विवेचना आगे बढ़ाई जायेगी।

## कक्षा 8 से 12 वीं के बच्चों को किया जागरूक




**उज्जैन।** ऑपरेशन मुस्कान और सायबर अभियान में सोमवार को बड़नगर थाना पुलिस जैन पब्लिक स्कूल पहुंची। स्कूल में कक्षा 8 वीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए छात्राओं को महिला संबंधित अपराधों की जानकारी दी गई। छात्राओं को सायबर फ्रॉड की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान विशेष रूप से विद्यार्थियों को समझाया गया कि कम आयु में बालक/बालिका ना समझी में ऐसे कार्य कर लेते है। जिसके कारण माता-पिता और परिवार को शरमिंदा होने के साथ अपमान का सामना करना पड़ता है। कम उम्र के बच्चों को किसी के बहकावे में नहीं आना है। हर बात माता-पिता से साझा करना है। पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान के दौरान स्कूल में एक मुस्कान पेटी रखवाई गई। जिसमें छात्र-छात्रा अपनी समस्या या कोई अनैतिक कार्य संबंधित जानकारी गोपनीय रूप से डाल सकते है। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि आर्परेशन मुस्कान के दौरान स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में एसडीओपी महेन्द्रसिंह परमार, एसआई चांदनी पाटीदार, आरक्षक हरीश, नितेश रायकवार, स्कूल संचालक, प्राचार्या और शिक्षक उपस्थित थे।

## नृसिंहघाट ब्रिज के पास मिली वृद्ध की लाश

**उज्जैन।** नृसिंह घाट ब्रिज के पास सोमवार को एक वृद्ध का शव महाकाल पुलिस ने लोगों की सूचना पर बरामद किया। मृतक 60 से 65 साल के लगभग है, जिसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस के अनुसार मौत की वजह संभवतः ठंड हो सकती है। वह हुलिये से भिक्षुक भी प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। मृतक के परिजनों का पता लगाया जा रहा है। पहचान नहीं होने पर पुलिस द्वारा अंतिम संस्कार कराया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 768-1 | 259-6 |
| मेन बाजार | 569-0 | 269-7 |
| कल्याण नाइट | 450-9 | 160-7 |
| मिलन डे | 167-4 | 230-5 |
| मिलन नाइट | 123-6 | 450-9 |
| मधुर डे | 788-3 | 137-1 |
| मधुर नाइट | 670-3 | - |
| शुभांक 3 | 6 | 9 |

# भिंड-रतलाम एक्सप्रेस से बदमाशों ने उड़ाया आभूषणों से भरा पर्स

### ग्वालियर की महिला के साथ वारदात, रखे थे 1.15 लाख नगद

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

ट्रेनों में यात्रियों के साथ चोरी की वारदात का सिलसिला लगातार बना हुआ है। अब भिंड-रतलाम इंटरसिटी एक्सप्रेस से 3.40 लाख के आभूषणों से भरा पर्स चोरी होना सामने आया है। पर्स में आभूषणों के साथ 1.15 लाख रूपये नगद भी रखे हुए थे।

ग्वालियर के इंदरगंज स्थित शिंदे की छावनी में रहने वाली आशा भार्गव पति पति महेश भार्गव के साथ भिंड-रतलाम इंटरसिटी एक्सप्रेस के कोच ए-2 बर्थ 20-22 पर सवार होकर ग्वालियर से इंदौर की यात्रा कर रही थी। उन्होने अपना पर्स सीट पर सिरहाने रखा था। उज्जैन से ट्रेन के इंदौर रवाना होने पर रात ढाई बजे नींद खुली तो पर्स गायब था। जिसमें 1.15 लाख रूपये नगद और 40 ग्राम वजनी 4 सोने की चुड़ी कीमत 1.60 लाख, एक जोड़ी सोने की झुमकी 10 ग्राम वजनी 40 हजार, 10 ग्राम के टॉप्स कीमत 40 हजार, 4 ग्राम वजनी सोने की 2 अंगूठी कीमत 20 हजार, 20 ग्राम वजनी चेन कीमत 80 हजार और 5 हजार कीमत की चांदी की पायल रखी हुई थी। चलती ट्रेन में उन्होने 139 पर शिकायत की और इंदौर पहुंचने पर जीआरपी को शिकायत दर्ज कराई।

मामला उज्जैन स्टेशन के आसपास का होने पर इंदौर जीआरपी ने मामला उज्जैन जीआरपी को जांच के लिये भेजा। जीआरपी के अनुसार मामला 6 दिसंबर का है। आशा भार्गव की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### नर्मदा एक्सप्रेस से चोरी हुआ कैमरा

नर्मदा एक्सप्रेस में इंदौर की रहने वाली नेहल पति विपिन राठौर के साथ वारदात होना सामने आया है। नेहल बिलासपुर से इंदौर आ रही थी। इस दौरान उन्होने अपना बेग सीट के पास बर्थ के कुंदे पर लटका दिया था। उज्जैन स्टेशन आने पर नींद खुली तो बेग गायब था। जिसमें एक कैमरा सोनी ए मार्क-२ फुल फ्रेम कीमत 50 हजार दो बैटरी, एक फ्लैश गोडोक्स कंपनी का, दो मेमोरी कार्ड सोनी के, चार ए-4 बैटरी पैनासोनिक कंपनी की, दो बैटरी चार्जर रखा हुआ था। उक्त मामले की शिकातय पर रेलवे हेल्पलाइन नम्बर 139 पर की गई। मामला इंदौर से जांच के लिये उज्जैन जीआरपी को सौंपा गया है।

### जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस में चेन स्नेचिंग

ट्रेन में यात्रा के दौरान चैन स्नेचिंग का मामला जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस से सामने आया है। भोपाल में दर्ज कराई शिकायत उज्जैन जीआरपी के पास जांच के लिये स्थानांतरित की गई है। बताया जा रहा है कि वरूण नगर कोलार रोड भोपाल की रहने वाली अनुमंजरी पति डॉ. संदीप शर्मा जयपुर से भोपाल की यात्रा 6 दिसंबर को ट्रेन के कोच बी-3 सीट नम्बर 39 पर कर रही थी। तभी सीट के पास एक हाउसकिपिंग वाला आकर खड़ा हो गया। अनुमंजरी शर्मा ने उसे हटने के लिये कहा तो उसने गले से चेन झपटी और भाग निकला। अनुमंजरी ने पीछा किया लेकिन बदमाश के हाथ से चेन में लगा पेंडल गिर गया, लेकिन वह चेन लेकर भाग निकला।

वारदात के बाद महिला यात्री ने रेलवे हेल्पलाइन नम्बर 139 पर शिकायत की। भोपाल पहुंचने पर मामला दर्ज कराया गया, लेकिन स्नेचिंग उज्जैन के समीप बेरछा स्टेशन के आसपास हुई थी। भोपाल से जांच उज्जैन जीआरपी को भेजी गई है। अनुमंजरी शर्मा के अनुसार चेन 6 तोला वजनी थी जिसकी कीमत 1.80 लाख रूपये है।

# मोबाइल लोकेशन से पकड़ाया कार चोरी करने वाला बदमाश

### 15 माह से थी तलाश, पंचर होने पर रास्ते में छोड़ भाग था

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

15 माह पहले कार चोरी करने के साथ उसमें रखा मोबाइल लेकर भागे बदमाश को पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस होने पर देवास जिले के भौरासा से गिरफ्तार किया गया है। चोरी के बाद कार कुछ दिन बाद लावारिस हालत में मिल गई थी। लेकिन उसमें रखा मोबाइल गायब था।

नानाखेड़ा थाना एसआई सुरेश कलेश ने बताया कि 10 सितंबर 2024 को पंथपिपलाई से इंदौर के रहने वाले भारतसिंह चौहान की आल्टो कार चोरी हो गई थी। भारतसिंह ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि वह उज्जैन से इंदौर जा रहे थे। पंथपिपलाई में एक दुकान पर रुके, उन्होने कार से चाबी नहीं निकाली थी, वह कुछ मिनट में दुकान से वापास लौटे तो कार गायब थी, जिसमें मोबाइल भी रखा था। अज्ञात बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कर कार की तलाश शुरू की गई थी। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने पर पंथपिपलाई से कुछ किलोमीटर आगे कार लावारिस हालत में खड़ी बरामद हो गई थी, लेकिन उसमें रखा मोबाइल नहीं मिला था। बदमाश की तलाश में लगातार मोबाइल लोकेशन को ट्रेस किया जा रहा था, 15 माह बाद मोबाइल लोकेशन भौरासा जिला देवास में होना सामने आई। जिसके आधार पर कार और उसमें रखा मोबाइल चोरी करने वाले देवराज सेंधव को हिरासत में लिया गया। जिससे उज्जैन लाकर पूछताछ कर मोबाइल बरामद किया, आरोपी ने बताया कि वह नशे की हालत में था, उसे घर जाना था, जिसके चलते उसने कार में चाबी लगी देखी तो चोरी कर ली थी, लेकिन रास्ते में कार पंचर होने पर छोड़ कर भाग निकला था, मोबाइल साथ ले गया था। एसआई कलेश के अनुसार आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। बदमाश का पता लगाने में आरक्षक श्यामवरण और टीम की भूमिका रही।

# एक्सीलेंस और मॉडल स्कूल के छात्रों में चाकूबाजी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

शास्त्रीनगर एक्सीलेंस स्कूल और चिमनगंज क्षेत्र स्थित मॉडल स्कूल के नाबालिग छात्रों के बीच सोमवार को चाकूबाजी हो गई। एक छात्र गंभीर घायल हुआ है। दूसरे को मामूली चोंट लगी है। नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि एक्सीलेंस स्कूल में कक्षा 11 वीं के छात्र का दूसरे छात्र से विवाद हो गया था। एक छात्र ने चिमनगंज क्षेत्र के मॉडल स्कूल के पढ़ने अपने साथियों को बुला लिया। वह विवाद करने वाले छात्र को मारने पहुंचे। लेकिन उनके बीच चाकूबाजी हो गई। एक्सीलेंस में पढ़ने वाले छात्र के पास चाकू था, उसने मॉडल स्कूल से आये 2 छात्रों को चाकू से हमला कर दिये। एक को पेंट में गंभीर चोंट लगी है। दूसरे के हाथ पर चाकू का घाव लगा है। सूचना मिलते ही पुलिस एक्सीलेंस स्कूल पहुंच गई थी। दोनों घायल छात्रों को अस्पताल पहुंचाया गया है। गंभीर घायल का उपचार आईसीयू में चल रहा है। दूसरे छात्र को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई। चाकू मारने वाले छात्र नाबालिग है, जिनके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।

## आदतन 5 बदमाशों को 6 माह के लिये किया जिलाबदर

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

कानून व्यवस्था को बनाये रखने और अपराधों पर अंकुश रखने के लिये पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 5 आदतन बदमाशों को 6 माह के लिये जिले की सीमा से निष्कासित कर दिया है। पुलिस द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने वाले बदमाशों पर जिलाबदर और रासुका की कार्रवाई की जाती है। सोमवार को जिले के पांच बदमाशों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। जिलाबदर किये गये बदमाशों में चिमनगंज थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में रहने वाला नितिन पिता प्रमोद रमानी, यश उर्फ तोत्तू पिता अशोक शर्मा निवासी एम.पी. नगर, नागदा थाना क्षेत्र की नई आबाद बोरखेड़ी पिपल्या मंडी का जीवन पिता गणपत सेठिया, भाटपचलाना थाना क्षेत्र के बालचंद पिता चुन्नीलाल चौधरी निवासी भाटपचलाना और मुश्ताक उर्फ मुन्ना पिता अब्बास पटेल निवासी माधोपुरा शामिल है।

### उत्तर की ठंडी हवाओं ने कपकपी के हालात पैदा किए

# शीतलहर से न्यूनतम तापमान 9 डिग्री,अभी और गिरने के आसार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सोमवार को एक बार फिर से ठंड ने अपना प्रकोप दिखाया है। उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं ने कपकपी के साथ तापमान का पारा नीचे गिराया है। न्यूनतम तापमान शीतलहर से 9 डिग्री सेंटीग्रेड पर आ गिरा है। इसके और गिरने के आसार बराबर बने हुए हैं। उत्तर से आ रही हवाओं में जैसे-जैसे ठंडक बढेगी इससे तापमान में और गिरावट बनेगी।

सोमवार को एक बार फिर से सुबह के समय में ठंडी हवाओं ने आमजन को कपकपा दिया। ठंडी हवाओं का दौर दिन भर जारी रहा। यहां तक की दिन में सूरज की रोशनी के बावजूद भी ठंड का प्रकोप रहा है। उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है। अधिकतम तापमान में एक दिन पूर्व की अपेक्षा मामूली गिरावट का अंतर दर्ज किया गया है।

### सक्रिय पश्चिम विक्षोभ का असर

ठंड ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। उत्तर दिशा से आ रही बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। सुबह के समय हल्का कोहरा फैलने लगा है, जिससे दृश्यता कम हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के चलते बारिश और बर्फबारी जारी है। इन्हीं इलाकों से आने वाली ठंडी हवाएं मध्यप्रदेश में तापमान गिराने का कारण बनी हुई हैं।

नवंबर माह में तापमान 10.8 डिग्री तक आकर सिमट गया था। उसके बाद एक बार फिर से तापमान बढा था। दिसंबर में ठंड के आसार तेज हो गए हैं। रविवार झसोमवार दरमियानी रात ठंडी हवाओं ने एक बार फिर से तेजी का रूख कर लिया। इसके कारण से सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 9डिग्री पर जा पहुंचा। एक दिन पूर्व की अपेक्षा करीब पौने दो डिग्री सेंटीग्रेड गिरा हुआ दर्ज किया गया है। इसके और गिरने की संभावना बरकरार हैं।

शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सोमवार को सुबह न्यूनतम तापमान 9डिग्री एवं शाम को अधिकतम 28.2 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। इस दौरान सुबह आर्द्रता 81 एवं शाम को 36 प्रतिशत दर्ज की गई। सोमवार सुबह हवाओं की गति शून्य रही जबकि दिन में सूर्य की रौशनी के दौरान ठंडी हवाएं 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली।

**दिसंबर में पिछले 5 साल का न्यूनतम तापमान**

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 20-12-21 | 5.0 |
| 14-12-24 | 6.0 |
| 20-12-20 | 6.5 |
| 29-12-22 | 8.8 |
| 23-12-23 | 9.8 |

**दिसंबर में पिछले 5 साल में अधिकतम तापमान**

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 02-12-21 | 16.0 |
| 28-12-20 | 19.0 |
| 29-12-24 | 19.2 |
| 05-12-23 | 20.5 |
| 13-12-22 | 22.0 |

स्त्रोत- शासकीय जीवाजी वेधशाला, उज्जैन
नोट- आंकडे सेंटीग्रेड में हैं।

### शीतलहर एवं ठंड बढेगी

मौसम विभाग की मानें तो दिसंबर माह ठंड के बीच गुजरेगा। वहीं हवा की गति तेज होने पर शीत लहर भी महसूस होगी। वर्तमान में उत्तर में बर्फबारी एवं बारिश का दौर है। उत्तर पूर्व की हवाओं की गति से ठंड का प्रभाव भी बढेगा।

# कलेक्टर श्री सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा की। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट,सभी विभागों के जिलाधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा ब्लॉक वार और समिति वार की।बैठक में खाचरौद में उर्वरक की उपलब्धता होने पर भी पीओएस मशीन में खराबी आने पर तत्काल पीओएस मशीन बदलने के निर्देश दिए गए । किसानों को हुई असुविधा के लिए कलेक्टर श्री सिंह ने अपर कलेक्टर अत्येंद्र सिंह गुर्जर को जांच करने के निर्देश देकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में भावांतर योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा कर जानकारी प्राप्त की और योजना अंतर्गत किसानों के खातों में प्रदाय की जा रही राशि के ट्रांजैक्शन असफल ना हो इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में कुल 1,13,050 किसानों ने भावांतर योजना अंतर्गत पंजीयन किया है। आज दिनांक तक 69,031 पंजीकृत कृषकों द्वारा 12,57,216 क्विंटल सोयाबीन जिले की मंडियों में बेचा गया है।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की विभागवार और अनुविभागवार समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने नगरीय निकायों को आगामी 3 कार्य दिवस में शत प्रतिशत सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को आगामी सप्ताह तक सभी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने शिक्षकों द्वारा ई अटेंडेंस लगाने के कार्य पर जिला शिक्षा अधिकारी को विशेष ध्यान देने और ई अटेंडेंस नहीं लगाने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामि वीरेन्द्रसिंह पिता प्रेमसिंह निवासी ग्राम बरोठीखेडा कालूहेडा, उज्जैन के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 267/4 रकबा 0.42 हैक्टर, सर्वे नंबर 258/1 रकबा 0.02 हैक्टर कुल किता 2 कुल संयुक्त रकबा 0.44 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम बोरखेडी तहसील घटिया व जिला उज्जैन में है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा लिखित अनुबंध पत्र का संपादन कर टोकन राशि अदा कर दी है।
अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।
इति दिनांक 08-12-2025
स्थान- उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट आफिस नंबर सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मोबाईल नंबर- 99264 66157**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री मुन्नीष शर्मा पिता श्री भेरूलाल शर्मा, निवासी 367/167. इदिरा नगर आगर रोड़ उज्जैन से उनके स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 284 स्थित महाश्वेतानगर योजना, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 91.35 वर्गमीटर है, जिसकी चतुर्सीमा में पूर्व में सड़क, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 279. उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 1-ए बैंक कालोनी एवं दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक 283 मिला है तथा भूखण्ड क्रमांक 1-ए स्थित बैंक कालोनी, देवास रोड़ उज्जैन, जिसका कुल क्षेत्रफल 120.51 वर्गमीटर है. जिसकी चतुसीमा में पूर्व में कालोनी की सड़क पश्चिम में भूखण्ड कमाक 13. उत्तर में भूख भूखण्ड क्रमांक 01 अभय भार्गव का एवं दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक 284 महाश्वेतानगर मिला है। मेरे पक्षकार ने उपरोक्त दोनों सम्पत्ति को क्रय कर अनुबंध पुत्र संपादित कर आशिक राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त सम्पत्ति के विक्रय पुत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उवत वर्णित सम्पत्ति पुर किसी बैंक, व्यक्ति वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार हक, अधिकार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर प्रभार बोझ पेनल्टी दंड ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित दान, वलेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर अनिवार्यतः मुझे फोन पर आपत्ति दर्ज कराकर उसके पश्चात सप्रमाण लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।
इति दिनांक 08-12-2025

**प्रकाशचंद्र करील, एडव्होकेट डी/1 का भाग, भरतपुरी काप्लेक्स आर.टी.ओ के पीछे, देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.), मोबाईल नंबर - 7067909621**

## In The Court Of IX Civil Judge Class -I District Court, Ujjain

**Presiding Officer : श्री अर्पित जैन**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000064/2025)
ललिता देवी ........................ आवेदक
Vs
परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास.......... अनावेदक

Process Id -/2025
पेशी दिनांक :- 22/12/2025

प्रेषिती -
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ललिता देवी पत्नि विधवा स्व. श्री दिलीप कुमार बडोदिया, आयु-52 वर्ष, धंधा-गृहकार्य, निवासी-65/6 महावीर ऐवेन्यू गोपालपुरा मक्सी रोड उज्जैन म प्र की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन उसके पति स्व. दिलीप कुमार, अनावेदक क्र.1 परियोजना अधिकार, महिला एवं बाल विकास बडोद जिला आगर मालवा म प्र के कार्यालय में सहायक ग्रेड-3 के पद पर अपनी मृत्यु दिनाक 09/10/2025 तक कार्यरत रहे है व अनावेदक क्र.2 कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास आगर जिला आगर मालवा म.प्र, क्र.3 जिलाधीश, आगर जिला आगर मालवा म.प्र. क्र.4 संभागीय, संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास उजैन संभाग उज्जैन म प्र कार्यालय भरतपुरी उज्जैन म प्र उसके पति के विभाग के उच्च पदाधिकारी थे। स्व. दिलीप कुमार बडोदिया ने अपने जीवनकाल आवेदिका से दूसरी पत्नि के रूप में दिनांक 03/02/2019 को उनकी प्रथम पत्नि श्रीमती मीना का देहांत दिनांक 19/04/1999 को हो जाने के पश्चात विधिवत हिन्दू रीति रिवाज अनुसार संपादित किया था तथा इस विवाह का पंजीयन भी आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म प्र शासन के अंतर्गत पंजीयन क्रं आरएस/435/2307/113/2019 को दिनां 09/03/2019 को पंजीयन हुआ था जिसका प्रमाण पत्र आवेदिका को प्राप्त हुआ था तथा विवाह के संबंध में आवेदिका व उसके पति स्व. दिलीप कुमार के मध्य दिनांक 24/05/2019 को सहमति पत्र/समझौता पत्र एवं वसीयतनामा भी इस बाबत संपादित हुआ था कि इस समझौता पत्र की शर्त कं. 6 अनुसार स्व. दिलीप कुमार की मृत्यु के पश्चात आवेदिका उनके उत्तराधिकारी के रुप में पेंशन लेने, विभाग में नामांकन करवाने एवं प्राविडेंट फण्ड, जीपीएफ, ग्रेच्युटी आदि जो भी पैसा उनके सर्विस के रहते हुए प्राप्त होना है एव भविष्य में पेशन भी प्राप्त करने की अधिकार रहेगी इस लेख की कण्डिका 07 के अनुसार आवेदिका को उनके बैंक अकाउण्ट, चल अचल संपत्ति आदि में भी उत्तराधिकारी के रुप में प्राप्त करने का अधिकार होगा। स्व. दिलीप कुमार ने दिनांक 20/10/2014 को अपने जीवनकाल में कार्यालय परियोजन अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजन बेरछा जिला शाजापुर के समक्ष आवेदिका को विभागीय अभिलेखों में नामिनेट करने हेतु विभागीय दस्तावेज में अपनी ओर से इंद्राज भी किया था व इस इंद्राज पर पिरयोजन अधिकारी ग्राम बेरछा के द्वारा तत्समय अपनी स्वीकृति भी दी गई थी किन्तु अनावेदक के विभाग द्वारा इस नामांकन की कार्यवाही को अग्रसर नहीं किया गया जिसके कारण आवेदिका को स्व. दिलीप कुमार की मृत्यु के पश्चात प्राप्त होने वाले लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। स्व. दिलीप कुमार की प्रथम पत्नि स्व. मीना की पुत्री अनावेदक क्रं. 6 आकांक्षा व क्र. 7 निधि को विभागीय दस्तावेजों में नामिनेट ट्रस्टी कर दिया किन्तु आवेदिका स्व. दिलीप कुमार की विधिवत धर्मपत्नि होकर उन्हें उनके मृत्यु पश्चात मिलने वाले समस्त विभागीय लाभ जैसे ग्रेच्युटी, जीपीएफ फण्ड, बीमा राशि बकाया वेतन, पेंशन आदि प्राप्त करने का अधिकार है। आवेदिका पता ने मृतक स्व. श्री दिलीप कुमार बडोदिया निवासी 65/6 महावीर ऐवेन्यू गोपालपुरा मक्सी रोड उजैन म प्र की समस्त विभागीय लाभ जैसे ग्रेच्युटी, जीपीएफ फण्ड, बीमा राशि बकाया वेतन, पेंशन आदि राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 22 December 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 22 December 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 01 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(अर्पित जैन)**
**नवम् व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## उपचार भरा स्पर्श



एक बार मैं डॉक्टरों के समूह से स्पर्श की उपचार-शक्ति (हीलिंग पावर) के बारे में बात कर रही थी। शुरू में मैं आशंकित थी कि यह सफल होगा कि नहीं, क्योंकि मैं उनका मार्ग-दर्शन करने का साहस कर रही थी, जो लोग मानव-शरीर के बारे में इतना कुछ जानते हैं। पहले मैंने उन्हें स्पर्श के माध्यम से एक-दूसरे से संपर्क करने को कहा। अब स्पर्श सभ्य समाज में उपेक्षित और निंदित है। किसी को छूने में लोग झिझक अनुभव करते हैं, क्योंकि स्पर्श सेक्स का पर्यायवाची बना हुआ है। इसलिए पहले तो डॉक्टरों को एक-दूसरे को अकारण छूना अजीब लगा, मगर बाद में वे थोड़ा सहज हुए, क्योंकि मैंने इसे ध्यान की विधि के साथ जोड़ा था। कुछ देर बाद तो उन्होंने इसका आनंद लेना शुरू कर दिया।शरीर की त्वचा अति संवेदनशील इंद्रिय है और वह स्पर्श के लिए वैसी ही प्यासी होती है, जैसे कोई प्यासा पानी के लिए। उनमें एक वृद्ध डॉक्टर थीं, जिनका कैंसर का ऑपरेशन हुआ था। दवाइयों का ह्यडोजह्व पूरा हो चुका था, अब वे हीलिंग यानी उपचार की अवस्था में थीं। स्पर्श का सबसे ज्यादा आनंद उन्होंने ही लिया। उन्होंने कहा, उन्हें ऐसे लगा, जैसे गहरे घाव भर गए हों, उन्हें प्रेमपूर्वक स्वीकार कर लिया गया हो।

स्पर्श सबसे पहली भाषा है, जो हम जन्म के साथ सीखते हैं। नवजात शिशु के लिए पहला संपर्क होता है मां के हाथों का, उसकी छाती की ऊष्मा का। उसके लिए स्पर्श एकमात्र जरिया होता है इस दुनिया से जुड़ने का और वह अनुभव हम सभी के साथ जीवन भर रहता है- प्रेम और सुरक्षा की निःशब्द अंतधार्रा। जो बच्चे बचपन में प्रेमपूर्ण स्पर्श से वंचित रह जाते हैं, उन्हें बड़े होने पर बहुत भावनात्मक समस्याएं रहती हैं।

मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि निर्मल ह्यनॉन-सेक्सुअलह्व स्पर्श में महान उपचार क्षमता है। यह सभी को फिर से युवा कर देता है और यह उन मरीजों के लिए ज्यादा प्रभावी है, जो इलाज के बाद स्वस्थ होने के रास्ते पर हैं। एक प्यार भरा स्पर्श हजारों शब्दों से ज्यादा बोलता है। रोजाना की बातचीत में भी यदि आप लोगों की पीठ पर हाथ रखकर, बांह पर एक दोस्ताना स्पर्श के साथ, या हार्दिक आलिंगन द्वारा संवाद करते हैं, तो आपकी भावनाएं उस व्यक्ति तक अच्छी तरह पहुंचेंगी।

समाज में स्पर्श पर काफी पाबंदियां लगी हुई हैं। किसी को सहज भाव से छूना दूसरे के निजी क्षेत्र में घुसपैठ करने जैसा लगता है। बहुत से पिता अपने बेटों को गले लगाने से झिझकते हैं, इस डर से कि इसका न जाने क्या असर होगा। लेकिन स्पर्श हमारे आस-पास के लोगों के साथ स्नेहपूर्ण संबंध बढ़ाता है। आज के बिखरते हुए परिवारों में स्पर्श एक इलाज, एक सेतु की तरह काम कर सकता है।



**सम्पादकीय**

# जलवायु की चिंता

जलवायु की चिंता जरूरी है और दिल्ली सरकार ने प्रदूषण रोकने के लिए जो नए प्रयास शुरू किए हैं, उनका स्वागत होना चाहिए। प्रदूषण और जलवायु संबंधी संकट से निपटने के लिए विशेषज्ञता बहुत जरूरी है। विशेषज्ञों की जरूरत को सर्वोच्च न्यायालय ने भी रेखांकित किया था और उसी दिशा में दिल्ली सरकार की पहल अनुकरणीय है। दिल्ली में अगर ऐसे प्रयास सफल होते हैं, तो उन्हें देश में बाकी स्थानों पर लागू किया जा सकता है। इतना तो तय है कि हम अगर नहीं सुधरे, तो प्रदूषण की बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। साथ ही, बढ़ते प्रदूषण की वजह से जलवायु संकट भी तेजी से बढ़ेगा। आज भारत दुनिया के उन दस देशों में शामिल है, जिनको खराब जलवायु की कीमत सबसे ज्यादा चुकानी पड़ रही है। कॉप30 में भी यह बात सामने आई थी कि भारत चरम मौसम की घटनाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले देशों में शुमार है। इसमें चिंता की बात यह है कि जिस स्तर की सक्रियता भारत में चाहिए, वह नहीं है। विभिन्न संस्थाओं और नागरिक स्तर पर भी जिस प्रकार से निष्क्रियता दिखती है, उसे नजरंदाज नहीं किया जा सकता।

विभिन्न अध्ययनों पर हमें गौर करना चाहिए और यह एहसास सबको होना चाहिए कि जलवायु के प्रति लापरवाही अक्षम्य है। भारतीय रिजर्व बैंक और विश्व आर्थिक मंच के आंकड़ों को अगर हम देखें, तो साल 2030 तक जलवायु-जनित चरम घटनाओं के कारण भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 4.5 प्रतिशत तक हिस्सा गिरावट के महत्वपूर्ण जोखिम में पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त, सदी के अंत तक जलवायु संबंधी मुद्दों के कारण भारत को अपनी राष्ट्रीय आय का 6.4 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक का नुकसान हो सकता है। जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चरम घटनाएं भौतिक बुनियादी ढांचे को नष्ट कर देती हैं, श्रम घंटों का नुकसान करती हैं और उत्पादकता को भी कम करती हैं। ये घटनाएं विकास परियोजनाओं के पूरा होने में देरी का कारण भी बनती हैं। जब परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं होती हैं, तो फिर निवेश में भी कमी आती है। बढ़ता प्रदूषण और मौसम का बार-बार प्रतिकूल होना विकास में बाधा बन जाता है। दूसरी ओर, इसका एक बड़ा असर स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। एक नए अध्ययन से पता चला है कि जलवायु-संवेदनशील जिलों में बच्चों और महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। ऐसे क्षेत्रों में बच्चों का वजन कम होने की आशंका 1.25 गुना, बौनेपन की आशंका 1.15 गुना ज्यादा बढ़ जाती है।

### विकल्प, प्रतिस्पर्धा और न्याय: अब फैसला हमारे हाथ में

# इंडिगो का संकट: एकाधिकार और देश की उड़ान पर खतरा



कभी आसमान आम आदमी का सपना था। आज हवाई यात्रा केवल अमीरों का खेल बन गई है। दिल्ली से चेन्नई का 9 हजार का टिकट अचानक 60-80 हजार तक पहुँच गया। यह केवल किराया नहीं, यह भारतीय एविएशन की नग्न सच्चाई का उद्घोष है। इंडिगो का हालिया मेल्टडाउन कोई आकस्मिक घटना नहीं; यह उस कमजोर ढांचे की चेतावनी है जिस पर वर्षों तक भरोसा किया गया। जब एक ही कंपनी के पास 63% से अधिक बाजार होता है, तो उसकी गड़बड़ी पूरे देश को हिला देती है। सबक साफ है–जब सारा दांव एक घोड़े पर होगा, और वह घोड़ा लंगड़ा हो, तो पूरा देश लंगड़ाएगा।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

इंडिगो कभी लो-कॉस्ट किंग थी। आज वही किंग बिना ताज और बिना तैयारी के संकट के बीच नंगा खड़ी है। नया एफडीटीएल (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) नियम आया–पायलटों को पर्याप्त आराम मिले। यह सही कदम है, लेकिन तैयारी न के बराबर थी। परिणाम भयानक रहा। पायलटों की भारी कमी, क्रू शॉर्टेज और सिस्टम क्रैश ने दिल्ली के मुख्य हब से उड़ानों को रद्द कर दिया। मुंबई में टिकट 48-93 हजार और बेंगलुरु में 80-92 हजार तक पहुँच गई। एक माँ अपनी बीमार बेटी के साथ दिल्ली नहीं पहुँच पाई। एक स्टार्टअप फाउंडर 2 करोड़ की फंडिंग राउंड चूक गया। यह केवल आंकड़े नहीं; यह टूटते सपनों और जीवन की कहानियाँ हैं।

सच्चाई यह है कि सस्ती उड़ानों का सपना पूरा करने के चक्कर में हमने हवाई यात्रा की रीढ़ ही तोड़ दी। पिछले दो वर्षों में इंडिगो के चालीस से अधिक विमान जमीन अभी भी प्रैट एंड व्हिटनी इंजन की खराबी के कारण ग्राउंडेड हैं। नए विमानों के आदेश में देरी और वैकल्पिक योजना की कमी ने हालात और गंभीर बना दिए। स्पाइसजेट दिवालिया होने की कगार पर है। विस्तारा और एयर इंडिया का विलय 2024 में पूरा हो चुका है, लेकिन एकीकरण प्रक्रिया अभी जारी है। अकासा तेजी से नई उड़ानें शुरू कर रही है, लेकिन अभी उसका प्रभाव सीमित है। परिणाम स्पष्ट है– इंडिगो की एक छींक पूरे क्षेत्र को हिला देती है। यह केवल एकाधिकार नहीं है; यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे की चेतावनी है।

सुधार की शुरूआत तभी होगी जब हम एकाधिकार के खतरे को गंभीरता से समझें। टाटा को अपने विमान बेड़े में तेजी से तीन सौ नए विमान शामिल करने की अनुमति दी जानी चाहिए। अकासा को अपने 222 विमानों के मौजूदा ऑर्डर को तेजी से पूरा करने का अवसर मिलना चाहिए। नए निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए फ्लाइट राइट्स को पूंजी बाजार में लाना अनिवार्य है। इससे न केवल प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, बल्कि यात्रियों के लिए विकल्प और किरायों में स्थिरता भी आएगी।

सिर्फ.कंपनियों को विस्तार देने से ही काम नहीं चलेगा। हवाई अड्डों के बुनियादी ढांचे पर भी तेजी से काम करना अनिवार्य है। जेवर, नवी मुंबई और 2030 तक बनने वाले पचास नए हवाई अड्डे केवल इमारतें नहीं हैं; ये पूरे भारतीय हवाई नेटवर्क की जीवन रेखा हैं। भीड़भाड़ वाले हबों को कम करना, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाना और लॉजिस्टिक सिस्टम को मजबूत करना अब सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इससे देशभर में उड़ानों की सुगमता बढ़ेगी और एयरलाइंस के संचालन में स्थिरता सुनिश्चित होगी।

साथ ही, पायलटों की गंभीर और लगातार बढ़ती कमी को तुरंत और प्रभावी ढंग से दूर करना अनिवार्य है। वर्तमान में भारत में लगभग दस-बारह हजार सक्रिय पायलट हैं, जबकि 2030 तक यह संख्या बीस हजार से अधिक होना चाहिए, ताकि देश का घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई नेटवर्क सुचारु रूप से संचालित हो सके। इसके लिए नई उड़ान अकादमियाँ खोली जानी चाहिए और मौजूदा प्रशिक्षण क्षमता को कई गुना बढ़ाना होगा। साथ ही, लड़कियों को प्रोत्साहित करने और महिला पायलटों की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। यह केवल संख्या का सवाल नहीं है; यह उद्योग की मजबूती और समाज में समान अवसरों की अनिवार्यता का प्रतीक है।

किराया नियंत्रण पर भरोसा करना समाधान नहीं है। आज टिकट साठ-पैंसठ हजार इसलिए हैं क्योंकि सप्लाई कम है, मांग नहीं। सप्लाई बढ़ाओ–नए विमान, नई एयरलाइंस, सुचारु संचालन–और किराया अपने आप आठ हजार तक नीचे आ जाएगा। यह अर्थशास्त्र का बुनियादी नियम है, जिसे हम भावनाओं और तात्कालिक निर्णयों में भूल चुके हैं। यह संकट दर्द जरूर दे रहा है, लेकिन यह शायद आखिरी ऐसा दर्द हो सकता है। अगर सरकार और उद्योग ने आज साहस दिखाया, तो 2027 तक भारत का घरेलू हवाई नेटवर्क दुनिया का सबसे मजबूत, सबसे सस्ता और सबसे विविध नेटवर्क बन सकता है।

साठ-अस्सी हजार का टिकट हमें यह कटु सच याद दिला रहा है कि आसमान किसी एक कंपनी की जागीर नहीं हो सकता। सस्ती उड़ान का सपना तभी साकार होगा जब उसे किसी एकाधिकार की दया, मनमानी और कमजोरी पर निर्भर न रहने दिया जाए। आकाश किसी एक का नहीं–वह हम सबका अधिकार है, हमारी सामूहिक उम्मीद है। अब फैसला हमारे हाथ में है। या तो हम अपना आसमान वापस छीनकर संतुलित, मजबूत और न्यायपूर्ण व्यवस्था बनाएँ, या फिर हमेशा जमीन पर खड़े होकर महँगी उड़ानों के सामने बेबस आँसू बहाते रहें।

## रुपया लुढ़कने की कथा

धर्मनिष्ठ नगर में मास्टर गंगाप्रसाद रहते थे, जो सुबह अखबार पढ़कर देशभक्ति से भर जाते और शाम तक सब्जी मंडी में प्याज की कीमत देख कर देश के आर्थिक भविष्य पर शोकसभा कर लेते।एक दिन उन्होंने जेब से पुराना चमकदार रुपया निकाला और बोले, देखो, ये वही रुपया है जो आजादी के बाद गोल बनाकर छोड़ा गया था, ताकि अर्थव्यवस्था गोल-मोल तरीके से चले। जैसे ही उन्होंने रुपया मेज पर रखा, वह लुढ़कते-लुढ़कते सीधे टीवी पर चल रहे चुनावी

विकास नारायण, हर भाषण में कहते, रुपया हमारे संस्कारों की तरह मजबूत है, बस थोड़ा विदेश घूमने निकला है।वोटर इस वाक्य का अर्थ नहीं समझते, लेकिन ताली बजाते, क्योंकि ताली की आवाज में गैस सिलिंडर की कीमत दब जाती। नेता-जी की पार्टी ने घोषणा की कि अब डिजिटल भारत में नकदी की जरूरत नहीं, इसलिए रुपये का गिरना कोई मुद्दा नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजिकल प्रगति है। मास्टर गंगाप्रसाद ने ठान लिया कि गोल रुपये की यह त्रासदी अब नहीं चलेगी। उन्होंने नगर में चौरस रुपया मोर्चा बना दिया और पोस्टर लगवाए झ रुपया चौरस होगा, तो लुढ़केगा नहीं, सीधे जनता की जेब में बैठेगा। कुछ दिनों में मोर्चा इतना सफल हो गया कि बगल की चाय की दुकान पर भी पोस्टर चिपक गए: यहाँ चाय गोल, पर रुपया चौरस चाहिए।

राष्ट्रीय न्यूज चैनल ने इस पर बहस रखी झ क्या चौरस रुपया राष्ट्रवाद के खिलाफ है? एक पक्ष के विशेषज्ञ बोले, गोल रुपया प्राचीन भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, चौरस रुपया विदेशी साज़िश। दूसरे पक्ष ने जवाब दिया, जब अर्थव्यवस्था चौपट हो सकती है, तो रुपया चौरस क्यों नहीं?एंकर ने निष्कर्ष दिया, दोनों पक्ष मजबूत हैं, असली सवाल यह है कि ब्रेक के बाद कौन-सा स्पॉन्सर आएगा। धर्मनिष्ठ नगर के प्रसिद्ध पंडित आत्मानंद शास्त्री ने घोषणा की कि रुपया गिरने का असली कारण ग्रह-दोष है, न कि सरकार-दोष।उन्होंने रुपया स्थिरीकरण यज्ञ रखा, जिसमें शर्त थी कि हर भक्त कम से कम सौ रुपये की आहुति दे, ताकि रुपया आग में चढ़कर पवित्र होकर वापस आए।भक्तों ने नोट चढ़ाए, पंडित जी ने थाली में चढ़ाया और बोले, यज्ञ सफल, अब रुपया और नहीं गिरेगा, बस जनता की जेब से गायब रहेगा।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 09 दिसंबर 2025
मंगलवार
सूर्योदय - 07:00 सूर्यास्त 17:39
पौष मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:30 से 16:30 तक
तिथि - पंचमी 14:29 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - अश्लेषा 02:23 उपरांत मघा
योग - ऐन्द्र 14:33 उपरांत वैधृति
करण - तैतिल
चन्द्रमा - कर्क में है। 26:23 पर सिंह में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जमादि उस्मानी मास 17 तारिख

**मेष-** शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृषभ-** जल्दबाजी न करें। लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी।

**मिथुन-** भाग्य का साथ रहेगा। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**कर्क-** धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**सिंह-** किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**कन्या-** वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**तुला-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृश्चिक-** नौकरी में संतोष रहेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु-** शारीरिक कष्ट संभव है। यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर-** घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ-** शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा। बड़ा काम करने की योजना बनेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन-** लाभ होगा। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

# भगवान से माँगे ये दस चीजें

एक बार सुबह-सुबह 4 बजे एक स्वप्न आया। भगवान ने मुझे दर्शन दिए और कहा पुत्र वर माँग। मैं एक दम अवाक रह गया, भगवान् ने पुनः कहा- भक्त मैं तेरी भक्ति से प्रसन्न हूँ वर माँग।



कमलेश शर्मा
दैनिक अवन्तिका

मैंने कहा- प्रभु आपने मुझे सब कुछ तो दिया है, मुझे कुछ नहीं चाहिए। आपने अच्छा घर परिवार, पत्नी, बच्चे, बहु, गाड़ी, पद, पैसा, सुख-शान्ति सब कुछ तो दिया है।

अब मैं क्या माँगू? भगवान् ने कहा- मैं आया हूँ तो खाली हाथ नहीं लौटूँगा, कुछ ना कुछ देकर ही जाऊँगा। मुझे केवट की बातें याद आ गई।

बहुत किन्ह प्रभु लखन सियँ, नहिं कछु केवटु लेइ।
बिदा कीन्ह करुनायतन भगति बिमल बरु देइ।।

जब कोई चाहत नहीं होती है, तब भगवान भक्ति का वर देते हैं। सुतिक्ष्णजी को भगवान् माँगने का कहते हैं, यह भक्त तो और एक कदम आगे निकल गया। मुनि कहते हैं-

मुनि कह मैं बर कबहुँ न जाचा, समुझि न परइ झूठ का साचा।
तुम्हहि नीक लागै रघुराई। सो मोहि देहु दास सुखदाई।।

मैंने वर की कभी परीक्षा नहीं की, पता नहीं वरदान सच होते हैं या झूठ, आपको जो अच्छा लगे वह दे दो।

अनुज जानकी सहित प्रभु चाप बाण धारी राम
मन हिय गगन इंदु इव बसहु सदा निहकाम॥
कीजै नाथ हृदय मँह डेरा।।
राम लखन सीता सहित हृदय बसहु सुर भूप

मैंने प्रभु से कहा मुझे वर नहीं एक बालक कपिल के लिये वधु चाहिये, भगवान हँस दिये और बोले वो मेरे ऊपर छोड़ दे, मैं फिर निश्चिंत हो गया।

मेरी नींद खुली, मैं सावधान होकर बैठ गया और ये 10 चीजें मांग बैठा-

1. वह शक्ति हमें दो दयानिधे कर्तव्य मार्ग पर डट जाए, पर सेवा पर उपकार में हम-हम जग जीवन सफल बना जाए।
2. हे प्रभु आनन्ददाता ज्ञान हमको दीजिए, शीघ्र सारे सद्गुणों से पूर्ण हमको कीजिए।
3. इतनी शक्ति हमें देना दाता, मन का विश्वास कमजोर होना, हम चल नेक रस्ते पे हमसे भूलकर भी कोई भूल होना।
4. नहीं मांगते धन और दौलत, ना चांदी ना सोना, हम तो मांगे तेरे चरणों में एक छोटा-सा कौना।
5. तुम्हें रिझाने आया हूँ पर नहीं लाया हूँ धन दौलत मांग रहा हूँ भक्ति केवल, नहीं मांगता धन दौलत।
6. हम को मन की शक्ति देना, मन विजय करे।
7. हे नाथ अब तो ऐसी दया हो, जीवन निरर्थक न जाने न पाए
8. नन्दलाल गोपाल दया करके, रख चाकर अपने द्वारा मुझे धन दौलत और किसी को दे, बस दे दे अपना प्यार मुझे
9. न माँगू सोना चांदी, ना मांगू हीरे मोती ये तो है बस नाम के, देता है दिल दे बदले में दिल के
10. नाथ भगति अति सुखदायनी। देहु कृपा करि अनपायनी॥
अब कृपाल निज भगति पावनी। देहु सदा सिव मन भावनी॥

यह सुनकर भगवान् भी सोच में पड़.गए कि ये कैसा निराला भक्त है और धीरे से तथास्तु कहकर अन्तध्यान हो गये।

# गर्म मोजे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाते हैं या सिर्फ भ्रम? फिजीशियन ने खोला राज



क्या गर्म मोजे वास्तव में ब्लड सकुर्लेशन बढ़ाते हैं? फिजीशियन बताते हैं कि गर्म मोजे सीधे तौर पर रक्त संचार नहीं बढ़ाते, बल्कि ठंड में शरीर द्वारा रक्त वाहिकाओं को संकुचित करने से रोककर अप्रत्यक्ष रूप से इसे बेहतर बनाए रखते हैं, खासकर कमजोर ब्लड सकुर्लेशन वाले लोगों और डायबिटिक मरीजों के लिए।

सर्दियों के दौरान सबसे ज्यादा ठंडे हमारे पैर रहते हैं। ठंड के मौसम में अचानक से पैर एकदम ठंडे हो जाते हैं। इसके पीछे डायबिटीक न्यूरोपैथी में होने वाली जलन से लेकर सुन्नपन तक, हमारे पैरों की सेहत हमारे पूरे शरीर की सेहत से गहराई से जुड़ी होती है। इस मौसम में ठंडे पैरों को गर्म रखने के लिए अक्सर लोग घर के अंदर भी गर्म मोजे पहनना पसंद करते हैं। कई लोगों को मानना होता है कि पैरों को गर्म रखने के लिए खून का प्रवाह अपने आप तेज हो जाता है। हालांकि, कुछ लोगों को मानना है कि यह केवल एक मिथ है और गर्म मोजे पहनने से सर्कुलेशन पर कोई असर नहीं दिखता है। आइए आपको बताते हैं पूरी सच्चाई क्या है?

क्या गर्म मोजे पहनने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है?


हेल्थ एक्सपर्ट ने मोजे सीधे तौर पर रक्त संचार को नहीं बढ़ाते, लेकिन वे कई तरीकों से इसे बेहतर बनाए रखने में मदद करते हैं। ठंड बढ़ने पर शरीर रक्त वाहिकाओं को संकुचित कर देता है, जिससे पैरों में रक्त प्रवाह कम हो जाता है। ऐसे में गर्म मोजे शरीर से निकलने वाली गर्मी को रोकते हैं, जिससे ब्लड वैसेल्स के अत्यधिक संकुचन की आवश्यकता नहीं पड़ती। इस तरह वे अप्रत्यक्ष रूप से रक्त संचार को संतुलित रखने में सहायक होते हैं। इसलिए ठंड के मौसम में गर्म मोजे एक प्रकार के थर्मल प्रोटेक्शन की तरह काम करते हैं।

### गर्म मोजे पहनने के फायदे

- गर्म मोजे पहनने से कई फायदे तो जरुर मिलते हैं, जैसे कि- जिन लोगों का ब्लड सकुर्लेशन कमजोर हो।
- ठंडे पैर ब्लड फ्लो को और खराब करते हैं, ऐसे में गर्म मोजे पैर को इंसुलेटेड रखता है और सुन्नपन कम कर देता हैं।
- सोते समय पैर गर्म रखने से शरीर तेजी से स्लीप मोड में चला जाता है। वहीं, डायबिटिक मरीजों में पैरों में जलन सिंड्रोम होने पर भी राहत देता है।

**धर्म-आस्था**

# हिंदू धर्म के चार आधार स्तंभ: जानिये वेद, उपनिषद और पुराण के बीच अंतर और महत्व



हिन्दू धर्म हो या अध्यात्म, इन सबकी नींव वेद, वेदान्त, पुराण और उपनिषद हैं। इन चारों की अपनी विशेषताएं और जानकारियाँ हैं। अधिकतर लोग इनके बीच का अंतर नहीं समझ पाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है, तो चलिए जानते हैं इस बारे में...

भारतीय दर्शन, अध्यात्म और हिंदू को जानने और समझने के लिए वेद, उपनिषद, वेदान्त और पुराण सबसे विश्वसनीय स्रोत माने जाते हैं। इन चारों का संबंध एक-दूसरे से है, लेकिन हर एक का कार्य अलग है। इन सभी के ज्ञान का आधार और उद्देश्य अलग-अलग हैं। इन सभी में वेद सबसे प्राचीन ग्रंथ हैं, उपनिषद उनका दार्शनिक सार प्रस्तुत करते हैं, वेदान्त उपनिषदों की व्याख्या और निष्कर्ष है, जबकि पुराण धार्मिक कथाओं और इतिहास का संग्रह हैं। चलिए जानते हैं सभी के बारे में विस्तार से...वेद क्या हैं? वेद हिन्दू धर्म के सबसे प्राचीन और आधारभूत धर्मग्रंथ हैं। इन्हें श्रुति कहा जाता है क्योंकि ये ऋषियों द्वारा सुने गए और पीढ़ी दर पीढ़ी मौखिक रूप से आगे बढाए गए। बाद में इन्हें पुस्तक के रूप में संकलित कर लिया गया। वेद चार प्रकार के हैं। चारों वेदों में से ऋग्वेद सबसे पुराना है। इसमें 1028 सूक्त हैं। दूसरा वेद है सामवेद, जो मुख्यतः संगीत और मंत्रों का संकलन है। तीसरा वेद यजुर्वेद है, जो यज्ञ और अनुष्ठानों से संबंधित है। चौथा वेद अथर्ववेद है, जो दैनिक जीवन, चिकित्सा और तंत्र-मंत्र से जुड़ा हुआ है। वेदों को अपौरुषेय माना जाता है, अर्थात ये किसी मानव द्वारा रचित नहीं बल्कि दिव्य ज्ञान हैं।

### वेदान्त क्या है?

वेदान्त का शाब्दिक अर्थ है ह्यवेदों का अंतह्व या निष्कर्ष। वेदान्त की नींव उपनिषदों पर आधारित है। इसे उत्तर मीमांसा भी कहा जाता है। इसके मुख्य ग्रंथ प्रस्थानत्रयी, उपनिषद, भगवद्गीता और ब्रह्मसूत्र है। वेदान्त आत्मा और ब्रह्म के अद्वैत (एकत्व) पर बल देता है। इसके विभिन्न मत हैं झ अद्वैत (शंकराचार्य), विशिष्टाद्वैत (रामानुज), द्वैत (मध्वाचार्य) आदि।

### पुराण क्या है?

पुराण हिन्दू धर्म के धार्मिक आख्यान ग्रंथ हैं, जिनमें देवताओं, ऋषियों, राजाओं और सृष्टि की कथाएँ वर्णित हैं। कुल 18 प्रमुख पुराण हैं। इन पुराणों में ब्रह्म पुराण, विष्णु पुराण, शिव पुराण, भागवत पुराण, पद्म पुराण आदि हैं। पुराणों में सृष्टि की उत्पत्ति और विनाश, देवताओं और अवतारों की कथाएँ, धर्म-अधर्म और कर्मफल, तीर्थस्थलों और पूजा विधियों का वर्णन मिलता है।

### उपनिषद क्या है?

उपनिषद वेदों का दार्शनिक भाग हैं, जिन्हें वेदान्त भी कहा जाता है। इनकी संख्या लगभग 108 माने जाते हैं, जिनमें से 13 मुख्य हैं झ ईश, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य, तैत्तिरीय, ऐतरेय, छान्दोग्य, बृहदारण्यक आदि। उपनिषदों ने भारतीय दर्शन को गहन आध्यात्मिक और तात्त्विक आधार दिया।

## इन्दौर मंडी भाव

### अनाज भाव

सोयाबीन- 4066 (औसत), गेहूं- 2420, गेहूं सुजाता- 1100, मक्का- 1,350 (औसत), डॉलर चना- 6,055 (औसत), देसी चना- 4,510 (औसत), चना कांटा- 4470 (औसत), आमचूर- 7,155 प्रति क्विंटल, मसूर- 5,500 (औसत), मूंग- 6,105 (औसत), मूंग एवरेज- 4043 से 6200, तुअर- 1470 से 6100, तुअर सफेद महाराष्ट्र- 1100 से 6600

### सब्जी भाव

सेब- 410-500, केला- 110-320, टमाटर- 210 से 400, कद्दू- 100 से 500, खीरा- 374 से 810, करेला- 220 से 710, लौकी- 100 से 500, बेंगन- 200 से 340, , फुल गोभी- 270 से 1000, अदरक- 532 से 700, हरी मिर्च-1280 से 3100

### आलू भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर आलू- 2350, गुल्ला आलू- 2550, ज्योति आलू- 1450, चिप्सोना आलू- 860, छांटन आलू- 1075,

### प्याज भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर प्याज- 2,350, सुपर प्याज- 3,100, एवरेज प्याज- 3,000

### लहसुन भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर लहसुन- 16,025, सुपर लहसुन- 10,600, एवरेज लहसुन- 11,000

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1941-2185, चना काबली- 3730-9212, चना देशी- 3501-5512, बटला- 3501-800, धनियाा- 6600-8000, मसूर- 6061-6121, सोयाबीन- 1900-5450, मौथीदाना- 4140, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्र्ड- 1,28,200, रवा- 1,28,100 चांदी- टंच- 1,75,300 पाट- 1,75,200।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



पटाडिया धाकड़ में कांग्रेस ने मनाया संविधान दिवस सप्ताह

## अंबेडकर के विचारों को लोगों तक पहुंचाने का आह्वान

**सारंगपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर उदनखेड़ी ब्लाक के पटाडिया धाकड़ मंडलम में कांग्रेसियों ने संविधान दिवस सप्ताह मनाया। जिसके तहत कांग्रेसियों ने पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के निर्देश पर संविधान बचाओ समारोह का आयोजन किया। वक्ताओं ने कहा कि भारत के संविधान को 26 नवंबर 1949 में स्वीकार किया गया था और 26 जनवरी 1950 को प्रभाव में आया था। इस मौके पर पूर्व जिला युकां अध्यक्ष सुनील नागर ने कहा कि कांग्रेस पूरे सप्ताह तक संविधान बचाओ समारोह कार्यक्रम मना रही है। बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को लोगों के बीच ले जाया जाएगा। न्यायिक जागरुकता अभियान, संविधान बचाओ अभियान के तहत गोष्ठी आदि का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि संविधान में प्रदत्त अधिकारों के साथ ही समाज के कमजोर वर्ग के लोगों, विद्वानों, कर्मचारी नेताओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रकोष्ठों, विकास खंड, नगर पंचायत अध्यक्ष, बूथ कमेटी से कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर नागर ने कहा कि संविधान हमारे देश के कानून एवं सभी व्यवस्थाओं की रीढ है इसलिए सभी नागरिकों को संविधान एवं समस्त संवैधानिक व्यवस्थाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान देश के समस्त नागरिकों को बोलने, लिखने, पढे सभी तरह की आजादी प्रदान करता है।

## आदर्श कन्या विद्यालय में साईकिल वितरण एवं बाउण्ड्रीवाल का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित



**खाचरौद।** शा.आदर्श क.उ.मा.वि. खाचरौद पर 7 लाख रूपये की लागत राशि की विधायक निधि से नगरपालिका परिषद द्वारा बाउण्ड्रीवाल निर्माण का भूमिपुजन एंव शासन की योजना बालिकाओ को 26 साईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि जिलाउपाध्यक्ष भाजपा अश्विन डिंडोलकर, अध्यक्षता नपाध्यक्ष गोविंद भरावा, अतिथि महिला मण्डल अध्यक्षा श्रीमति मनीषा शर्मा, पूर्व नपाध्यक्षा श्रीमति कमलेश अनिल शर्मा, पूर्व नपाध्यक्षा श्रीमति गीताबाई अलोलिया, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश नंदेड़ा, मीसाबंदी सुरेश छाजेड़ का स्वागत सत्कार बालिकाओं ने मस्तक पर तिलक और गुलाब फुल से अतिथि स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा सरस्वती माँ के चित्र पर पुजन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। अतिथि के आगमन पर बालिका द्वारा स्वागत गीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम में सभी अतिथियो का स्वागम प्राचार्य विक्रम मकवाना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वागम भाषण बीईओ गुरूदत्त जोशी द्वारा दिया गया। प्राचार्य विक्रम मकवाना द्वारा शासन की योजनाओ के अनुरूप साईकिल वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। मंच से विधायक चैहान द्वारा अपने उद्बोधन में बालिकाओ को शिक्षित होना क्यो आवश्यक है विस्तार से बताया गया। कन्या शाला में किन किन सुविधाओ की कमी है उसे शासन से स्वीकृत कर सुविधा प्रदान करने को आश्वासन विधायक द्वारा दिया गया। विद्यालय परिसर में बाउण्ड्रीवाल का भूमिपुजन वार्ड पार्षद गोविंद भरावा एवं उपस्थित अतिथियो द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिलेश शर्मा, उपाध्यक्षपा दिनेश ठन्ना, पार्षद जय जायसवाल, राजेश धाकड़, दशरथ वाक्तरीया, बाबुनागर, राकेश राठौर, बंटी जायसवाल, रोहित अरोड़ा, नितेश संगीतला, सौरभ भटेवरा, राजु रघुवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशिष जोशी व आभार प्राचार्य विक्रम मकवाना द्वारा माना गया।

## निर्मलनगर में 11 लाख की लागत राशि से सीसी रोड का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित



**खाचरौद।** नगर के निर्मलकॉलोनी में सीसी रोड का भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्यअतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि जिलाउपाध्यक्ष भाजपा अश्विन डिंडोलकर, अध्यक्षता नपाध्यक्ष गोविंद भरावा, अतिथि महिला मण्डल अध्यक्षा श्रीमति मनीषा शर्मा, पूर्व नपाध्यक्षा श्रीमति कमलेश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल शर्मा, पूर्वनपाध्यक्ष श्रीमति गीताबाई अलोलिया, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश नंदेड़ा, मिसाबंदी सुरेश छाजेड़, उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, दयाराम कांकर एंव पार्षदगणों की उपस्थिति में किया गया। विधायक निधि से 5 लाख रूकी लागत राशि से एक गली में सीसीरोड निर्माण का भूमिपूजन होना था परन्तु विधायक चौहान द्वारा वहां के रहवासियों की मांग पर सम्पूर्ण गलीया में 1100 फीट का निर्माण की अनुमति दी गई जिसमें अब विधायक निधि द्वारा 8 लाख रुपए स्वीकृत की घोषणा की गई तथा नपाध्यक्ष गोविंद भरावा द्वारा नपा परिषद से 3 लाखकी राशि स्वीकृत की घोषणा के साथ निर्मलकॉलोनी में सम्पूर्ण गली के रोड निर्माण में कुल 11 लाख रूपये की लागत राशि से सीसी रोड का भूमिपूजन अतिथियो द्वारा किया गया। अतिथियो का स्वागत वार्ड पार्षद गोविंद भरावा एवं रहवासीगणो द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोहीत राठोड़ किया गया। इस अवसर पर राधेश्याम बम्बोरिया, राहुल मेहता, राजेन्द्र गौहर, राजु रघवंशी, बाबु नागर, दशरथ वाक्तरीया, राजेश धाकड़, जय जायसवाल, नितेश सगीतला, शिव हर्रा, राकेश राठोर, बंटी जायसवाल, भरत कांकर आदि रहवासीगण उपस्थित रहे।

अनदेखी: नापतोल विभाग की अनदेखी, दुकानदार उपभोक्ताओं को लगा रहे चूना

# विभाग की निष्क्रियता से पत्थरों को व्यापारी बना रहे वजन के बांट, ग्राहकों को लग रहा चूना

■ महीनो से सारंगपुर में नहीं हुई नापतोल विभाग की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

उपभोक्ताओं के संरक्षक के लिए शासन द्वारा जिन विभागों को तैनात किया गया है उनकी अनदेखी के चलते व्यापारी सीधे-सीधे चुना लगा रहे है। उपभोक्ताओं के साथ खुलेआम बाजार में ठगी की जारी है, और उपभोक्ता ठगी होने के बाद भी कुछ नहीं कह पाता है। ऐसा नहीं है कि जिला मुख्यालय पर नापतौल विभाग नहीं। विभाग की निष्क्रिता के चलते तथाकथित दुकानदारों के हौसले इतने अधिक बुलंद है कि कतिपय दुकानदार खुलेआम उपभोक्ताओं से ठगी करने से नहीं चूक रहे है।



**पत्थरों के बांटो का हो रहा उपयोग**

वर्तमान समय में तथाकथित दुकानदारों के द्वारा बाजार में खुलेआम प्रतिदिन ग्राहकों को तुलाई के नाम पर चूना लगाया जा रहा है, कतिपय दुकानदार पत्थरों के बांट बनाकर आज भी उपयोग में ले रहे है, लिहाजा ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं को भी यह पता नहीं चलता है कि दुकानदार के द्वारा जो बांट रखा गया है, उसका वजन कितना है, तथा उपभोक्ता दुकानदार के द्वारा बताए जाने पर ही संतुष्टि कर लेता है। सबसे मजे की बात तो यह भी है कि उपभोक्ताओं के जागरूक होने के बाद भी तथाकथित दुकानदारों से कुछ बोल नहीं पाते है, जिसका फायदा खुलेआम दुकानदार उठा रहे है।

**मापदंडों के अनुसार नहीं करते सामान की तौल**

बाजार में कतिपय दुकानदार तौल के नाम पर ग्राहकों से हर समय अनावश्यक रूप से उलझते रहते है। जबकि गलती पुरी तरह से दुकानदारों की होती है। मुख्य रूप से आटा-चक्कियों पर तो पत्थर के बांटो का खुलेआम उपयोग किया ही जाता है, इसके साथ ही सब्जी विक्रेता तथा अनेक किराना व्यापारी भी पत्थर के बांटो का उपयोग करने से नहीं चूकते है, और यदि कोई ग्राहक इनका विरोध करता है तो दुकानदार ग्राहकों से उलझ भी जाते है।

**नापतोल विभाग में अमले की कमी**

जिले की सबसे बड़ी विडम्बना यह भी है कि जिलास्तर पर ही नापतौल विभाग का एक मात्र कार्यालय है, और वह भी जिला मुख्यालय पर स्थित है। आम उपभोक्ताओं को कोई जानकारी नहीं है। बताया जाता है कि किसी भी तहसील स्तर पर इस विभाग का कोई कार्यालय नहीं है। सारंगपुर के बाजार में विभाग द्वारा खानापूर्ति तक नहीं की जाती है, और अमला दिखाई तक नहीं देता है।

**इनका कहना है**

सारंगपुर क्षेत्र में जगह-जगह उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जाने की जरूरत है। सभी को समझाइश दी जानी चाहिए कि यदि कोई गडबड़ी हो रही हो तो वह अपने अधिकारो के प्रति जागरुक रहे, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि कार्रवाई के नाम पर विभागीय अधिकारी हमेशा पीछे हट जाते है, उन्हें कार्रवाई करनी चाहिए।
**एलएन त्रिकार, अध्यक्ष, पेंशनर संघ, सारंगपुर।**

**बोले जिम्मेदार**

यदि तोल कांटो पर गडबड़ी कर ग्राहकों से ठगी की जा रही है और प्रिंट रेट से ज्यादा वसूली की जा रही है तो फिर हमारे द्वारा एक सप्ताह के भीतर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
**मीना मंडल, अधिकारी, नापतोल विभाग, राजगढ़।**



## आल इंडिया स्तरीय मुशायरा कार्यक्रम का आयोजन

**नागदा।** नागदा के ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पार्टी द्वारा आल इंडिया स्तरीय मुशायरा का आयोजन चंबल सागर कॉलोनी, पानी की टंकी चौराहे पर किया गया। मुशायरा में राष्ट्रीय स्तर के मशहूर शायरो ने शिरकत की जिसमें राष्ट्रीय स्तर के मशहूर शायर शामिल हुए।

## साइकिल पाकर बच्चों के चेहरे खिले



**नागदा।** नागदा में शासकीय बालक उमावि में विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में 83 बच्चों को रविवार 12 बजे लगभग साईकिल वितरित की गई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, जलकार्य समिति प्रभारी प्रकाश जैन, शिक्षक पालक संघ अध्यक्ष राजु खान ने शिरकत की। स्वागत भाषण प्रभारी प्राचार्य प्रतिभा बोराल ने दिया।

## खाचरौद को ज़िला बनाने की मांग

**नागदा।** नागदा में वर्ष 2023 में नागदा को जिला बनाने की मुहिम तेज हुई पक्ष और विपक्ष दोनो की ओर से नागदा को जिला बनाने के सकारात्मक और पुरजोर प्रयास किये जा रहे है। जिसका नतीजा हुआ कि नागदा में 20 जुलाई 2023 को आयोजित एक सभा में तात्कालिक मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने नागदा को जिला बनाने की घोषणा की और जिला बनाने के नोटिफिकेशन भी सरकार द्वारा जारी किया गया।

## ट्रकों से पार्ट्स निकाले, बिरला ग्राम पुलिस ने नहीं की कार्रवाई



**नागदा।** नागदा में दबंगों का कहर देखने को मिला, बड़ी बात तो यह ही की पुलिस पीड़ित की मदद नहीं कर उलटा दबंगों का पक्ष ले रही है। कोटा निवासी हरदेव यादव के ट्रक कोटा से माल लेकर नागदा की लैक्सस फैक्ट्री आते है। नागदा में राधा मदन पार्किंग में ट्रक खड़े थे, जहाँ पर कुछ लोग आए ट्रक की बैटरी, सेल्फ ए अन्य सामान खोल लेकर ले गये।

सारंगपुर में सर्दी बढी, रबी फसलों को मिलेगा फायदा

# किसान बोले- गेहूं की बुवाई पूरी इस साल उत्पादन बढ़ने की उम्मीद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर में सर्दी का प्रकोप बढ गया है, जिससे रबी फसलों को लाभ मिल रहा है। गुरुवार रात शहर का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण पहाड़ों में बर्फबारी और बारिश होगी, जिससे मध्य प्रदेश में ठंडी हवाएं चलेंगी।



मौसम विभाग ने 7 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है। इसके बाद हवा की दिशा उत्तरी होगी, जिससे 7-8 दिसंबर को ठंड का असर और बढ जाएगा। उत्तरी हवाओं का प्रभाव इस क्षेत्र में सर्वाधिक होता है। सारंगपुर क्षेत्र में बढती ठंड के साथ ही रबी सीजन की बुवाई ने गति पकड ली है। कृषि विभाग के एसएडीओ राजेश राजपूत ने बताया कि यह मौसम गेहूं और चने की फसल के लिए अनुकूल है। तापमान में गिरावट से खेतों में बुवाई का काम तेज हो गया है।

**किसानों ने गेहूं-चना बुवाई के लिए मौसम को अनुकुल बताया**

किसानों के अनुसार, गेहूं की बुवाई के लिए लगभग 20 डिग्री का तापमान आदर्श माना जाता है, और नवंबर का महीना इसके लिए सबसे उपयुक्त है। आसपास के गांवों में किसान मुख्य रूप से गेहूं, मक्का और सरसों की फसल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बेहतर बारिश के बाद गेहूं और चने की बुवाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कृषि विभाग के मुताबिक, कुछ क्षेत्रों में गेहूं की बुवाई पूरे दिसंबर महीने तक जारी रहेगी।



## प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाडी परिसर पौधारोपण

**सारंगपुर।** माध्यमिक विद्यालय हिदायत चौकी में पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से बालक एवं बालिकाओं ने 15 पौधों का रोपण कार्य किया। सोमवार को पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से एकीकृत माध्यमिक विद्यालय हिदायत चौकी के प्रांगण में प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाडी परिसर में अखिलेश सक्सेना के मार्गदर्शन में पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से बालक एवं बालिकाएं वहां के सभी स्टाफ और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रजाति के 15 पौधों का रोपण किया गया। पौधों के गड्ढे में काली मिट्टी डाली गई और पौधो को पानी पिलाया गया ताकि आने वाले समय में यह पौधे बडे होकर विभिन्न प्रांगण में बालक बालिकाओं को स्टाफ को छांव देंगे। पौधे बडे होंगे उनमें पक्षी को खाने के लिए फल मिलेंगे और घोसला बनाएंगे जहां वह अपना निवास स्थान बनाएंगे। इस मौके पर पर्यावरण प्रेमी एनके सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

# आईडी का दुरुपयोग कर आधार कार्ड में परिवर्तन कर वाहन फाइनेंस करवाने वाला आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में चोरों एवं ठगों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में तथा एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में सिटी पुलिस थाना ब्यावरा में फरियादी संतोष पिता प्रेमशंकर वर्मा 37 वर्ष निवासी तुलसीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि बजाज पार्टनर कर्मचारी एफओएस शुभम वंशकर निवासी बाराद्वारी नरसिंहगढ़ ने ग्राहक जानकारी में कूटरचना करते हुए कई व्यक्तियों के आधार कार्ड में जन्मतिथि, पता एवं अन्य विवरण में परिवर्तन कर वाहन फाइनेंस करवाए।



मिली जानकारी के अनुसार राहुल विश्वकर्मा रूनाहा बैरसिया भोपाल, लखनसिंह पिता मूलसिंह ग्राम कड़ियाहाट, जिला राजगढ़, बबलू पिता कालूराम रूनाहा बैरसिया भोपाल, ओमप्रकाश भाट पिता कालूराम वार्ड हाथीखाना ब्यावरा, जीवन साहू पिता दिनेश साहू, वार्ड 03 सुरजपोल गणेश मंदिर नरसिंहगढ़ के दस्तावेजों में हेरफेर कर फाइनेंस कराया गया, उक्त फरियादियों की शिकायत पर थाना ब्यावरा शहर में अपराध के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी शुभम वंशकर पिता बंशीलाल वंशकर निवासी बाराद्वारी नरसिंहगढ़ को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर धोखाधड़ी से फाइनेंस कराए गए 2 वाहन एमपी 39 जेडजी 3450 और एक्टिवा एमपी 39 जेडजी 3450 बरामद की पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि मोहित छावड़ा, निवासी नरसिंहगढ़ द्वारा उसकी आईडी का दुरुपयोग कर आधार कार्ड में कूटरचना की जाती थी। अन्य सह-आरोपियों की भूमिका भी जांच के दायरे में है तथा पूछताछ जारी है।

# पुलिस ने 9 जुआरियों के कब्जे से 8,210 नगदी, 2 बाईक 6 एंड्रॉयड मोबाइल किए जब्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा समाज में होने वाली उन गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जो आपराधिक घटनाओं का कारण बनती हैं जैसे जुआ, सट्टा, अवैध शराब आदि को पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान की टीम ने जुआ के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। गत दिनों मध्य रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम किशोरपुरा, गादिया स्कूल स्थित गोविंद कुशवाह की टपरी में रुपए के दांव पर ताश पत्तों से जुआ खेला जा रहा है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल टीम गठित कर दबिश दी गई, जहां से 9 जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 8,210 रुपये नगद, 2 मोटर साइकिल, 6 एंड्रॉयड मोबाइल फोन कुल 1,83,210 रुपये का माल जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 653/25, धारा 13 जुआ अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं वैधानिक कार्रवाई की गई। उक्त आरोप में गरु लोहपीटा, निवासी संजय नगर नरसिंहगढ़, विष्णु सोंधिया, निवासी ग्राम कुंडीखेड़ा थाना मलावर, भोला कुशवाह, निवासी ग्राम गादिया थाना नरसिंहगढ़, सीताराम जोशी निवासी गादिया स्कूल किशोरपुरा नरसिंहगढ़, मोहन निवासी नरसिंहगढ़, आनंद कुशवाह निवासी शंकरपुरा नरसिंहगढ़, अनिकेत वर्मा, निवासी चारपुरा नरसिंहगढ़, अजय वर्मा निवासी बलवंतपुरा नरसिंहगढ़, गोविंद कुशवाहा, निवासी गादिया स्कूल, किशोरपुरा नरसिंहगढ़ को गिरफ्तार किया है।

## अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन

**नागदा।** नागदा में श्री परशुराम कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज उज्जैन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सर्वब्राह्मण युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन में वैवाहिक प्रविष्टियों के निमित्त कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज उज्जैन के अध्यक्ष ईश्वरचंद्र दुबे, महामंत्री अतुल दुबे, कोषाध्यक्ष दिनेश शुक्ला शनिवार को नागदा पहुंचे।

**क्लस्टर अनुश्रवण शिविर आयोजित**

**नागदा।** जनपद पंचायत खाचरौद के बेरछा क्लस्टर की ग्राम पंचायत झांझाखेड़ी, बेरछा, बनवाडा, कलसी, निम्बोदियाकलां, निपान्या, रतन्याखेड़ी, रजला, टुटियाखेड़ी, अटलावदा में क्लस्टर अनुश्रवण शिविर का आयोजन किया गया।

**जल संचय का दिया संदेश**

**नागदा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड खाचरौद सेक्टर उन्हेल की नवांकुर संस्था सरवना द्वारा बोरी बंधान कार्य कर जल संचय का संदेश दिया। नवांकुर संस्था सदस्यों एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों तथा ग्रामवासियों ने श्रमदान कर सरवना खाल पर मिट्टी से बोरिया भरकर बोरी बंधान कार्य किया जिससे बहता हुआ पानी रुकें।


**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा संपत्ति स्वामी दौलत पटेल पिता गनी पटेल निवासी ग्राम मताना कलां, तहसील व जिला उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य का भूखण्ड जोकि भूमि सर्वे नं. 291 का भाग स्थित दताना तहसील व जिला उज्जैन, म.प्र. में स्थित हैं जिसका कुल क्षेत्रफल 2000 वर्गफिट अर्थात 185.87 वर्गमीटर को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध संपत्ति स्वामी एवं मेरे पक्षकार के मध्य किया गया हैं। यह कि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के विक्रय मूल्य की धनराशि बाबत बयाना राशि अदा कर दी हैं और उपरोक्त अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि संपत्ति स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री का संपादन संपत्ति स्वामी से उनके हित में करवाई जाना हैं।
इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्ति के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित संपत्ति के दस्तावेज विक्रय पत्र / रजिस्ट्री का संपादन अपने हित में करवा ली जावेगी व बाद किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति
दिनांक: 08-12-2025 उज्जैन

**अभिषेक सिकरवार एडवोकेट**
कार्यालय डी-3, भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन सिटी
ऑफिस 15, कलालसेरी चौक, उज्जैन
मो.नं. 98273-80500, 70001-92470



**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार स्टेट बैंक आफ इंडिया की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा पिता श्री देवीलालजी विश्वकर्मा निवासी उज्जैन के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के भूखण्ड/भवन म्यु. क्रमांक 151, अग्रसेन नगर कॉलोनी, उज्जैन (म०प्र०) कुल क्षेत्रफल 150.00 वर्ग मीटर है। उक्त संपत्ति के चेन दस्तावेजो में से पूर्व विक्रय पत्र पंजीयन क्र-1501 दिनांक 13.07.1987 की मूल प्रति वर्तमान स्वामी नरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा से कहीं गुम हो गई है तथा मिल नही रही है जिसके बाबत उनके द्वारा पुलिस थाना माधवनगर में सूचना भी प्रेषित की गई है तथा दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि मेरी पक्षकार बैंक में प्रस्तुत की गई है। उक्त संपत्ति को उनके द्वारा मेरी पक्षकार बैंक में बंधक रखते हुए मेरी पक्षकार बैंक से ऋण प्राप्त किया जा रहा है, अतः यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध मे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पूर्व से किसी के पास रहन, बय, गिरवी रखी हो या उपरोक्त वर्णित संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, अधिकार हो तो अपनी आपत्ति सप्रमाण विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय म प्रस्तुत करे ताकी उसका निराकरण किया जा सकेगा। बाद मियाद इस संबंध मे किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरी पक्षकार बैंक उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर ऋण प्रदान करते हुए संपत्ति को बंधक कर लेवेगी। सूचित हो।
इति दिनांक 08.12.2025

**सुदर्शन पी. लढा, एडव्होकेट**
ए-14, भरतपुरी कांप्लेक्स, उज्जैन
मोबा. 9826279028

## थाईलैंड ने कंबोडिया पर एयरस्ट्राइक की, 5 की मौत

**थाईलैंड।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क गई है। उठठ के मुताबिक थाईलैंड ने सोमवार सुबह ऋ16 फाइटर जेट से कंबोडिया में एक कैसीनों पर एयरस्ट्राइक की। थाई सेना का आरोप है कि यह कैसीनो असल में कंबोडियाई सैनिकों का बेस बन चुका था, जहां भारी हथियारों और ड्रोन रखे जा रहे थे। इसके अलावा कंबोडिया अपनी सेना को नई जगहों पर तैनात कर रहा था। इसी वजह से उसे हवाई हमला करना पड़ा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों सेनाओं की गोलीबारी में अब तक 4 कंबोडियाई नागरिक और 1 थाई सैनिक मारा गया है। दोनों देशों के बीच मई में पांच दिन तक लड़ाई चली थी, जिसमें 30 से ज्यादा लोग मारे गए थे। इसके बाद अक्टूबर में दोनों देशों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मौजूदगी में शांति समझौता किया था।

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच लंबे समय से प्रीह विहियर और ता मुएन थॉम जैसे प्राचीन शिव मंदिरों को लेकर सीमा विवाद है। ये मंदिर दोनों देशों की सीमा के बिल्कुल पास स्थित हैं, और आसपास की जमीन पर दोनों देश अपना-अपना दावा करते हैं।

## बांग्लादेश में हिंदू पति-पत्नी की हत्या, गला रेता, नहीं हुई एफआईआर

**ढाका।** बांग्लादेश के रंगपुर जिले में 1971 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 75 वर्षीय योगेश चंद्र राय और उनकी पत्नी सुवर्णा राय की घर में गले रेतकर हत्या कर दी गई। दोनों के शव रविवार सुबह उनके घर से बरामद हुए। अभी तक न कोई एफआईआर दर्ज हुई है और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है।

रविवार सुबह करीब 7.30 बजे पड़ोसियों और घरेलू सहायिका ने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वे सीढ़ी लगाकर घर के अंदर पहुंचे। अंदर सुवर्णा राय का शव रसोई में और योगेश राय का शव डाइनिंग रूम में पड़ा मिला। दोनों के गले कटे हुए थे।

पुलिस का कहना है कि हमला देर रात करीब 1 बजे हुआ। दंपती गांव के घर में अकेले रहते थे। उनके दो बेटे शोवेन चंद्र राय और राजेश खन्ना चंद्र राय बांग्लादेश पुलिस में नौकरी करते हैं।

## जापान में 7.6 तीव्रता का भूकंप :सुनामी की छोटी लहरें आनी शुरू

**टोक्यो।** जापान में आओमोरी प्रान्त के पास 7.6 तीव्रता का भूंकप आया है। देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने आओमोरी, इवाते और होक्काइडो प्रान्तों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। आओमोरी में सुनामी की छोटी लहरें आनी शुरू हो गई हैं। फिलहाल इनकी ऊंचाई 40 सेमी तक है। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि बाद में और भी ऊंची सुनामी जापान के उत्तर-पूर्वी तटों तक पहुंच सकती है। यहां 3 मीटर तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं। भूकंप का केंद्र जापान के तट से 70 किमी दूर समुद्र में 50 किमी की गहराई में था। फिलहाल किसी के तरह के जान-माल के नुकसान की जानकारी नहीं है।

## मलयालम एक्टर दिलीप एक्ट्रेस से उत्पीड़न मामले में बरी

**कोच्चि।** केरल के एनार्कुलम सेशन कोर्ट ने सोमवार को 2017 में साउथ फिल्मों की एक्ट्रेस से गैंगरेप मामले में मलयालम एक्टर दिलीप को बरी कर दिया। जज हनी एम. वर्गीस ने कहा कि दिलीप एक्ट्रेस से उत्पीड़न मामले में शामिल नहीं थे। दिलीप के साथ तीन अन्य आरोपियों को भी अदालत ने बरी कर दिया। कोर्ट ने मुख्य आरोपी सुनील एन.एस. उर्फ.पल्सर सुनी सहित छह आरोपियों को दोषी ठहराया। इन पर घटना को अंजाम देने का आरोप था। कोर्ट 12 दिसंबर को दोषियों के खिलाफ फैसला सुनाएगी।

दिलीप ने कोर्ट से बाहर आने के बाद मीडिया से कहा- मेरी छवि और करियर खत्म करने के लिए मेरे खिलाफ साजिश रची गई थी। एक्टर ने किसी का नाम लिए बिना कहा- एक सीनियर महिला पुलिस अधिकारी और उसके चुने गए कुछ गुंडे पुलिसवालों के एक ग्रुप ने मुझे फंसाया।

# कर्ज और कुदरत की मार, फसल खराब होने से आहत किसान ने की खुदकुशी

### सोयाबीन और प्याज के बाद गेहूं की फसल पीली पड़ते देख टूट गई उम्मीद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

अन्नदाता पर कुदरत की मार और कर्ज का बोझ एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। देवास जिले के ग्राम समसखेड़ी में कर्ज और लगातार फसल खराब होने से परेशान एक किसान ने मौत को गले लगा लिया। खेत में खड़ी गेहूं की फसल को पीला पड़ता देख किसान की हिम्मत जवाब दे गई और उन्होंने कीटनाशक पीकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। रविवार को शाजापुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### खेत से लौटते ही बिगड़ी तबीयत

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक किसान की पहचान रामसिंह पिता सिद्धनाथ सिंह गुर्जर के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि रामसिंह रविवार को अपने खेत पर गए थे, जहां हताशा में उन्होंने कीटनाशक का सेवन कर लिया। जब वे घर लौटे तो उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। घबराए परिजन उन्हें तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।



### पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

जिला अस्पताल पुलिस चौकी पर पदस्थ पदम सिंह ने बताया कि मृतक के शव का सोमवार सुबह पंचनामा और अन्य कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमॉर्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**बेटे का दर्द-पिता जी अकेले खेती संभालते थे, कर्ज ने तोड़ दिया:** मृतक किसान के बेटे विष्णु गुर्जर ने भारी मन से बताया कि उनके पिता खेती-किसानी को लेकर बेहद तनाव में थे। परिवार के पास कुल 19 बीघा जमीन है। पहले सोयाबीन की फसल पूरी तरह खराब हो गई थी। इसके बाद प्याज लगाया, तो उसके उचित दाम नहीं मिले। अब खेत में गेहूं की फसल खड़ी है, लेकिन वह भी पीली पड़ने लगी है। फसल को बर्बाद होता देख पिता को कर्ज चुकाने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही थी। विष्णु ने बताया कि पिता पर किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा अन्य लोगों का भी काफी कर्ज था। परिवार में दो भाई हैं, लेकिन खेती का पूरा जिम्मा पिता रामसिंह ही संभालते थे।

### कर्ज के बोझ तले दब गई जिंदगी

मृतक किसान रामसिंह की मौत सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि खेती-किसानी के मौजूदा संकट का आईना है। एक के बाद एक तीन फसलों के खराब होने ने किसान को इस कदर तोड़ दिया कि उन्हें मौत ही आखिरी रास्ता नजर आया।

### कुदरत की दोहरी मार

पहले खरीफ सीजन में सोयाबीन की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। नुकसान की भरपाई के लिए प्याज लगाया, तो मंडी में उचित दाम नहीं मिले। परिवार को उम्मीद थी कि रबी सीजन में गेहूं की बंपर पैदावार होगी और पुराने कर्ज चुकता हो जाएंगे, लेकिन खेत में खड़ी फसल को पीला पड़ते देख यह आखिरी उम्मीद भी टूट गई। किसान क्रेडिट कार्ड और साहूकारों का कर्ज लगातार बढ़ रहा था। आमदनी शून्य और कर्ज का बढ़ता ब्याज, किसान के लिए जानलेवा साबित हुआ।

## प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल के निदेर्शानुसार जिले की शासकीय शालाओं में कक्षा 3 से 8 तक की अर्धवार्षिक परीक्षाओं का सोमवार से विधिवत शुभारंभ हो गया है। शिक्षा विभाग ने इसे परीक्षा के महाकुंभ की तरह आयोजित किया है, जो आगामी 13 दिसंबर तक जारी रहेगा। परीक्षा विकासखंड शाजापुर के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं। परीक्षा का आयोजन दो अलग-अलग पालियों में किया गया है। प्राथमिक स्तर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक। जबकि माध्यमिक स्तर पर दोपहर 1.30 बजे से शाम 4.00 बजे तक परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा के पहले दिन विद्यार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास और उत्साह साफ नजर आया। विशेष रूप से माध्यमिक विद्यालय महालक्ष्मी में विद्यार्थियों की उपस्थिति और उनका अनुशासन सराहनीय रहा। बच्चे निर्धारित समय पर अपनी-अपनी कक्षाओं में परीक्षा देने पहुंचे।

# ओज के कवि पं. बालकृष्ण शर्मा नवीन की जयंती पर काव्यमयी श्रद्धांजलि

### शहीद पार्क में गूंजी कविताएं, साहित्यकारों ने किया नमन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

हिंदी साहित्य में द्विवेदी युग के प्रगतिशील लेखन के अग्रणी हस्ताक्षर, महान स्वतंत्रता सेनानी और पद्मभूषण से सम्मानित पं. बालकृष्ण शर्मा नवीन की जयंती जिलेभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस मौके पर एबी रोड स्थित शहीद पार्क में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां नगर के कवियों, साहित्यकारों और गणमान्य नागरिकों ने नवीन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

काव्यांजलि से गूंजा शहीद पार्क

जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से नवीन जी को काव्यांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आगाज ओजस्वी पंक्तियों कौन कहता है कि तुमको खा सकेगा काल? अरे! तुम हो काल के भी काल अति विकराल के भाव के साथ हुआ। साहित्य परिषद के अध्यक्ष और कवि जितेन्द्र देवतवाल ज्वलंत ने नवीन जी के विराट व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए पढ़ा, हे अनिकेतन! हर हृदय में घर बना लिया। राष्ट्र भक्ति का आस्था दीप जला दिया।। वहीं, सुप्रसिद्ध कवयित्री संतोष शर्मा ने बुजुर्गों के सम्मान और आशीष पर अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा तुम इन बूढ़े दरख्तों की नसीहत याद रख लेना। सफर में काम आएंगी दुआएं साथ-साथ रख लेना।। वरिष्ठ कवि सज्जाद अहमद कुरैशी ने स्थानीय भावनाओं को स्वर देते हुए पढ़ा चंद्रलेखा चीलर नदी का उद्धार दे दो। कार्यक्रम में मशहूर शाजापुरी बालचंद सूर्यवंशी ने मालवी बोली में कविता पाठ कर समां बांध दिया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अरुण भीमावद उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष जोशी, डॉ. जगदीश भावसार, देव शर्मा, कैलाश गौड़, विरेन्द्र व्यास, मनोहर लाल राय सहित पार्षदएवं बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## दो बाइकों में भीषण भिड़ंत, 3 साल की मासूम सहित 5 लोग गंभीर घायल

**शाजापुर।** नेशनल हाईवे-52 पर रविवार की शाम सड़क हादसा हो गया। सुनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत यादव ढाबे के सामने शाम करीब 6 बजे दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों बाइकों पर सवार महिलाएं, बच्चे और युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और सवार सड़क पर जा गिरे। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही सुनेरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। पहली बाइक मोलटा से शाजापुर जा रही थी जिस पर राहुल (22), निकिता (17), सुनीता (9) और दिव्या (3) सवार थे। ये सभी शाजापुर की ओर जा रहे थे। दूसरी बाइक देवास की तरफ से आ रही थी, जिस पर सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है।

## मतदान केंद्रों पर ए.एस.डी सूची का सत्यापन, बीईओ और बीएलए की संयुक्त बैठक संपन्न

**शाजापुर।** विभिन्न मतदान केंद्रों पर आगामी चुनावी प्रक्रियाओं के मद्देनजर सोमवार को महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बीएलओ और विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदान केंद्रों पर ए.एस.डी. सूची को अंतिम रूप देना था। मतदान केंद्र क्रमांक 159, 160, 161, 162 एवं 158 पर बीएलओ द्वारा ए.एस.डी. सूची तैयार की गई। इस दौरान अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत मतदाताओं के नामों को चिन्हित करने और उनका सत्यापन करने का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया। सत्यापन के पश्चात संबंधित सूचियों को मतदान केंद्रों पर चस्पा किया गया। इस अवसर पर रेखा गौर, राजेश सत्वासकर, सलमा शाहीन, प्रविष्ठकांत, अब्दुल जहूर खां, राजनीतिक दलों की ओर से सूची के सत्यापन के लिए भाजपा से कैलाश राठौर, कांग्रेस से मूसा आजम खान, तथा अन्य बीएलए शाकिर बेग और साजिद कुरैशी ने प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने किशोर परसवानी पिता श्री केवलराम परसवानी निवासी-166 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, यंत्र महल मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक A-1/13 श्रेणी L.I.G. जिसका कुल क्षेत्रफल 99.68 वर्गमीटर अर्थात 1072.95 वर्गफीट स्थित ऋषि नगर योजना, उज्जैन (म.प्र.) जिसके उत्तर/पूर्व में- भवन क्रमांक A-1/11, दक्षिण/पश्चिम में- सड़क कॉलोनी की, पश्चिम/उत्तर में- भवन क्रमांक B-12 एवं पूर्व/दक्षिण में- A-1 सडक है, को क्रय करने का सौदा किया होकर सौदा की बयाना राशि का भुगतान कर दिया है, यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो। दिनांकः-08.12.2025

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर- 98272-28461**

### राशन वितरण व्यवस्था होगी ठप्प

## कमीशन बढ़ाने और मानदेय की मांग को लेकर राशन दुकानदारों ने खोला मोर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

मध्य प्रदेश में उचित मूल्य की दुकानों के संचालन को लेकर लंबे समय से चल रही खींचतान अब आर-पार की लड़ाई में बदल गई है। अपनी लंबित मांगों का निराकरण न होने से नाराज उचित मूल्य दुकानदार कल्याण संघ समिति, शाजापुर ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। सोमवार को संघ के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। दुकान संचालकों का कहना है कि वे लंबे समय से शासन के सामने अपनी जायज मांगें रख रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

ज्ञापन में संघ ने सरकार से मांग की है कि शासकीय उचित मूल्य की दुकानों द्वारा वितरण किए जाने वाले खाद्यान्न का कमीशन बढ़ाकर 200 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए और दुकानदारों को एक सम्मानजनक आय प्रदान की जाए, उचित मूल्य की दुकानों का कमीशन प्रत्येक माह की 01 तारीख को प्रदान किया जाए, शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर प्राप्त खाद्यान्न में 500 ग्राम प्रति क्विंटल घटती का प्रावधान रखा जाए, खाद्यान्न का आवंटन (पार्टेबिलिटी के साथ) संपूर्ण एक साथ प्रदान किया जाए।

# लंबित मामलों को जल्द निपटाएं विवेचक, एसपी ने दिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और लंबित अपराधों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत ने शुजालपुर सिटी और शुजालपुर मंडी थाने की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। इस दौरान एसपी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अपराध नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने दोनों थानों में लंबे समय से लंबित अपराधों, चालान, मर्ग और गुम इंसान के प्रकरणों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक प्रकरण की प्रगति रिपोर्ट जांची और संबंधित विवेचकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जांच में अनावश्यक देरी न की जाए। एसपी ने कहा कि गंभीर और पुराने मामलों को विशेष प्राथमिकता देते हुए उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए।



**रात्रि गश्त और पेट्रोलिंग होगी सख्तः** शहर और मंडी क्षेत्र में सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने पेट्रोलिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतत पेट्रोलिंग जारी रखें। विशेष रूप से रात्रि गश्त को प्रभावी बनाया जाए और संवेदनशील इलाकों में नियमित रूप से पुलिस भ्रमण करें, ताकि असमाजिक तत्वों पर लगाम लग सके।

**अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताः** बैठक के अंत में एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शाजापुर पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए वचनबद्ध है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शाजापुर को मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में शामिल करने की उठी मांग, कैट ने विधायक को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) जिला इकाई शाजापुर ने जिले के विकास को नई दिशा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। सोमवार को कैट के जिलाध्यक्ष संजय शिवहरे के नेतृत्व में व्यापारियों ने क्षेत्र के विधायक अरुण भीमावत से मुलाकात कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में शाजापुर जिले को भी मेट्रोपॉलिटन सिटी क्षेत्र में शामिल करने की पुरजोर मांग की गई। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से कैट पदाधिकारियों ने सबसे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शाजापुर जिले के मक्सी क्षेत्र को मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में शामिल करने के निर्णय को ऐतिहासिक और जिले के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरूआत बताया। व्यापारियों ने कहा कि सरकार का यह कदम संवेदनशीलता और दूरदर्शिता का प्रमाण है। वहीं ज्ञापन में बताया कि शाजापुर जिला भौगोलिक रूप से देवास और उज्जैन जैसे विकसित जिलों से सटा हुआ है, फिर भी यह विकास के कई मानकों पर पिछड़ा हुआ है। संगठन ने मांग की कि मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र की सीमा का विस्तार कर इसमें शाजापुर विधानसभा, शुजालपुर विधानसभा और कालापीपल विधानसभा को भी शामिल किया जाए।



जिले को इस दायरे में लाया जाता है, तो यहां औद्योगिक, व्यापारिक और संरचनात्मक विकास को अभूतपूर्व गति मिलेगी। ज्ञापन सौंपते समय कैट के जिलाध्यक्ष संजय शिवहरे, जिला संरक्षक योगेंद्र सिंह ठाकुर, सरार्फा एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद नवाब, अभिषेक जैन (गोलू), पेस्टिसाइड्स एसोसिएशन के परमानंद पाटीदार सहित विभिन्न व्यापारिक संगठनों के अध्यक्ष, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं सुधीर कुकड़े (SUDHIR KUKADE) पिता रामचंद्र कुकडे (RAMCHANDRA KUKADE) पता. 18, साँवरिया परिसर, वसंत विहार चौराहा नानाखेड़ा, उज्जैन, एम.एल. नगर उज्जैन (म.प्र.) मे निवासरत हूँ मैंने सभी डाक्यूमेंट में अपना नाम बदलकर सुधीर कुमार कुकडे (SUDHIR KUMAR KUKADE) पिता रामचंद्र कुकडे (RAMCHANDRA KUKADE) रख लिया है। अतः मुझे नये नाम सुधीर कुमार कुकडे (SUDHIR - KUMAR KUKADE) पिता रामचंद्र कुकडे (RAMCHANDRA KUKADE) से जाना जावे।

## जाहिर सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ज्योति चंदेल पति दिग्विजयसिंह (दीपक) चंदेल, उज्जैन हमारे स्व. भाई प्रभात कुमार चंदेल की पुत्रवधु हैं। तत्समय हमारे विरोध के बावजूद स्व. भाई सा. ने यह गलत रिश्ता कर लिया था। हमें प्राप्त जानकारियों के पश्चात् ज्योति चंदेल से किसी भी प्रकार का रिश्ता रखना अब चंदेल परिवार की मान प्रतिष्ठा व सम्मान के प्रतिकूल हैं। अतः ज्योति चंदेल व उसके परिवार से हम चारों भाईयों का कोई रिश्ता नहीं है। हमारे नाम से संबंधित व्यक्ति न उसके प्रभाव-दबाव में आये, न ही कोई आर्थिक-सामाजिक व्यवहार रखें। अन्यथा चंदेल परिवार किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं रहेगा। दिनांक - 08/12/2025**

प्रद्योत, अनिल, अरविंद, अर्जुन चंदेल 14, यंत्रमहल मार्ग, उज्जैन
भवदीय - अभिनीत साहू एडव्होकेट, मो. 79994-94314

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी श्री राजाराम भैसोलिया पिता श्री रणछोडलालजी भैसोलिया, निवासी ग्राम बामोरा तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भवन पुराना नं.-5/193 का भाग बाद का नंबर-76 वर्तमान म्यु. क्रमांक-13 जो कि "लाला लाजपतराय मार्ग गली क्रमांक-3" उज्जैन (म. प्र.) में मुख्य सड़क से अन्दर की ओर स्थित है। भवन एक मंजिला आर. सी. सी. की छत का बना है। भवन की पैमाईश में लम्बाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर 4.97 मीटर बतरफ दक्षिण 7.00 मीटर, चौड़ाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 2.30 मीटर बतरफ पश्चिम 3.00 मीटर होकर भवन का कुल क्षेत्रफल-30.93 वर्गमीटर है। भवन की चर्तुःसीमा में-पूर्व दिशा में-ओपन व मकान ग्यारसीबाई का एवं वी. डी. क्लॉथ मार्केट, पश्चिम दिशा में गली, उत्तर दिशा में ओपन व बाद मकान नर्मदाबाई का एवं दक्षिण दिशा में मकान रेखाबाई का स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तुःसीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 08.12.2025

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट, कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. नं.-94259-46659**

न्यूज-कॉलम

## 12 को आपकी पूंजी आपका अधिकार शिविर का आयोजन

**मन्दसौर।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक मंदसौर संजय कुमार मोदी द्वारा बताया गया कि निष्क्रिय खातों को सक्रिय कर अपनी राशि पुनः प्राप्त करने की प्रक्रिया हेतु वित्त मंत्रालय एवं भारतीय रिजर्व बैंक के निदेर्शानुसार पुरे देश में 1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत 12 दिसंबर को मंदसौर में आपकी पूंजी आपका अधिकार (डीईएफ) जागरूकता शिविर का आयोजन नगरपालिका सभागृह मंदसौर में प्रातः 11 बजे से दोप. 2 बजे तक किया जा रहा है जिसमे नगर के ग्राहकों की ऐसी जमा राशि जिन्हें 10 वर्ष से अधिक होकर सरकार को जमा हो चुकी है के संबंध में विभिन्न बैंकों द्वारा स्टॉल लगाये जा रहे है। अतः नगर मंदसौर के ऐसे सभी व्यक्ति जिनकी जमा राशि अत्यंत लम्बे समय से बैंकों में जमा होकर प्राप्त नहीं हुई है, उपस्थित होकर सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर अपनी राशि प्राप्त करने हेतु शिविर का लाभ उठाएं। नगर के अलावा जिले के अन्य ग्राहक निष्क्रिय खातों की राशि प्राप्त करने हेतु अपनी बैंक शाखा से सम्पर्क करे। इनके द्वारा बताया गया कि विशेष शिविर के अलावा भी बैंक से संपर्क कर अपनी निष्क्रिय खाते की राशि कभी भी प्राप्त की जा सकती है।

## कृषि विभाग के तत्वाधान में साप्ताहिक जैविक हाट बाजार

**नीमच।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में नगर पालिका, परियोजना संचालक आत्मा एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में साप्ताहिक जैविक हाट बाजार दशहरा मैदान नीमच में सूबह 10.30 बजे से शाम 4 तक सम्पन्न हुआ जैविक खेती में रसायनों के प्रयोग को वर्जित करते हुए जैविक संसाधनों का उपयोग कर फसल उत्पादन किया जाता है। जिले के कृषकों द्वारा जैविक खेती अपनाकर उच्च गुणवत्ता का खाद्यान पैदा किया जा रहा है। जैविक खेती करके कृषकों द्वारा अपनी आय में वृध्दि करने के साथ-साथ मृदा, जल व वायु को प्रदूषित होने से बचाकर जन समुदाय को रसायनों से होने वाले रोगों से भी बचाने का प्रयास किया जा रहा है, जो एक पर्यावरण स्वास्थ्य हितेषी कार्य हैं।

## तीन वर्षों से फरार कुख्यात कंजर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आलोट।** क्षेत्र में आतंक का पर्याय बने कंजरो पर रतलाम पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है इसी के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम ग्रामीण विवेक कुमार लाल एवं एसडीओपी आलोट पल्लवी गौर के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी आलोट निरीक्षक मुनेंद्र गौतम के नेतृत्व में आलोट पुलिस को 3 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी विक्रम पिता एलम निवासी टोकड़ा कंजर डेरा थाना उन्हेल जिला झालावाड़ राजस्थान कंजर को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई की सराहनीय भूमिका निरीक्षक मुनेंद्र गौतम सउनि अशोक चौहान आर 490 दीपक पाटीदार आर 1198 बाबूलाल मालवीय आर 89 अशोक गुर्जर थाना आलोट है।

## हिंगोरिया फाटक के पास ब्लॉक के समय दुर्घटना में एक कर्मचारी घायल

**नीमच।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के नीमच सेक्शन में आज (8 दिसम्बर) दोपहर 12.35 बजे हिंगोरिया फाटक के पास ब्लॉक लेकर मरम्मत कार्य किया जा रहा था। इस दौरान सीएसएम ट्रैक मशीन और टॉवर वेगन एक ही लाइन पर अधिकृत रूप से कार्यरत थीं। ब्लॉक समाप्त होने के बाद ट्रैक मशीन आगे और टॉवर वेगन पीछे चल रही थीं। दोनों मशीनों के बीच आवश्यक अंतर (गैप) बनाए नहीं रखने के कारण हल्का आपसी संपर्क हो गया। घटना में एक कर्मचारी को पैर में मामूली चोट आई है, जबकि किसी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई है। घटना की जांच वरिष्ठ अधिकारियों की कमेटी के द्वारा की जाएगी।

## सेवा का प्रतिफल अवश्य लौटकर मिलता है : ठाकुर

**रतलाम।** यदि आप सक्षम हैं और किसी की सेवा कर सकते हैं, तो वह सेवा जीवन में किसी न किसी रूप में लौटकर लाभ अवश्य देती है।इ यह उद्गार सेवानिवृत्त वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य) अजय ठाकुर ने व्यक्त किए। ठाकुर का 34 वर्ष की रेलसेवा पूर्ण होने पर ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन द्वारा दो बत्ती स्थित एक निजी होटल में सम्मान किया गया।

# टैंकर की टक्कर से एक बाईक सवार दुर्घटनाग्रस्त, ग्रामीणों ने बांगरोद-रतलाम रोड पर चक्काजाम किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जिले के बांगरोद में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन डिपो के पास सोमवार सुबह टैंकर की टक्कर से एक बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आए दिन हो रहे हादसों से नाराज ग्रामीणों ने बांगरोद-रतलाम रोड पर चक्काजाम कर दिया। करीब 10.30 बजे शुरू हुआ यह प्रदर्शन प्रशासनिक अधिकारियों और इंडियन ऑयल प्रबंधन के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। ग्रामीणों ने प्रशासन को सुधार के लिए 15 दिन का समय दिया है।

बांगरोद में इंडियन ऑयल का डिपो स्थित है, जहां आने-जाने वाले टैंकर ग्रामीण क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। यहां सड़क की चौड़ाई कम है। सोमवार सुबह तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक चालक को टक्कर मार दी। इस घटना से गुस्साए ग्रामीण सुबह 10.30 बजे बांगरोद से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर धरने पर बैठ गए और रास्ता जाम कर दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि टैंकरों के कारण क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने मांग रखी कि रोड का चौड़ीकरण किया जाए और दोनों किनारों पर खाली जगहों में मिट्टी डालकर समतल किया जाए। इसके अलावा, रास्ते में आ रही अनावश्यक पेड़ की डालियां हटाई जाएं, स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं ताकि रफ्तार कम हो और अंधेरे को दूर करने के लिए स्ट्रीट लाइट लगाई जाए।

**अधिकारियों के आश्वासन पर खत्म हुआ जाम**

चक्काजाम की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार संदीप इवने, नामली थाना प्रभारी गायत्री सोनी और बांगरोद चौकी प्रभारी मुकेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इंडियन ऑयल डिपो के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया। काफी देर तक समझाइश और अधिकारियों द्वारा आश्वासन देने के बाद ग्रामीण सड़क से हट गए।

**15 दिन में समाधान नहीं हुआ तो फिर आंदोलन**

भाजपा मंडल महामंत्री शोनु समोत्रा ने बताया कि आए दिन टैंकरों की ओवर स्पीड के कारण ग्रामीण क्षेत्र में हादसे होते हैं। सोमवार सुबह भी एक बाइक को स्पीड में टैंकर ने टक्कर मारी है। अधिकारियों ने 15 दिन का आश्वासन दिया है। मांगें नहीं मानी गईं तो फिर से आंदोलन करेंगे। वहीं, चौकी प्रभारी मुकेश यादव ने बताया कि सड़क मार्ग पर ग्रामीणों की स्थानीय समस्या थी, जिसे अधिकारियों के आश्वासन पर खत्म करा दिया गया है। प्रदर्शन में मंडल उपाध्यक्ष देवेंद्रसिंह शेखावत, जनपद सदस्य हरीश पटेल, आशीष धाकड़, संजय पाटीदार आदि शामिल रहे।

# मंदसौर से 1500 कि. मी. दूर झारखण्ड से पुलिस ने तीन साइबर ठगों को पकड़ा

### 1 लाख रू., 5 मोबाइल व 10 सिम जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



थाना शहर कोतवाली द्वारा साइबर ठगी के 3 आरोपियों को 1500 कि.मी. दूर झारखंड के देवघर जिले से गिरफ्तार कर उनसे 1 लाख रु. नगद, 5 मोबाइल फोन एवं 10 मोबाइल सिम जब्त की।

पुलिस ने बताया कि थाना कोतवाली पर 1 दिसम्बर को फरियादी राजेश (55) पिता रामनिवास परमार निवासी माल गोदाम रोड मंदसौर ने आवेदन दिया कि उनके साथ 1 से 7 दिसम्बर के मध्य सायबर ठगो के द्वारा कुल 7 लाख 40 हजार 560 रुपये धोखा धड़ी से फरियादी के बैंक के खाते से प्राप्त कर लिये। पुलिस धारा 318 (4) बीएनएस का पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान मे लिया गया। अनुसंधान के दौरान तकनीकी जानकारी सायबर सेल से प्राप्त की जाकर 2 पुलिस टीम जिसमें एक का नेतृत्व उनि संदीप मौर्य थाना कोतवाली एवं दूसरी टीम का नेतृत्व उनि विनय बुंदेला एवं उनि अविनाश सोनी के द्वारा किया गया। दोनों पुलिस टीम द्वारा झारखंड के थाना सारठ के जिला देवघर से उपरोक्त प्रकरण के 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है साथ ही आरोपियों के कब्जे से लग्जरी 5 मोबाइल जिसमें 3 आईफोन व 2 स्मार्टफोन शामिल है तथा 10 मोबाइल सिम एवं धोखाधड़ी से प्राप्त 1 लाख रुपये जब्त किया गया। उक्त दोनो पुलिस टीमों को आरोपियों को गिरफ्तार करने मे गांवों एवं खेतों मे रात्रि के समय दबिश देने पर ग्राम वासियों से काफी परेशानी आई।

गिरफ्तार आरोपियों में बोलबम (26) पिता रामचंद्र रवानी निवासी ग्राम नवाडी थाना सारठ, राजरोशन (22) पिता पवन रवानी निवासी सियाटांक पोस्ट टापोवन व पिंटू उर्फ पिंटू (22) पिता रामचंद्र रवानी निवासी नवाडी थाना सारठ तीनों जिला देवघर (झारखंड) है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत करने हेतु आरोपियों का ट्रांजिट वारंट झारखंड के जिला देवघर के न्यायालय से प्राप्त किया गया। उन्हें न्यायालय पेश किया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

## संबंधित विभाग नवीन आधार केंद्र के लिए शीघ्र एनओसी जारी करें -अपर कलेक्टर

**मन्दसौर।** सुशासन भवन स्थित सभागार में सोमवार को साप्ताहिक अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत नवीन निर्मित आधार केंद्रों के लिए संबंधित विभागों को तत्काल एनओसी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनओसी जारी होने के पश्चात आधार केंद्र संचालक का कार्य होगा। साथ ही स्पष्ट किया कि सभी आधार केंद्र शासकीय कार्यालयों में ही संचालित किए जाएंगे।अपर कलेक्टर ने सभी नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों में भूमिहीन व्यक्तियों का तत्काल सर्वे किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। उन्होंने सीएम मॉनिट एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं संतुष्टि पूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। भूमि आवंटन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या को तत्काल अवगत कराने के लिए कहा गया। सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने बैठक में सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए बताया कि सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत संकुल स्तर के साथ-साथ विधानसभा स्तर पर भी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके लिए शिक्षा विभाग, डीपीसी एवं खेल विभाग को आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

**वीरांगना मां पुरीबाई के जन्मोत्सव पर 11 को निकलेगा भव्य वाहन रैली**

**नीमच।** मालवा मेवाड़ की गौरव, आन,बान व शान रहीं हरिवंशीय कीर समाज की वीरांगना मॉ पूरीबाई कीर का जन्मोत्सव हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 11 दिसंबर को बडे ही उत्साह और जोश व धूमधाम के साथ राजस्थान व मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में मनाया जायेगा।

## जैन संतों के विहार पर सुरक्षा की मांग, सकल जैन युवा संघ ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

श्री सकल जैन युवा संघ ने जैन साधु-संतों के पैदल विहार (यात्रा) के दौरान सुरक्षा की मांग की है। सोमवार दोपहर समाजजनों ने डीआईजी ऑफिस पहुंचकर एएसपी राकेश खाखा को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। समाज ने हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सुरक्षा इंतजाम पुख्ता करने की अपील की है।

समाजजनों ने कहा कि जैन समाज के साधु-साध्वी महाराज चातुर्मास काल के बाद धर्म आराधना के लिए अन्य शहरों और कस्बों में पैदल (विहार) ही जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। पैदल विहार के दौरान संत समाज भी इन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि साधु-संत केवल संघ समाज की ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की भी अनमोल धरोहर हैं।

समाजजनों ने मांग की है कि संतों के विहार के लिए उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। रास्तों पर सावधानी के लिए ऐसे बोर्ड लगाए जाएं ताकि वाहन चालकों में जागरूकता बढ़े और पैदल चल रहे सभी लोग सुरक्षित हो सकें। इससे साधु-संत निर्भय होकर अपना विहार कर सकेंगे। शुक्रवार सुबह विहार कर रहे जैन साध्वी जी को रतलाम-बांसवाड़ा रोड पर एक वाहन ने टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से भाग गया था।

## 14 को दिल्ली में आयोजित महारैली में मंदसौर से जाएंगे अनेक कांग्रेसजन



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के देशव्यापी आह्वान पर चुनावी धांधली, ईवीएम में गड़बड़ी,लक्षित वोटर लिस्ट से नाम काटने तथा लोकतंत्र पर हमले के विरुद्ध 14 दिसम्बर को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में विशाल वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में ब्लॉक अध्यक्षों एवं कांग्रेस जनो की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री गुर्जर ने कहा कि यह रैली लोकतंत्र की रक्षा के संकल्प को बुलंद करेंगी। जिले के समस्त कांग्रेसजन एवं बीएलए २ अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के स्वयंम के मतदान केन्द्रो पर एस आई आर वाचन प्रक्रिया में आवश्यक रूप से उपस्थित रहे। श्री गुर्जर ने मंदसौर जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष सहित जिले के समस्त कांग्रेसजनो से इस महारैली में अपनी भरपूर उपस्थिति दर्ज कराने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा सिंगरोली में 10 लाख पेड़ काटने को दी गई अनुमति का जिला कांग्रेस मंदसौर द्वारा विरोध प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में कांग्रेसजन राजेश सिंह रघुवंशी,जगदीश धनगर, मनजीत सिंह टुटेजा, सुरेश पाटीदार,अनिल शर्मा, वीरेंद्र सिंह हाडा, कमलेश जायसवाल, जिला मोर्चा संगठन दुर्गेश सिंह पटेल, दिलीप देवड़ा, दीपक सिंह गुर्जर, संदीप सलोद, निर्विकार रातडिया, महेश पाटीदार, रमेश सिंगार, शंकरलाल आंजना, गोविंद सिंह पंवार, दूल्हे सिंह पंवार, किशोर सिंह पंवार, जगदीश कोठारी, शक्तिदान सिंह सिसोदिया, तरुण खींची, आदि उपस्थित थे।

## ज्ञानोदय इंटरनेशनल का शैक्षणिक भ्रमण प्राकृतिक स्थल की यात्रा की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल दिनांक 06.12.2025 शनिवार स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए फन और मस्ती से भरा दिन था। पूर्व प्राथमिक व प्राथमिक कक्षाओं का शहर के भागीरथी ज्ञानोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में नन्हें छात्र.छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसमें हॉस्पिटल स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा ।हॉस्पिटल में सभी बच्चों को फर्स्ट एड बॉक्स में रखी सामग्री व पट्टी बांधने की विधि समझाई गई। जहां सभी बच्चों ने स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं के बारे में उत्साहपूर्वक जाना और समझाया।

बच्चों ने बालरोग विभाग, स्किन विभाग, नेत्र विभाग, दंत विभागए आथोर्पेडिक विभाग, पैथोलोजी विभाग देखा। डॉक्टरों ने बताया कि ऑपरेशन कैसे किए जाते हैं और बेहोशी दवा एनेस्थीसिया की क्या भूमिका होती है। डॉक्टरों ने कहा कि स्वच्छता और संतुलित भोजन, स्वस्थ जीवन की कुंजी है और बीमार होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

इस अवसर पर निर्देशिका श्रीमती डॉ. गरिमा चौरसिया ने कहा कि डॉक्टर मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप है। डॉक्टर केवल जिन्दगी की नहीं बचाते बल्कि वे रोगी के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करते हैं।

इसके उपरांत बच्चों को शहर में स्थित किलेश्वर मंदिर में बने खूबसूरत पार्क में पिकनिक पर ले जाया गया। बच्चों का कौतूहल और उत्साह देखने के काबिल था। कई बच्चे पहली बार ग्रुप में पिकनिक पर गए थे और सभी ने जम कर मजे किए। पहले बच्चों ने वहीं पर पूरे अनुशासन में लंच किया फिर बगीचे में लगे विभिन्न झूलों का जम कर आनन्द लिया। इसके बाद हरी घास के लॉन पर फिजिकल गेम दौड़नाए खो.खोए रेलगाड़ी खेले, सबने खूब मस्ती की। इस अवसर प्रधानाचार्य श्री सुशील कुमार हर्ष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों को आयोजित करने की बात कही ।



## एसआईआर को लेकर ब्लॉक में कांग्रेस के बीएलओ निभा रहे है अपना दायित्व

**मल्हारगढ़।**अखिलभारतीय कांग्रेस कमेटी,प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मल्हारगढ़ ब्लॉक में कांग्रेस के बीएलए-2 पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों को निभा रहे है।सोमवार को प्रातः 10 बजे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने भी अपने बूथ क्रमांक 82 पर पहुंच कर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के तहत मतादाता सूची के बीएलओ द्वारा वाचन को सुना और गहन अध्ययन किया। इसी प्रकार पंकज बोराना,कैलाश बंगारिया सहित कांग्रेस के नियुक्त बीएलए 2 अपने अपने बूथों पर जुटे हुवे है।शर्मा ने कहा कि जो मतादाता अपने नाम से वंचित रह गए है उनके नाम भी जोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है बीएलए ऐसे नामो के लिए भी फार्म 6 भरकर बीएलओ के डर व रसीद भी प्राप्त करे। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल बोराना,नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या,मंडलम अध्यक्ष किशोर उणियारा, ओमप्रकाश सैनी, मांगीलाल धोबी।बीएलओ एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह शक्तावत ने बरूजना गांव में की शोक संवेदना व्यक्त



**पिपलिया मंडी।** मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव बरूजना में सत्यनारायण पाटीदार एवं नरेंद्र पाटीदार के पूज्य पिता रमेशचंद्र पाटीदार (मोलावत) के पुणार्यू में स्वर्गवासी हो जाने पर दिनांक 8 दिसंबर को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने उनके निज निवास पर उपस्थित होकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की तथा दिवंगत आत्मा को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें इस प्रकार की ईश्वर से प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए स्वयं को उनके परिवार का एक सदस्य बताया और परिवार को आश्वासन दिया की मैं हर परिस्थिति में आपके साथ हमेशा खड़ा मिलूंगा, स्वर्गीय रमेशचंद्र पाटीदार किसान हितेषी होने के साथ ही साथ किसानों के प्रेरणा स्त्रोत थे उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भी अलख जगाई और परिवार के सभी सदस्यों को शिक्षित बनाने में अहम भूमिका अदा की कुंवर शक्तावत ने उनके पद चिन्हों पर चलने हेतु संपूर्ण परिवार से अपील की।

## जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण के लिए बंधान बनाया



**जावरा ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर चित्रांश वेलफेयर सोसायटी सेक्टर द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उपलाई में जल संरक्षण अभियान के अंर्तगत 150 बोरी का बंधान बनाया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक युवराज सिंह पंवार ने कहा कि जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान से कूप आदि रिचार्ज होते हे।,पशुओं के लिए पीने का पानी उपलब्ध होता है एवं खेतों के लिए भी यह उपयोगी है। इस प्रकार के कार्य से ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति महत्व की भावना जागृत होती है । चित्रांश वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शिवेंद्र माथुर ने कहा कि च्गांव का विकास जल संरक्षण से ही संभव है। यह बंधान आने वाले समय में पूरे गांव के लिए बड़ा सहायक सिद्ध होगा। इस कार्य में प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष महेश धाकड़,सरपंच प्रतिनिधि सुमेर सिंह सोलंकी ,दिग्विजय सिंह सोलंकी,नारायण ठन्ना सहायक सचिव,गोपाल प्रजापत गणपत प्रजापत,दशरथ राठौर,मुकेश मेहता,प्रभुलाल बोडाना, हरीश परमार,भोम सिंह सोलंकी,धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, सुमित शर्मा,समिति सचिव महेश मेहता सहित अनेक ग्रामीण जन उपस्थिति थे।

## करणी सेना परिवार की जन क्रांति न्याय आव्हान रैली आज

**जावरा ।** करणी सेना परिवार मध्य प्रदेश द्वारा 21 दिसंबर को हरदा (म प्र)में आयोजित जन क्रांति न्याय आंदोलन के समर्थन में मंगलवार को नगर के गुन्ना चौक पैलेस ग्राउंड से प्रातः 10 बजे करणी सेना परिवार की जन क्रांति न्याय आव्हान यात्रा निकाली जावेगी। जो नगर के प्रमुख मार्गो से शक्ति प्रदर्शन करते हुए शिक्षक नगर( पुलिस पेट्रोल पंप के पीछे) स्थित जनसभा में परिवर्तित होगी। करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर ने करनी सैनीको एवं सर्व समाज के लोगों के साथ विशाल रैली का नेतृत्व करेंगे। रैली गुन्ना चौक चौराहा से प्रारंभ होकर शंकर मंदिर पुल बाजार, भड भुजा चौक, बजाज खाना ,घंटा घर चौराहा ,कोठी बाजार, कमानी गेट, नीम चौक, लक्ष्मीबाई मार्ग ,रतलामी गेट, गौशाला रोड, सिटी औवर ब्रिज, चौपाटी रोड होते हुए शिक्षक नगर पहुंचेगी जहां जनसभा में परिवर्तित होगी। करणी सेना परिवार का 21 दिसंबर को हरदा में महा आंदोलन को सफल बनाने के लिए नगर में मंगलवार को आयोजित बाइक रैली हरदा में आयोजित महासंग्राम के रूप में देखी जा रही है ।हरदा में 21 सूत्री मांगों को लेकर भव्य आंदोलन होगा। यह आंदोलन करणी सेना का नहीं बल्कि सर्व समाज का आंदोलन है ।यहां देशभर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर सामाजिक न्याय हक अधिकार और गरीब सवर्ण पिछड़ा वर्ग किसानों के सम्मान की लड़ाई को नई दिशा देंगे।

## लड़की 14 साल बाद इंदौर में मिली

**रतलाम।** पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 14 साल पहले अपहरण की गई एक बालिका को इंदौर से बरामद किया है। औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी पहले गुजरात के राजकोट में रह रहा था, जिसके बाद वह पीड़िता को लेकर इंदौर के मूसाखेड़ी इलाके में रहने लगा था।




## प्रीतम वाटिका से आयरलैंड की हाई रेंज जेम्सन विदेशी मदिरा अंग्रेजी व्हिस्की जब्त

### आबकारी विभाग की शहर में बड़ी कार्यवाही

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी श्रीमति सीमा सक्सेना के मार्गदर्शन में 6 दिसम्बर 2025 को आबकारी वृत्त गुना के प्रभारी राधाकिशन अटारिया को मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति प्रीतम वाटिका में अंग्रेजी मदिरा रख कर गया है। उक्त सूचना पश्चात प्रीतम वाटिका पर आबकारी बल सहित पहुँचकर विधिवत तलासी ली गई तो 02 पेटी अंग्रेजी मदिरा आयरलैण्ड की व्हिस्की 24 नग 750 एमएलटी पायी गई, जिसकी क्रीमत 69,840/- रुपये है। प्रीतम वाटिका के मालिक से उक्त मदिरा की पूछताछ की जा रही है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि इसमें अन्य लोग भी शामिल होने की संभावना है। फिलहाल आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक गोविंद सिंह मीणा, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी की भूमिका सराहनीय रही। गुना वृत्त में आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्यवाही में सजगता दिखा रहा है।

## उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया डॉ. अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस



**गुना।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुना में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस सामाजिक समरसता दिवस के रूप में एनएसएस एवं एबीवीपी के संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती, महापुरुष संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत विवेकानंद के चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर एबीवीपी के पदाधिकारी श्री बक्शी और शर्मा जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री बक्शी रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि श्री शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट व्याख्यान वृंदावनलाल ने बाबा साहेब का समाज, देश एवं महिलाओं के प्रति जो योगदान रहा उनकी जो भूमिका रही उस पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोविंद मीणा ने कहा कि परम पूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर समता मूलक समाज के प्रवर्तक के साथ-साथ एक व्यापक दृष्टिकोण वाले व्यक्तित्व के धनी थे। जिन्होंने बिखरे हुए समाज को एक सूत्र में पिरोने का पूरा प्रयास किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय के कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। फोटो-03

## छात्रों ने भोपाल रीजन विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में हासिल किया दूसरा स्थान

**सुसनेर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आगर मालवा के कक्षा आठवीं के छात्र अथर्व शर्मा पिता अभिषेक शर्मा शिक्षक और दिव्यांश यादव पिता देवनारायण यादव एसडीओपी ने भोपाल रीजन में आयोजित विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और सुसनेर क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी मॉडल थीम ग्रीन ऊर्जा पर आधारित परियोजना प्रस्तुत की जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा के नवाचार संबंधी महत्वपूर्ण पहलुओं को दिखाया। इस सफलता में छात्रों के विज्ञान गुरु अक्षांश आर्यन का मार्गदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। उन्होंने छात्रों को सही दिशा और तकनीकी जानकारी प्रदान कर इस उपलब्धि को संभव बनाया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों ने विज्ञान के क्षेत्र में रचनात्मक सोच और नवाचार का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि से न केवल छात्रों बल्कि पूरे विद्यालय और सुसनेर समुदाय में खुशी और गर्व का माहौल है। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी बच्चों की मेहनत और लगन की सराहना की है। इस सफलता ने युवा प्रतिभाओं को विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।



## 10 दिसम्बर को ब्यावरा में होगा अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन

**ब्यावरा।** कलमकार परिषद शाखा ब्यावरा के तत्वावधान में नगर के सुभाष चौक में आगामी 10 दिसंबर 2025 को रात 8:30 बजे से अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा. उक्त जानकारी देते हुए कवि सम्मेलन के सूत्रधार कवि डालचंद मनमौजी, आयोजक राजेंद्र खत्री साहिल ने बताया कि यह कवि सम्मेलन नगरवासियों के सहयोग से विगत 30 वर्षो से निरंतर किया जा रहा है इस बार इस कवि सम्मेलन में टेपा उपाधि प्राप्त विख्यात हास्य कवि मंच संचालक पंडित अशोक नागर शाजापुर, कवि राजेन्द्र जैन मालवी हास्य कनासिया, कवयित्री सुश्री शीतल देवयानी श्रृंगार इंदौर, कवि दिनेश अनल ओज उज्जैन, कवि कन्हैया राज मधुर गीतकार ब्यावरा, कवि मनोज दुबे गीतकार कांटाफोड़ कन्नोद, कवि मनोहर मसखरा मालवी हास्य व्यंग्यकार शुजालपुर, कवयित्री प्रियांशी पाटीदार श्रृंगार कालापीपल, कवि सचिन निडर गीतकार खाचरौद, कवि गोपाल दुस्तर गीतकार बरखेड़ा आदि काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजक व सूत्रधार कवियों ने काव्य रसिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कवि सम्मेलन के आयोजन को सफल बनाने की आव्हान किया है।

# भाजपा पार्षद प्रतिनिधि जैन पर धारदार हथियार से हमला घटना सीसीटीवी में कैद

### आरोपी के परिजनों के साथ मारपीट दोनों पक्षों पर प्रकरण दर्ज





दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 में रविवार को नगर परिषद के कार्यों को लेकर हुआ विवाद दो गंभीर घटनाओं में बदल गया। जहां पहली घटना में भाजपा पार्षद प्रतिनिधि दिलीप जैन पर धारदार हथियार से हमला किया गया वहीं दूसरी ओर कुछ घंटों बाद आरोपी पक्ष के मौसेरे भाई की दुकान पर पहुंचकर मारपीट किए जाने का मामला भी सामने आया। पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

जानकारी के अनुसार रविवार को दोपहर लगभग 12.30 बजे पार्षद प्रतिनिधि दिलीप जैन (वार्ड 8) अपने साथियों के साथ वार्ड 7 में चल रहे नगर परिषद कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी गोविंद प्रजापति के घर के सामने विवाद हुआ। आरोप है कि आरोपी ने पहले अपशब्द कहे और कथित तौर पर कहा कि वार्ड में काम कराना है तो पहले पैसा देना पड़ेगा। आपत्ति करने पर आरोपी ने चाकू से दिलीप जैन पर हमला कर दिया। हमले में उनके हाथ, गर्दन और पेट पर चोटें आईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद आगर जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उधर घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। बताया गया कि घटना के बाद कुछ लोग डाक बंगला क्षेत्र स्थित आरोपी के मौसेरे भाई धर्मेंद्र प्रजापति की दुकान पर पहुंचे और दुकान में घुसकर मारपीट की। दुकानदार का कहना है कि उनका इस विवाद से कोई संबंध नहीं है। बावजूद इसके दुकान को निशाना बनाया गया। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें तीन युवक दुकान में मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं।

**इनका कहना**

दोनो पक्षो की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**केशर राजपूत**
**थाना प्रभारी सुसनेर**

पुलिस ने फुटेज और पीड़ित की शिकायत के आधार पर मारपीट में शामिल युवकों के विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों में निष्पक्ष जांच की जा रही है। वहीं दोनों पक्षों ने अपने-अपने आरोप लगाए हैं और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## ड्यूटी पर जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर; 8 महीने के बच्चे का पिता था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास-भोपाल बायपास पर बीती रात हुए एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना शंकरगढ़ के समीप हुई। सुमित (निवासी ग्राम थूरिया पानीगांव, हाल मुकाम चूना खदान काकड़) अपनी बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। राहगीर उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के भाई ने बताया कि सुमित पिछले दो वर्षों से देवास में ही रह रहा था। वह यहां एक निजी



कंपनी में काम करता था। बीती रात वह घर से अपनी ड्यूटी के लिए ही निकला था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।

**8 महीने का बच्चा है**

सुमित शादीशुदा था और उसका आठ महीने का एक छोटा बच्चा भी है। इस आकस्मिक घटना से परिवार में मातम छा गया है। सोमवार को जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम (ढट) किया जाएगा।

**राहगीर ने पहुंचाया अस्पताल**

हादसे के बाद एक राहगीर वाहन चालक ने मानवता दिखाते हुए घायल सुमित को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## अग्निवीर साक्षी नागर का स्वागत

**देवास।** शहर के लिए गर्व का पल तब आया जब देवास की पहली महिला अग्निवीर साक्षी नागर अपनी 31 सप्ताह की कठोर सैन्य ट्रेनिंग पूरी कर देवास पहुंचीं। शहर के बस स्टैंड स्थित गुरुद्वारे पर बड़ी संख्या में पहुंचे परिजनों और नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। फूल-मालाएँ पहनाकर और जयकारों के साथ लोगों ने उनका मनोबल बढ़ाया। उटढ में अग्निवीर पद पर पदस्थ साक्षी नागर ने जैसे ही देवास की धरती पर कदम रखा परिवार के सदस्यों के साथ स्थानीय लोग भी उत्साह में दिखाई दिए। हर किसी के चेहरे पर गर्व साफ झलक रहा था। साक्षी नागर ने बताया कि सेना में भर्ती होने की प्रेरणा उन्हें अपने पिता और मामा से मिली, जिन्होंने स्वयं भारतीय सेना में सेवा की है। उन्होंने कहा कि 31 हफ्तों की ट्रेनिंग ने उन्हें एक अनुशासित, मजबूत और जिम्मेदार सैनिक बनने की दिशा में तैयार किया है। साक्षी ने इसे अपने जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और गर्व भरा अध्याय बताया। देवास की इस बेटी ने अग्निवीर के रूप में शहर का नाम रोशन किया है।

## बिजली के पोलों से हटने चाहिए अवैध होर्डिंग

**सारंगपुर।** नगर में इन दिनों विज्ञापनों के होर्डिंग लगाने की होड़ है। जिसके चलते पुराने हाईवे व मुख्य मार्गों पर लगे बिजली के खंभे व वैपर लैंपों पर भी राजनीतिक व निजी संस्थाओं ने होर्डिंग लगा दिए हैं। इस कारण बिजली कर्मचारियों को जहां काम करने में परेशानी आ रही है वहीं हादसों का कारण भी बन सकते हैं। नगर के पुराना बस स्टैंड से लेकर आकोदिश नाके तक नगर पालिका द्वारा लगाए गए वैपर लैंपों के पोलों पर होर्डिंग लगा दिए गए हैं। जिससे नगर की सुंदरता भी खराब हो रही है वहीं बिजली के पोल से खतरा भी बना रहता है। राजनीतिक लोग व निजी कॉलेज संस्थाएं कुछ रुपए देकर मजदूर वर्ग से यह बोर्ड लगवाते हैं। जिससे करंट का भी खतरा रहता है। उसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। यहां तक कि कई जगह पेड़ों को भी नहीं छोड़ा है। जिन पर कील लगाकर टांगा गया है।

### भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह बोले

## कार्यकर्ता एसआईआर के बचे कार्यों को जल्द पूरा करें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा का देवास प्रवास हुआ। इस दौरान भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के अभिनंदन पर चावड़ा ने कहा कि संगठन और कार्यकर्ता ही भाजपा की शक्ति हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह स्नेह सदैव प्रेरणा देता है।

**एसआईआर प्रक्रिया की समीक्षा की**

भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव की अगुवाई में आयोजित इस समारोह में जयपाल सिंह चावड़ा ने प्रदेश संगठन की मंशा के अनुरूप एसआईआर प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बचे कार्यों को जल्द पूरा करने का आह्वान किया। चावड़ा ने संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की और कार्यकर्ताओं से बातचीत की। जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने जयपाल सिंह के साथ अपने अनुभवों का उल्लेख किया। इस अवसर पर देवास-शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी और बागली विधायक मुरली भवरा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बहादुर मुकाती, नंदकिशोर पाटीदार, जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, विजय सिंह पवार, पूर्व महापौर शरद पाचुनकर, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री महेश पाटीदार, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह गोहिल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, भेरूलाल अटारिया, शीतल गेहलोद सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान मोर्चा के सदस्य मौजूद रहे।

### ट्रांसफर रूकवाने हाईकोर्ट पहुंचे प्राथमिक शिक्षक को उच्च न्यायालय से नहीं मिली राहत

## 5 माह से नवीन पदस्थापना पर नही पहुंचे शिक्षक मंगलसिंह

### बालक आश्रम से 16 जून 25 को बालक सीनियर हॉस्टल उदयपुरी हुआ है शिक्षक का ट्रांसफर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

आदिम जाति कल्याण विभाग गुना में एक शिक्षक का मामला चचाओं का विषय बना हुआ है। वह मामला ट्रांसफर का है जिसमें कार्यालय कलेक्टर जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास जिला गुना के आदेशानुसार विभागीय स्थानांतरण नीति अनुसार तीन प्राथमिक शिक्षकों को बालक आश्रमों से जिले की अन्य संस्थाओं पर ट्रांसफर किया था। इसमें से एक शिक्षक अपना ट्रांसफर रूकवाने हाईकोर्ट पीटिशन दायर करने पहुंचा।

जहां न्यायालय ने 4 जुलाई 25 को सुनवाई करते हुए कोई राहत नही दी। इसी बीच विभाग ने ट्रांसफर नियमों का पालन करते हुए 2 जुलाई 25 को शासकीय जनजातीय बालक आश्रम अंग्रेजी माध्यम से कार्यमुक्त कर दिया। इसके बावजूद भी शिक्षक मंगलसिंह आज तक नवीन पदस्थापना संस्था पर नही पहुंचे और डीओ ट्रायवल को गुमराह कर पढ़ाने की जगह ऑफिस में खानापूर्ति कर बच्चों की शिक्षा में देने वाला कीमती टाइम व्यर्थ निकाल रहे हैं जो स्थानांतरण नीति के विपरीत है।

दरअसल पूरा मामला ये है कि एक शिक्षक अपने कर्तव्यों का पालन करने से बचने के लिए हाई कोर्ट ग्वालियर में स्थानांतरण को चुनौती देकर स्थगन आदेश (स्टे ऑर्डर) प्राप्त करने पहुंच गया। जहां मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में अपने वकील के जरिए डब्ल्यूपी संख्या 22437/2025 मंगल सिंह शर्मा बनाम मध्य प्रदेश राज्य एवं अन्य के विरूद्ध याचिका दायर कर दी। जिसमें दिनांक 16.06.2025 के स्थानांतरण आदेश को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता का स्थानांतरण बालक वरिष्ठ, अनुसूचित जनजाति छात्रावास, उदयपुरी, जिला गुना में कर दिया गया है। बच्चों के निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 27 का हवाला देते हुए, उन्होंने तर्क दिया कि किसी भी शिक्षक को किसी भी गैर-शैक्षणिक उद्देश्य में तैनात नहीं किया जा सकता है। इस पर प्रतिवादियों के विद्वान वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। वहीं याचिकाकर्ता के वकील ने अंतरिम राहत के लिए अपनी प्रार्थना पर जोर दिया।

इस पर सरकारी वकील ने न्यायालय के सामने पक्ष रखते हुए कहा कि याचिकाकर्ता के स्थान पर पहले ही अन्य पदाधिकारी की नियुक्ति हो चुकी है, इसलिए इस स्तर पर याचिकाकर्ता को कोई अंतरिम राहत नहीं दी जा सकती। इसके लिए न्यायालय द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया। इस तरह याचिकाकर्ता प्राथमिक शिक्षक मंगलसिंह ने ग्वालियर हाईकोर्ट में पेश किए गए याचिका के दस्तावेज अपने अधिकारी को गुमराह करते हुए स्टे ऑर्डर के रूप में जमा कर दिए गए हैं, जबकि उन्हें हाईकोर्ट से कोई राहत नही मिली। वहीं दूसरी ओर डीओ ट्रायवल बी सिसोदिया ने भी उनसे आज तक अंतिम ऑर्डर नहीं मांगा और वह उक्त शिक्षक को अपने ऑफिस में ही नियमों को ताक पर रखकर अटैच कर रखे हैं। सवाल ये भी है कि शिक्षक की सर्वोच्च प्राथमिकता शिक्षण कार्य होना चाहिए, लेकिन इसके बजाय वह अपने कर्तव्यों से बचने के लिए कानूनी रास्ते तलाश रहा है।

**इनका कहना है**

हाँ ये हमारा अंग्रेजी माध्यम शिक्षक आश्रम शाला गुना में पदस्थ हैं। चूकि उनका जिला स्तरीय स्थानांतरण ट्रांसपर हुआ है, लेकिन उनका जो न्यायालयीन प्रकरण वर्तमान में विचाराधीन होने के कारण वो उस संस्था में भी ज्वाइन नही कर रहे हैं। कोर्ट के निर्णय के बाद में जो भी कोर्ट आदेशित करेगा उस हिसाब से आगे की कार्यवाही की जाएगी। पूर्व की संस्था से रिलीव कर चुके हैं, वे अभी कार्यालय में सलंग्न हैं।

**श्री सिसोदिया, डीओ ट्रायवल गुना**




## विकासखंड स्तर पर दिव्यांग बच्चो ने दिखाया सामर्थ्य

**सारंगपुर।** विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष में दिव्यांग बच्चों की विकासखंड स्तरीय खेलकूद एवं सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र सारंगपुर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीआरसी बीएल वर्मा द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया। बीआरसी श्री वर्मा ने बताया कि दिव्यांग किसी से काम नहीं होते जो जिस विद्या में अच्छे से कार्य करते हैं उन बच्चों को उसका ज्यादा से ज्यादा प्रयास करवाये। बीएसी जगदीश शर्मा ने बच्चो को रोज स्कूल भेजने ओर बच्चो को उच्च स्थान प्राप्त कर सफल होने की बधाई दी गई। खेलकूद प्रतियोगिता में एमआरसी रामकृष्ण पाटीदार द्वारा अलग-अलग विधाओं जैसे- रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, नींबू रेस, चेयर रेस, गायन आदी प्रतियोगिता संपन्ना करवाई। प्रतियोगिता में 53 बच्चों ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम ऋतु भिलाला, द्वितीय सलोनी एवं प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में प्रथम स्थान माही, द्वितीय स्थान आकाश तृतीय तेजस्व, चेयर रेस में प्रथम स्थान शेखर, द्वितीय आयान तृतीय सुहाना ने स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रथम रिया, द्वितीय इशिका, तृतीय राहमीन, निम्बू रेस में कृतिका प्रथम महिमा द्वितीय एवं हसनेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका ऋतु ने डांस में सभी का मन मोह लिया। वैभव द्वारा भी डांस में सबका ध्यान केंद्रित किया। एमआरसी पाटीदार ने शासन की समस्त योजना पालक को बताई एवं संशाधन केंद्र का भृमण भी करवाया गया। चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए गए एवं सम्मिलित अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। चयनित प्रतिभागियों को 6 दिसंबर को जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए भेजा जाएगा।

## पीएमश्री स्कूल भ्याना में नि:शुल्क गणवेश वितरण, बच्चों के चेहरे खिले



**सांगपुरर।** समीपवर्ती ग्राम भ्याना के पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को आयोजित निशुल्क गणवेश वितरण कार्यक्रम ने बच्चों के चेहरों पर खुशी बिखेर दी। विद्यालय ने कक्षा 1 से लेकर कक्षा आठ तक के 350 विद्यार्थियों से अधिक विद्यार्थियों को निःशुल्क यूनिफॉर्म प्रदान की, जिससे शिक्षा के प्रति उत्साह और अनुशासन दोनों में बढोतरी देखने को मिली। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि यह पहल न केवल विद्यार्थियों में समानता का वातावरण स्थापित करेगी बल्कि उन्हें एकरूपता और आत्मविश्वास के साथ विद्यालय आने के लिए प्रेरित भी करेगी। बच्चों को गणवेश पहनकर ही स्कूल आने का संदेश दिया गया, ताकि विद्यालय में अनुशासन की मजबूत परंपरा कायम रह सके। सिर्फ गणवेश वितरण ही नहीं, बल्कि छोटे बच्चों के लिए स्कूल परिसर में रस्क पट्टी, झूले और अन्य खेल संसाधन भी उपलब्ध कराए गए हैं। इससे प्राथमिक कक्षाओं के छात्र अब विद्यालय आने में अधिक रुचि दिखा रहे हैं और खेल-खेल में सीखने का वातावरण बन रहा है। कार्यक्रम में प्राचार्य रामसिंह कटारे, विद्यालय स्टाफ सहित बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। ग्रामीण क्षेत्र के इस विद्यालय की यह पहल शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम मानी जा रही है।

## दुग्ध समृधि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण माह दिसम्बर में प्रस्तावित

**राजगढ़।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के पशुपालकों के पशुओं का दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान तीन चरणों में सम्पन्न होगा। जिसका प्रथम चरण 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक चलाया गया था। द्वितीय चरण माह दिसम्बर में प्रस्तावित है। जिसमें पशुपालन विभाग का मैदानी अमला पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी, मैत्री, गौसेवक 5 से 9 तक गााय, भैंस रखने वाले पशुपालकों के घर- घर जाकर संपर्क करेंगें एवं उनको पशु पशुपोषण, पशु स्वास्थ्य, पशुओं में देवा का महत्व एवं नस्ल सुधार जैसे विषयों पर पशुपालकों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही पशुओं में टेग हैं या नहीं, इसकी जानकारी भी एकत्र की जाएगी। इस कार्यक्रम हेतु जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया गया, जो मैदानी अमले को विकासखण्ड स्तर पर प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदाय करेंगे एवं जिला स्तर पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारी जिला पंचायत की पर्यवेक्षण में अधिकतम 30 से 40 के समूह में बांटकर प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान नामक ऐप तैयार किया गया है। जिसमें प्रतिदिन मैदानी अमले द्वारा पशुपालक से संपर्क करने पर प्राप्त जानकारी भरी जाएगी। इस जानकारी अनुसार विकासखण्ड से लेकर राज्य स्तर तक के अधिकारीयों द्वारा अभियान में सम्पादित कार्य का सत्यापन भी किया जाएगा।उन्होंने समस्त पशुपालकों से अपेक्षा कि है कि इस अभियान में पशुपालन विभाग के मैदानी अमले का जो आपके घर आएगें उनको पूर्ण सहयोग करें। जिससे इस अभियान का लक्ष्य पूरा हो सके।



हल्का गर्म पानी शरीर को अंदर से साफ करता है, जिससे स्वास्थ्य पर गहरा सकारात्मक असर होता है। गर्म पानी के सेवन से पाचन दुरुस्त रहता है, खून साफ होता है, वजन नियंत्रित रहता है और त्वचा हाइड्रेट होती है।

# गर्म पानी पीते ही शरीर से निकलेंगे जहरीले टॉक्सिन

## 7 दिन में दिखेगा चमत्कारी असर!

गर्म पानी शरीर को भीतर से साफ करने का सबसे आसान और सटीक प्राकृतिक उपाय है। प्रत्येक दिन हर सुबह सिर्फ एक गिलास पानी शरीर से टॉक्सिन और भारीपन को बाहर निकालता है और कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव करता है।हम रोजाना क्या खाते हैं, कैसी लाइफस्टाइल जीते हैं और कितनी देर बैठते हैं, ये सब हमारे शरीर में ऐसे टॉक्सिन जमा कर देते हैं, जो धीरे-धीरे बीमारियों की वजह बनते हैं। लेकिन अच्छी बात यह है कि शरीर को शुद्ध रखने के लिए हमेशा महंगे डिटॉक्स ड्रिंक्स की जरूरत नहीं रहती।

हल्का गर्म पानी एक साधारण-सा उपाय हमारे पाचन, मेटाबॉलिज्म, त्वचा और रक्त शुद्धिकरण का असली हीरो है। गर्म पानी हमारे शरीर में जमा गंदगी को पिघला कर बाहर निकाल देता है और अंगों को सुचारू रूप से काम करने में मदद करता है। आयुर्वेद में भी इसे सबसे सरल डिटॉक्स थैरेपी माना गया है। आइए जानते हैं गर्म पानी के फायदे और कैसे करें इसका सेवन।



### पाचन को सुधारता और पेट साफ रखता है

गर्म पानी पीने से आंतों में जमा अपूर्ण पचा भोजन नरम होकर निकल जाता है। इसके सेवन से सिरदर्द, बदहजमी, गैस और कब्ज धीरे-धीरे सब खत्म हो जाता है। सुबह खाली पेट गर्म पानी पेट सही शुरूआत देता है।

### वजन घटाने में कारगर

गर्म पानी मेटाबॉलिज्म बढ़ाता है और फैट ब्रेकडाउन तेज होता है। विशेष रूप से नींबू या शहद के साथ लेने पर वजन घटाने में तेजी आती है।

### रक्त में जमा विषाक्त पदार्थ बाहर निकालता है

गर्म पानी ब्लड सकुर्लेशन ठीक रखता है और लिवर व किडनी को डिटॉक्स करने में बड़ा रोल निभाता है। इससे चेहरा भी चमकता है और त्वचा पर ग्लो आता है।

### बलगम हटाने और सर्दी-जुकाम में आराम

गर्म पानी बलगम को पतला करता है और गले-सीने की दिक्कत कम करता है। सर्दी-जुकाम के मौसम में यह दवा से ज्यादा असरदार साबित हो सकता है।

### नींद बेहतर होती है, तनाव कम

रात को सोने से पहले 1 कप गर्म पानी मांसपेशियों को रिलैक्स करता है और गहरी नींद लाता है। इससे तनाव, थकान और चिड़चिड़ापन कम होता है।

### त्वचा को जवान रखता है

गर्म पानी त्वचा की कोशिकाओं को पुनर्जीवित करता है। डिटॉक्स होने से मुंहासे, डार्क स्पॉट, झाइयां आदि कम होती हैं और स्किन में नैचुरल ग्लो दिखता है।

### गर्म पानी पीने का सही तरीका

संपूर्ण फायदे के लिए सुबह उठते ही 1 या 2 गिलास गर्म पानी पीना चाहिए। ध्यान रखें कि पानी बहुत गरम नहीं, बस गुनगुना या हल्का गर्म हो।

- इसके अलावा खाने के 30 मिनट बाद गुनगुना पानी पीएं।
- पूरे दिन में थोड़ा-थोड़ा घूंट-घूंट करके गुनगुना पानी भी पी सकते हैं।
- रात को सोने से पहले 1 कप गर्म पानी का सेवन करना शरीर को ज्यादा स्वास्थ्य लाभ देता है।

### किसे सावधानी बरतनी चाहिए?

- हार्टबर्न या एसिडिटी से परेशान हैं तो सावधानी से गर्म पानी का सेवन करें।
- ज्यादा गर्म पानी पीने से दांतों का एनामेल प्रभावित हो सकता है।
- डायबिटीज रोगी या हृदय रोगी डॉक्टर से सलाह लेकर ही गुनगुने पानी का सेवन शुरू करें।

अक्सर ऐसा देखने को मिलता है कि ठंड के दिनों में डायबिटीज के मरीजों का ब्लड शुगर लेवल तेजी से बढ़ने लगता है। ऐसा होने के पीछे कई कारण है, आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं, साथ ही ये भी जानेंगे बचाव के लिए क्या कर सकते हैं?

# सर्दियों में ब्लड शुगर क्यों बढ़ने लगता है? जान लें इसके पीछे की वजह

सर्दियों का मौसम डायबिटीज के मरीजों के लिए अक्सर एक बड़ी चुनौती लेकर आता है, क्योंकि इस दौरान उनका ब्लड शुगर लेवल अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगता है। यह केवल खानपान की आदतों के कारण नहीं होता, बल्कि इसके पीछे कई जटिल शारीरिक और जीवनशैली से जुड़े कारण होते हैं। पहला और सबसे महत्वपूर्ण कारण है शारीरिक गतिविधि में कमी। ठंडे मौसम के कारण लोग घर के अंदर अधिक समय बिताते हैं और उनकी रोजाना की कसरत कम हो जाती है।

जब शरीर निष्क्रिय होता है, तो मांसपेशियां रक्त से ग्लूकोज को अवशोषित नहीं कर पाती, जिससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है। दूसरा प्रमुख कारण है ठंड के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया। शरीर खुद को गर्म रखने के लिए तनाव हार्मोन जैसे कोर्टिसोल और एड्रेनालिन का उत्पादन बढ़ाता है। ये हार्मोन ग्लूकोज के उत्पादन को उत्तेजित करते हैं, जिससे इंसुलिन की संवेदनशीलता कम हो जाती है और शुगर लेवल बढ़ जाता है। इन शारीरिक और व्यवहारिक बदलावों को समझना सर्दियों में डायबिटीज को नियंत्रित करने की पहली कुंजी है।

### डिहाइड्रेशन और रक्त का गाढ़ापन

सर्दियों में प्यास कम लगती है, जिससे लोग अक्सर पानी कम पीते हैं और शरीर में डिहाइड्रेशन होने लगता है। जब शरीर में पानी की कमी होती है, तो खून अधिक गाढ़ा हो जाता है। इसकी वजह से खून में ग्लूकोज की सांद्रता बढ़ जाती है, जिससे शुगर लेवल बढ़ा हुआ दिखाई देता है। पर्याप्त पानी पीना इस समस्या से बचने का एक सरल तरीका है।

### इंसुलिन संवेदनशीलता में बदलाव

ठंड के कारण शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव जैसे कोर्टिसोल का बढ़ने के कारण कोशिकाएं इंसुलिन के प्रति कम संवेदनशील हो जाती हैं। इसका मतलब है कि शरीर में इंसुलिन मौजूद होने के बावजूद, यह ग्लूकोज को कोशिकाओं में प्रभावी ढंग से प्रवेश नहीं करा पाता। इस इंसुलिन प्रतिरोध



के कारण भी शुगर का लेवल उपर चला जाता है।

### मौसमी संक्रमण

ठंड के मौसम में जुकाम, फ्लू और अन्य वायरल संक्रमण आम हो जाते हैं। जब शरीर किसी संक्रमण से लड़ रहा होता है, तो तनाव हार्मोन और साइटोकिन्स का स्राव बढ़ जाता है। ये दोनों चीजें शुगर लेवल को बढ़ा देती हैं।

### बचाव के उपाय

सर्दियों में बढ़ते ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने के लिए आपको कुछ सावधानियां बरतना जरूरी है। सबसे पहले शारीरिक गतिविधि को न छोड़ें। ठंड होने पर भी घर के अंदर योगा, ट्रेडमिल या हल्की-फुल्की वॉक जरूर करें। दूसरा हाइड्रेशन पर विशेष ध्यान दें, गुनगुना पानी, हर्बल टी, या मसालेदार छाछ पिएं। तीसरा, आहार में हाई कार्बोहाइड्रेट्स वाले आरामदायक भोजन और मीठे स्नैक्स को सीमित करें, और उनकी जगह सब्जियां और फाइबर युक्त भोजन बढ़ाएं। अंत में नियमित रूप से अपनी शुगर की जांच करें और मौसम में बदलाव के साथ दवा की खुराक या जीवनशैली में जरूरी बदलाव के लिए अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

### आहार और कार्बोहाइड्रेट का सेवन

सर्दियों में अक्सर लोग गरमागरम और आरामदायक खाद्य पदार्थ जैसे पकौड़े, मीठी चाय, गाजर का हलवा या अन्य हाई कार्बोहाइड्रेट और फैटी भोजन का सेवन अधिक करते हैं। ये खाद्य पदार्थ तेजी से पचते हैं और ब्लड शुगर लेवल में अचानक उछाल लाते हैं। इसके विपरीत गर्मियों में हल्के फल और सलाद का सेवन अधिक होता है। इस मौसमी आहार परिवर्तन से ब्लड शुगर को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है।

# Sport

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 सीरीज में शुभमन गिल की वापसी से टॉप ऑर्डर में मजबूती मिलेगी। गिल को टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के दौरान गर्दन में चोट लगी थी। इसके बाद वह दूसरा टेस्ट और पूरी वनडे सीरीज में नहीं खेल पाए। उनकी वापसी से फैंस खुश हैं।

# शुभमन गिल की टीम इंडिया में वापसी, कटक टी20 से पहले स्क्वॉड से जुड़े



गिल कटक पहुंचे और टीम के साथ पहले टी20 मुकाबले की तैयारी शुरू की। गर्दन में चोट के कारण वे टेस्ट और वनडे सीरीज से बाहर थे। यह चोट उन्हें कोलकाता में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान लगी थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती भी करना पड़ा था।

**कटक।** भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने आखिरकार टीम इंडिया ज्वॉइन कर ली है। रविवार, 7 दिसंबर को गिल कटक पहुंचे और टीम के साथ पहले टी20 मुकाबले की तैयारी शुरू की। गर्दन में चोट के कारण वे टेस्ट और वनडे सीरीज से बाहर थे। यह चोट उन्हें कोलकाता में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान लगी थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती भी करना पड़ा था।

### सीओई में हुआ पूरा रिहैब, फिटनेस टेस्ट पास

चोट के बाद गिल ने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैब पूरा किया। उन्हें प्रोग्रेसिव बैटिंग सेशंस, ग्राउंड कंडीशनिंग और फिटनेस ड्रिल्स से गुजरना पड़ा। मेडिकल टीम के मुताबिक, गिल ने सभी फिटनेस पैरामीटर्स सफलतापूर्वक पास कर लिए हैं और अब वे तीनों फॉर्मेट में खेलने के लिए फिट घोषित हो चुके हैं। टीम बस में अभिषेक शर्मा के साथ बैठे गिल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर फैंस उनकी वापसी से बेहद खुश हैं।

### गिल की कमी खली टीम इंडिया को

गिल की अनुपस्थिति भारत के लिए खासकर टेस्ट सीरीज में बड़ी साबित हुई। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 2-0 से क्लीन स्वीप किया। हालांकि, वनडे में भारत ने वापसी करते हुए 2-1 से सीरीज जीत ली, लेकिन गिल की बैटिंग टॉप ऑर्डर में हमेशा फर्क डाल सकती है।

### अब फोकस टी20 सीरीज पर

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज नौ दिसंबर से कटक के बाराबती स्टेडियम में शुरू होगी। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव अभी तक टी20 में अपराजित रहे हैं और टीम इसी लय को जारी रखना चाहेगी। भारत ने 2024 टी20 वर्ल्ड कप फाइनल और 2024 में दक्षिण अफ्रीका में हुई अवे सीरीज दोनों में ही प्रोटियाज को हराया था, इसलिए यह मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है। मैच मंगलवार को शाम सात बजे शुरू होगा और टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी शाम साढ़े छह बजे होगा।

# इस खूबसूरत टेनिस खिलाड़ी और मॉडल के साथ नजर आए युवराज

## हरभजन बोले- घर जाना है या नहीं!

फैंस भी इन तस्वीरों पर युवराज पर चुटकी ले रहे हैं। एक ने लिखा- ये किस लाइन में आ गए हो सर। वहीं, दूसरे ने युवराज की पत्नी हेजल कीच को टैग करते हुए लिखा- देखो भाभी जी।


**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह के एक फोटोशूट ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। इसमें वह एक विदेशी महिला के साथ नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस महिला को कोई नहीं पहचान सका है। युवराज समंदर के बीच एक जहाज पर उनके साथ फोटोशूट कराया।



युवराज और उस महिला के अलावा कई और मॉडल्स भी नजर आईं। इस फोटोशूट में युवराज समेत सभी 'बीच वियर' में दिखे।

ग्रुप फोटोज के अलावा इसमें युवराज की एक महिला के साथ अलग से फोटोज भी दिखीं, जिससे फैंस चौंक गए। फैंस का सबसे ज्यादा ध्यान उन फोटोज पर ही गया।

अपने इंस्टाग्राम पेज पर एनेलिया ने अपनी बायो में टेनिस, स्पोर्ट्स मीडिया और एक्टर अपडेट किया हुआ है। एनेलिया पहले टेनिस खेलती थीं, लेकिन अब वह मॉडलिंग, एंकरिंग और एक्टिंग में किस्मत आजमा रही हैं।



फ्रेजर लगातार टेनिस और मॉडलिंग से जुड़े अपने खास तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 44 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

उन्होंने युवराज के साथ एक ऐड कैंपेन के तहत फोटोशूट कराया। यह ऐड कैंपेन फाइनो टैकिला नाम की कंपनी का है, जिसके युवराज ब्रांड एंबेस्डर हैं।

एनेलिया इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और ग्लैमरस फोटोज शेयर करती रहती हैं। उनकी बिकनी में भी कई फोटोज हैं और अलग अलग कपड़ों में अपनी बोल्ड लुक की कई तस्वीरें साझा की हैं।

# भारतीय टीम पर जुर्माना, द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मिली सजा

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रायपुर में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में धीमी ओवर गति के लिए सोमवार को भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा वनडे मैच जीतकर तीन मैच की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी थी, लेकिन भारत ने विशाखापत्तनम में तीसरा एकदिवसीय जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की।

मैच रैफरी के एलीट पैनल में शामिल रिची रिचर्डसन ने जुमार्ना लगाया क्योंकि लोकेश राहुल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर



कम फेंके थे। खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी की आचार संहिता के न्यूनतम ओवर गति से संबंधित अपराधों से जुड़े नियम 2.22 के अनुसार निर्धारित समय में टीम जितने ओवर कम फेंकती है उसके खिलाड़ियों पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुमार्ना लगाया जाता है।

रोहित और कोहली ने फिर दिखाया है कि फॉर्म समय के साथ बदलती है, पर क्लास हमेशा अमर रहती है। ये दोनों सिर्फ खिलाड़ी नहीं, भारतीय क्रिकेट की धरोहर हैं।

# खत्म हो गए? रोहित-कोहली ने बताया- उनमें अभी काफी क्रिकेट बाकी है!

**नई दिल्ली।** कुछ महीने पहले तक सोशल मीडिया और क्रिकेट जगत में चर्चा थी कि क्या टेस्ट और टी20 से संन्यास ले चुके रोहित शर्मा और विराट कोहली अभी भी भारत की वनडे टीम में फिट बैठते हैं? न तो ये दोनों घरेलू टूनार्मेंट्स खेलते हैं और न ही 2027 वनडे विश्व कप को लेकर कमिटमेंट दे पा रहे हैं। ऐसे में बीसीसीआई और चयनकताओं ने रोहित और कोहली के भविष्य पर बात करने के लिए मीटिंग तक बुला ली। बात हुई कि क्या नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को मौका देने के लिए इन दोनों लेजेंड्स को किनारे किया जाना चाहिए? लेकिन पिछले दो सीरीज ने ये साफ कर दिया है कि क्लास कभी आउटडेटेड नहीं होती और अनुभव पर शक करना विश्व क्रिकेट की सबसे बड़ी गलती होती है।



### ऑस्ट्रेलिया की जमीन पर रोहित शर्मा का जलवा

ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर रनों की बारिश करना हमेशा चुनौती माना जाता है। उछाल, गति और विदेशी परिस्थितियां बल्लेबाजों की असली परीक्षा लेती हैं, लेकिन रोहित शर्मा ने अपनी शांत बल्लेबाजी और शानदार टाइमिंग से सब कुछ आसान बना दिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों में रोहित शर्मा ने 202 रन बनाए और औसत 101 का रहा। नतीजा? उन्हें सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उनकी बल्लेबाजी में वही पुराना आत्मविश्वास और लय दिखी जिसने उन्हें पहले भी एक बड़ा मैच विजेता बनाया है।

इस दौरे पर रोहित ने पहले वनडे में आठ रन बनाए, लेकिन इसके बाद उनका बल्ला बोला। उन्होंने एडिलेड में दूसरे वनडे में 97 गेंद में 73 रन की पारी खेली। इस पारी में सात चौके और दो छक्के शामिल थे। इसके बाद सिडनी में तीसरे वनडे में रोहित ने 125 गेंद में 13 चौके और तीन छक्के की मदद से 121 रन की नाबाद पारी खेली। उनका फॉर्म दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भी जारी रहा। भले ही वह इस सीरीज में कोई शतक नहीं लगा सके, लेकिन तीन मैचों में 48.67 की औसत के साथ 146 रन बनाकर वह सीरीज में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।

### दक्षिण अफ्रीका में कोहली की बादशाहत

भारत लौटते ही मंच बदला, गेंदबाज बदले, लेकिन विराट कोहली का अंदाज वही रहा। शांत, सचेत और फिर अचानक विस्फोटक। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन पारियों में कोहली ने 302 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 151 का रहा। इन पारियों के साथ आई एक उपलब्धि। कोहली ने सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। यह सिर्फ रन नहीं थे, यह एक याद दिलाना था कि कोहली सिर्फ खिलाड़ी नहीं, क्रिकेट के असली किंग हैं।

बोरिंग कार्य रोकने पर बिफरा पड़ोसी

# पिस्टल लहराकर व्यवसायी पर हमला–बट मारकर किया घायल



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इन्दौर

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात बोरिंग कार्य को लेकर बड़ा विवाद हो गया। बोरिंग करा रहे एक व्यवसायी पर पड़ोसी अपने बेटों के साथ अचानक आक्रामक हो गया और पिस्टल निकालकर खुलेआम धमकाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने व्यवसायी के सिर पर पिस्टल की बट से वार कर घायल कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, ब्रूक बांड कॉलोनी, माणिकबाग निवासी सद्दाम पिता नौशाद खान, जो क्रॉकरी व बर्तन के व्यवसायी हैं, अपने भाई मोहम्मद परवेज के विजय नगर माणिकबाग रोड स्थित प्लॉट पर 4 दिसंबर की रात बोरिंग का काम करा रहे थे।

इसी दौरान उसी इलाके का रहने वाला हैदर पिता नुरूल शेख अपने बेटों अब्दुल शेख और जीशान शेख के साथ कार में सवार होकर मौके पर पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हैदर ने आते ही सद्दाम को गालियां देना शुरू कर दिया और बोरिंग का काम बंद करने को कहा। बहस बढ़ने पर हैदर ने अचानक पिस्टल निकाल ली और उसे लहराते हुए धमकी दी कि यदि बोरिंग बंद नहीं की तो गंभीर अंजाम भुगतना पड़ेगा। सद्दाम ने जब आपत्ति जताई और धमकी का कारण पूछा, तो आरोपी बिफर गया और पिस्टल की बट से हमला कर दिया। हमले में सद्दाम घायल हो गया।

# फर्जी मतदान रोकने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत लापता मतदाताओं के नाम सार्वजनिक कराने और फर्जी मतदान रोकने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने सोमवार को छावनी चौराहे पर इस अभियान की शुरूआत की। कौशल ने बताया कि एसआईआर की स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार इंदौर की सभी विधानसभा क्षेत्रों में 100% सर्वे पूरा हो गया है, लेकिन निर्वाचन कार्यालय ने अब तक संदिग्ध या लापता मतदाताओं की सूची सार्वजनिक नहीं की है।

श्री श्री देवी तारा महा श्मशान निवासनी देवी तारा कृपा
48 वर्ष पुराना तंत्र, मंत्र, यंत्र ज्योतिष कार्यालय, इंदौर
पंडित प्रहलाद सूर्यवंशी ज्योतिषाचार्य
ज्योतिष कार्यालय गुगल पर देंखे
देवी तारा, देवी महाकाली, महाशमशानी साधक महावशीकरण, कोर्ट कचहरी, तलाक, गुप्त शत्रु, सास-बहू विवाद, प्रेमी-प्रेमिका का महावशीकरण, गंभीर से गंभीर रोग, जादू टोना, महाशमशानी तंत्र-मंत्र क्रिया, सौतन दुश्मन छुटकारा, मनपसंद शादी।
नोटः जन्म कुंडली, फोटो, हस्तरेखा और अन्य परामर्श शुल्क 1000 अनिवार्य, फोन पर परामर्श शुल्क 3000 अनिवार्य, सात दिन में काम नहीं होने पर 30 प्रतिशत ब्याज सहित पैसा वापस, 101 प्रतिशत ग्यारेंटेड समाधान।
नोटः दिपावली पर 88 लाख महामंत्र से महासिद्धी यंत्र और श्री श्री देवी महालक्ष्मी सिद्ध महायंत्र, 88 लाख महामंत्रों से।
नोटः यंत्र के लिए 3 दिन पहले संपर्क करें।
पताः एमजी रोड, कमिश्नर कार्यालय, जिला कोर्ट गेट नंबर एक के सामने, 34 महतानी मार्केट इंदौर
मोबाइलः 7828672574, 8817546028
समयः प्रातः 11 से रात्रि 9:00 बजे तक एवं रविवार को दोपहर 3:00 बजे से 8:00 बजे तक खुला रहेगा।
नोटः सभी धर्म और जाती के लोग पूर्व समय लेकर निसंकोच मिले।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नही चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718




कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

अमरूद बेचना है
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

कृषि भूमि बेचना है
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन.. सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

दैनिक अवन्तिका वर्गीकृत
■ 10 दिन 1000/-
■ 20 दिन 1500/-
■ 1 माह 2000/-
- सम्पर्क करें-
0734-4041777
0731-4085777
77710-90777
विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280




मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com